रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, शनिवार 27 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 109

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.7 | 27.9 |
| जमशेदपुर | 35.1 | 26.5 |
| डालटनगंज | 34.8 | 26.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 64,700 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

## ब्रीफ खबरें

### ओडिशा में पटरी से उतरी मालगाड़ी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार सुबह एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए. रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि मालगाड़ी के डिब्बों के पटरी से उतरने की घटना सुबह हुई, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है. रेलवे की टीमें ट्रैक बहाल कर दिया. ट्रेनों का आवागमन शुरू हो गया है.

### आम आदमी की आकांक्षाओं पर की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने केंद्र सरकार पर बजट के माध्यम से आम लोगों की आकांक्षाओं पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' करने का आरोप लगाया. इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी एवं असमानता को दूर करने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए अधिक बजटीय प्रावधान, दक्षिण के राज्यों पर अधिक ध्यान देने, निजी निवेश को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर गौर करने की आवश्यकता पर बल दिया.

### असम का 'मोइदम' विश्व धरोहर सूची में

**नयी दिल्ली।** असम में अहोम वंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था 'मोइदम' को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया. इसी के साथ 'मोइदम' इस सूची में जगह बनाने वाली पूर्वोत्तर भारत की पहली सांस्कृतिक संपत्ति बन गई.

### कांवड़ मामले में बढ़ी अंतरिम रोक

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था.

### राहुल गांधी मानहानि मामले में कोर्ट में पेश

**सुल्तानपुर (उप्र)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मानहानि के एक मामले में शुक्रवार को सुल्तानपुर की सांसद-विधायक (एमपी/एमएलए) अदालत में पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया. मामले में अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी.- **पेज 12 भी देखें**

### सेंसेक्स 1,293 अंक उछला, झूमा बाजार

**नयी दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,293 अंक का उछाल दर्ज किया गया. तेजी के बीच एनएसई निफ्टी भी 24,834 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ. बाजार दिन झूमता रहा.

# अनुराग गुप्ता बने झारखंड के नए डीजीपी

## मौजूदा डीजीपी अजय कुमार सिंह बनाए गए पुलिस हाउसिंग के प्रबंध निदेशक, प्रशांत सिंह बने डीजी वायरलेस

**सौरभ सिंह। रांची**

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग गुप्ता को झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. शुक्रवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई.

गृह, कारागार एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया, आईपीएस अनुराग कुमार गुप्ता, महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग (अतिरिक्त प्रभार महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखंड) को अगले आदेश तक पुलिस महानिदेशक, झारखंड का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है. गुप्ता 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं. वह राज्य पुलिस प्रमुख के रूप में 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह की जगह लेंगे. सिंह को 11 फरवरी 2023 को उनके पूर्ववर्ती नीरज सिन्हा की सेवानिवृत्ति के बाद राज्य का डीजीपी बनाया गया था. उन्हें अब झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात किया गया है.

जारी अधिसूचना के मुताबिक, पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एमडी प्रशांत सिंह को डीजी वायरलेस बनाया गया है. बता दें कि पिछले साल सिंह की नियुक्ति से राज्य में डीजीपी की नियुक्ति को लेकर जारी विवाद खत्म हो गया था, क्योंकि जनवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा के खिलाफ अवमानना याचिका का निपटारा कर दिया था. याचिका में आरोप लगाया गया था कि सिन्हा 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत्त होने के बाद भी डीजीपी के पद पर बने हुए हैं. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने तब राज्य को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के मापदंडों पर ध्यान देने का निर्देश दिया था.

### बोले डीजीपी

- आपराधिक घटना होने पर मौके पर पहुंचे पुलिस, विधि व्यवस्था, साइबर क्राइम और महिलाओं की सुरक्षा पर रहेगी विशेष नजर



शुक्रवार को नए डीजीपी को कार्यभार सौंपते पुराने डीजीपी

### पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर

तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता ने राज्य के डीजीपी का शुक्रवार को अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया. निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया. पदभार संभालते ही डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि विधि व्यवस्था, नारकोटिक्स के मामले, साइबर क्राइम, अपराधिक घटना को रोकने और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष नजर रहेगी. अनुराग गुप्ता ने मीडिया बातचीत करते हुए कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर पुलिस मौके पर तुरंत पहुंचे. पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जाएगा. सबसे ज्यादा जरूरी है कि थाना पहुंचने पर लोगों की बात को अच्छे तरीके से सुना जाए. इस दौरान कमजोर वर्ग, खासकर वृद्ध और महिलाओं के मामलों को संवेदनशीलता के साथ जांच किया जाएगा. उन्होंने कहा कि पुलिस सिस्टम को मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. प्रतिनियुक्ति पर विशेष सावधानी बरती जाएगी. साथ ही इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा कि पारदर्शिता के साथ ट्रांसफर-पोस्टिंग हो. उन्होंने कहा कि जहां पुलिस फोर्स की जरूरत होगी, वहां डिप्लायमेंट सुनिश्चित किया जाएगा.

## कारगिल में बोले पीएम मोदी अग्निवीर पर झूठ फैला रहा विपक्ष

# सेना को युवा बनाना लक्ष्य

**कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ**

**एजेंसी। द्रास (कारगिल)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की. 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी. इस दिन को हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है. कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सच्चाई ये है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश का सामर्थ्यवान युवा भी मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आएगा... मैं हैरान हूं कि कुछ लोगों की समझ को क्या हुआ है, उनकी सोच को क्या हो चुका है.

ऐसा भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन के पैसे बचाने के लिए ये योजना लेकर आई है. मुझे ऐसे लोगों की सोच से शर्म आती है, लेकिन मैं ऐसे लोगों से पूछना चाहता हूं कि आज मोदी सरकार के शासनकाल में जो भर्ती होगा क्या उसे आज ही पेंशन देनी होगी? उसे पेंशन देने की नौबत 30 साल में आएगी और तब तो मोदी 105 साल का हो चुका होगा. क्या तर्क दे रहे हैं? मेरे लिए दल नहीं देश सर्वोपरि है.

हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए काम करते हैं. पीएम मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इतने संवेदनशील विषय को कुछ लोगों ने राजनीति का विषय बना दिया है. कुछ लोग सेना के इस रिफार्म पर भी अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए झूठ की राजनीति कर रहे हैं. ये वही लोग हैं, जिन्होंने सेनाओं में हजारों-करोड़ के घोटाले करके हमारी सेनाओं को कमजोर किया. ये वही लोग हैं, जो चाहते थे कि एयरफोर्स को कभी आधुनिक फाइटर जेट न मिल पाएं. ये वही लोग हैं, जिन्होंने तेजस फाइटर प्लेन को भी डिब्बे में बंद करने की तैयारी कर ली थी.

### द्रास में कारगिल के नायकों को दी श्रद्धांजलि, पाकिस्तान को ललकारा



कश्मीर के द्रास में शुक्रवार को कारगिल के शहीदों को नमन करते पीएम नरेंद्र मोदी.

### विपक्ष फैला रहा युवाओं में भ्रम

मोदी ने कहा,हमारी सेना ने बीते वर्षों में कई साहसिक निर्णय लिए हैं. इसका एक उदाहरण अग्निपथ योजना भी है. इसका लक्ष्य सेना को युवा बनाना, योग्य बनाना है. सेना को लोगों ने राजनीति का अखाड़ा बनाया. घोटालों से कमजोर किया. दशकों तक सेना की उम्र युवा होने पर चर्चा होती रही. लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया. पहले कुछ लोगों का काम था, नेताओं को सलाम करना. लेकिन हमारे लिए सेना का 140 करोड़ लोगों की आस्था, देश की सुरक्षा की गांरटी. अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युद्ध के लिए योग्य बनाए रखना है. विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि हम इस योजना से पेंशन के पैसे बचा रहे हैं. लेकिन आज भर्ती हुए सैनिक को 30 साल बाद पेंशन मिलनी है. तब मोदी की उम्र 105 साल होगी. क्या तब भी मोदी सरकार होगी. पीएम ने कहा कि जो लोग देश के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं. ये वही लोग हैं, जिन्होंने 500 करोड़ की मामूली रकम दिखाकर ओआरओपी पर झूठ बोला. ये हमारी सरकार है, जिसने आरोप लागू किया. पूर्व सैनिकों को 1.25 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दिए गए.

### पाकिस्तान ने इतिहास से कोई सबक नहीं सीखा

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से कोई सबक नहीं सीखा है और उसने जब भी दुस्साहस किया है, उसे हार का सामना करना पड़ा है. मोदी ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर द्रास में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के सैनिकों द्वारा दिया गया बलिदान अमर रहेगा. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद और छद्म युद्ध के जरिए प्रासंगिक बने रहने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसने जब भी कोई दुस्साहस किया है, उसे हार का सामना करना पड़ा है. आज मैं ऐसे स्थान से बोल रहा हूं, जहां से आतंकवाद के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं. मैं आतंकवाद के सरपरस्तों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे. हमारे वीर जवान आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा. मोदी का यह बयान जम्मू में आतंकी घटनाएं बढ़ने के बीच आया है. मोदी ने कहा, कारगिल में हमने न केवल युद्ध जीता, बल्कि सत्य, संयम और शक्ति का उदाहरण पेश किया.

### पीएम ने अग्निवीर पर सरासर झूठ बोला है, भ्रम फैला रहे : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अग्निपथ योजना को लेकर सरासर झूठ बोला है और वह इस पर देश में भ्रम फैला रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि इसको लेकर युवाओं में रोष है. और कांग्रेस इस मांग पर कायम है कि इसे तत्काल बंद कर देना चाहिए.

खरगे ने एक्स पर कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय बात है कि पीएम कारगिल विजय दिवस के दिन शहीदों को श्रद्धांजलि जैसे मौक़े पर ओछी राजनीति कर रहे हैं. ऐसा पहले किसी ने नहीं किया. मोदी का यह कहना सरासर झूठ और पराक्रमी सेना का अक्षम्य अपमान है कि सेना के कहने पर उनकी सरकार ने अग्निपथ योजना लागू की थी. कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मोदी साफ-साफ झूठ और भ्रम फैला रहे हैं. पूर्व सेनाध्यक्ष (सेवानिवृत्त) जनरल एमएम नरवणे जी ने रिकॉर्ड पर कहा है कि अग्निपथ योजना में 4 वर्षों की सेवा के बाद 75% लोगों को रखना था और 25% लोगों को सेवानिवृत्त करना था. पर मोदी सरकार ने इससे उल्टा किया, और ये योजना तीनों सैन्य बलों में जबरदस्ती लागू कर दी. खरगे ने कहा, छह महीनों के प्रशिक्षण के बाद मोदी जी किस स्तर के सैनिकों का निर्माण कर रहे हैं.



- कांग्रेस की यह मांग कायम रहेगी कि अग्रिवीर योजना बंद होनी चाहिए

न उन्हें किसी ऑपरेशन का अनुभव होगा न ही उनमें परिपक्वता होगी. सैनिक देशभक्ति के जज़्बे से सेना में जाते हैं, जीविकोपार्जन के लिए नहीं. कई रिटायर अधिकारियों ने इस योजना की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि ये राष्ट्रीय सुरक्षा और ग्रामीण युवाओं की देशभक्ति की भावनाओं से खिलवाड़ की तरह है. इसलिए इस योजना को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाना चाहिए. खरगे ने दावा किया कि अग्निवीर पेंशन नहीं मिलती, कोई ग्रैच्यूटी नहीं मिलती, परिवार को पेंशन नहीं मिलती और बच्चों की पढ़ाई के लिए कोई शिक्षा भत्ता नहीं मिलता. अब तक 15 अग्निवीर शहीद हो चुके हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आपको कम से कम उनकी शहादत का तो मान रखना चाहिए. देश के युवाओं में अग्निवीर को लेकर बहुत ज़्यादा गुस्सा है, कड़ा विरोध है. कांग्रेस पार्टी की यह मांग क़ायम रहेगी कि अग्निपथ योजना बंद होनी चाहिए.

## नीति आयोग की बैठक आज पीएम मोदी करेंगे अध्यक्षता

**विपक्षी बहिष्कार में 'फूट', ममता बनर्जी दिल्ली पहुंची, बैठक में होंगी शामिल**

**सीएम हेमंत सोरेन के शामिल होने पर सस्पेंस, कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इंडिया गठबंधन की एकता में फिर फूट पड़ गई है. पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि वो नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में हिस्सा लेंगी. वहीं इंडिया गठबंधन के बाकी दल नीति आयोग की बैठक में नहीं शामिल होंगे. इसका ऐलान पहले ही किया जा चुका है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे.

ममता ने यह भी दावा किया है कि उनके साथ झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी नीति आयोग की बैठक का हिस्सा बनेंगे. हालांकि सीएम हेमंत सोरेन की तरफ से बैठक में शामिल होने पर कोई बात नहीं बताई गयी है. उनके शामिल होने पर देर रात तक संस्पेंस बना रहा. सीएम कार्यालय की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है. दिल्ली पहुंची ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा, मैंने पहले ही फैसला कर लिया था कि मैं जाऊंगी . लेकिन उनका (केंद्र) रवैया अलग है. बजट में केंद्र ने



भेदभाव किया है. इसीलिए मैंने अपनी आवाज उठाने के लिए नीति आयोग की बैठक में जाने का फैसला किया है और कुछ समय के लिए वहां बैठक में रहूंगी. अगर वे हमें कुछ कहने की इजाजत देंगे, तो हम अपनी बात रखेंगे. झामुमो सांसद महुआ मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के हितों का ध्यान रखते हुए फैसला करेगी.

बता दें कि पीएम मोदी शनिवार को नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. इसमें विकसित भारत से जुड़े दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा होगी. परिषद में सभी राज्यों के सीएम, केंद्र शासित प्रदेशों के एलजी और केंद्रीय मंत्री शामिल हैं. प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं.

## क्या एमएसपी पर कानून बनाएगी केंद्र सरकार..?

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

- सवाल पर कृषि मंत्री ने किसानों को बताया भगवान, रास में हंगामा

राज्यसभा में शुक्रवार को किसानों के मुद्दे पर प्रश्नकाल में हंगामा हुआ. इस दौरान सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने 12 जुलाई 2000 को किसानों की समस्याओं पर बनी कमेटी की बैठकों के ब्यौरे को लेकर सवाल किया. जवाब में कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि किसान हमारे लिए भगवान की तरह हैं और किसान की सेवा पूजा जैसी है.

उन्होंने कहा कि इस समिति का गठन तीन उद्देश्यों- एमएसपी देने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के साथ कृषि मूल्य को अधिक स्वायत्तता और वितरण प्रणाली के लिए सुझाव देने के लिए किया गया था. समिति की 22 बैठकें हो चुकी हैं. समिति जो सिफारिश देगी, उस पर विचार होगा. इस पर रामजी लाल ने कहा,ये कब होगा. ये जो किसान को भगवान बता रहे हैं, इनका किसानों से कोई लेना-देना नहीं. सीधा जवाब दीजिए कि आप एमएसपी को कानूनी दर्जा देना चाहते हैं या नहीं देना चाहते. बचिए मत. इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राम, शिव से सवाल पूछ रहे हैं.

जवाब में शिवराज ने कहा कि एमएसपी की दरें किसान को ठीक दाम देने के लिए बढ़ाई हैं. मंत्री ने उत्पादन बढ़ाने से लेकर लागत घटाने तक के उपाय गिनाए और कहा, हमें किसान विरोधी कहा जा रहा है. मोदीजी से बड़ा किसान हितैषी कोई है नहीं. उचित दाम देने के लिए समिति की रिपोर्ट आएगी तब हम कार्रवाई करेंगे.

**बातचीत** वित्त सचिव सोमनाथन बोले- युवाओं को ट्रेनिंग देकर रोजगार के काबिल बनाएंगे

# आज के दौर में पुरानी पेंशन व्यवस्था मुमकिन नहीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्रीय वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा है कि पुरानी पेंशन व्यवस्था अब वित्तीय रूप से मुमकिन नहीं है और इसे लाना देश के उन नागरिकों के लिए नुकसानदेह होगा, जो सरकारी नौकरी में नहीं हैं. उन्होंने यह भी कहा कि एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर कर्मचारी संगठनों और राज्य सरकारों से कुछ सार्थक बातचीत हुई है.

सोमनाथन ने कहा कि सरकार देश में युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के मकसद से उन्हें कंपनियों में प्रशिक्षण देने की सुविधा के अलावा 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को आधुनिक रूप भी देगी. सोमनाथन ने विशेष बातचीत में कहा, एनपीएस पर बनी समिति का काम अभी पूरा नहीं हुआ है. हमने इस बारे में कर्मचारी संगठनों और राज्य सरकारों से बातचीत की है. इसमें कुछ प्रगति हुई है.

### ये हैं कर्मचारियों की चिंताएं, हम देखेंगे

1. यह स्पष्ट हो कि सेवानिवृत्त कर्मचारी को कितनी पेंशन मिलेगी. उनका कहना है कि यह नई योजना है. एनपीएस शेयर बाजार से जुड़ा है, हमें उतार-चढ़ाव नहीं चाहिए.
2. **सेवानिवृत्ति के बाद जो भी पेंशन मिले, उसमें महंगाई से निपटने का भी कुछ प्रावधान यानी डीए (महंगाई भत्ता) जैसी कोई व्यवस्था चाहिए. ऐसा नहीं होने पर पेंशन का वास्तविक मूल्य घटता जाएगा.**
3. अगर किसी ने पूरी नौकरी यानी 30 साल तक काम नहीं किया है, उसके लिए कुछ न्यूनतम पेंशन तय की जाए. ये ऐसे मामले हैं, जिस पर हमें निर्णय लेना है.



**पुरानी पेंशन स्कीम नुकसानदेह :** उन्होंने कहा, लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि पुरानी पेंशन व्यवस्था वित्तीय रूप से मुमकिन नहीं है. पुरानी पेंशन लाना देश के उन नागरिकों के लिए नुकसानदेह होगा, जो सरकारी नौकरी में नहीं हैं. वित्त मंत्रालय ने पिछले साल सरकारी कर्मियों के लिए पेंशन योजना की समीक्षा करने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में जरूरत के हिसाब से बदलाव का सुझाव देने के लिए वित्त सचिव की अगुवाई में एक समिति का गठन किया था.

**बजट में मकसद रोजगार पर जोर :** सोमनाथन ने कहा, बजट में महत्वपूर्ण रोजगार पर जोर देना है. एक तरफ जहां वित्तीय सहायता के जरिए रोजगार सृजन पर जोर है, वहीं दूसरी तरफ रोजगार गहन क्षेत्र एमएसएमई और कौशल विकास के लिए कदम उठाये गये हैं. कौशल विकास के तहत हम देश में युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने के मकसद से उन्हें कंपनियों में प्रशिक्षण देने की सुविधा के अलावा 1,000 आईटीआई को आधुनिक बनाएंगे. इस बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, ''कौशल विकास के तहत केंद्र, राज्य और उद्योग के सहयोग से आईटीआई को आधुनिक रूप दिया जाएगा.

**प्रेमानंद महाराज बोले-** फिगर मेंटेन करना छोड़ें हिंदू औरतें

# पैदा करें चार-चार बच्चे, आबादी बढ़ाएं!

- संभल जाइए, नहीं तो हिंदुस्तान भी इंडोनेशिया बन जाएगा और आप अल्पसंख्यक हो जाएंगे

**एजेंसी। उज्जैन**

मैं भागवत कथा में वो कहने नहीं आया हूं जो आपके कानों को प्रिय है, बल्कि वो बातें कहूंगा हूं, जो सनातन धर्म को आगे बढ़ाएगीं. सभी सनातन की पताका को लहराने और धर्म को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, लेकिन मैं चेतावनी देते हुए कहता हूं कि अब संभल जाओ, यूपी के 17 जिले हाथ से चले गए हैं. ऐसे ही हालात बंगाल और झारखंड-बिहार के हैं, वहां भी यही समस्या बन गई है.

मेरे कहने का सीधा मतलब यह है कि 25 साल पहले वे दो करोड़ थे, फिर 9 करोड़ और अब 38 करोड़ हो चुके हैं. अभी समय है, संभल जाइए, नहीं तो हिंदुस्तान भी इंडोनेशिया हो जाएगा और आप अल्पसंख्यक हो जाएंगे. ये बातें पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज ने उज्जैन में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही. प्रेमानंद स्वामी ने कहा, सनातन की रक्षा के लिए महिलाओं को चार-चार बच्चे पैदा करने की जरूरत है. हिंदू महिलाएं एक-दो बच्चे करने में भी संकोच करती हैं, जबकि दूसरे समुदाय के लोग 8-8 बच्चे पैदा कर रहे हैं. हिंदू महिलाओं को चाहिए कि वे फिगर मेंटेन करने की बजाय सनातन धर्म और देश के लिए भी कुछ करें.

### तो हम करेंगे आपके बच्चों का पालन



कथा वाचक प्रेमानंद महाराज ने कथा के दौरान कहा कि अगर आपका दो बच्चों का टारगेट है और आप तीन कर रहें हैं, तो चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आपके तीसरे बच्चे का हम पालन कर लेंगे. आप सिर्फ पैदा करके हमें सौंप दीजिए, बाकी चिंता हम कर लेंगे. उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में रामलीला टिकट से देखी जाती है. वहां कई जगह ऐसी हैं, जहां भगवान का नाम ले लिया जाए तो काट कर फेंक दिया जाता है. हमें इन्हीं समस्याओं के लिए अभी से मंथन करने के साथ जागृत भी होना होगा. हिंदू समाज अब भी नहीं जागा, तो बहुत देर हो जाएगी.

अग्निवीर और जूनियर कमीशन अफसर (धार्मिक शिक्षक) के लिए भर्ती : किसी भी हाल में दलालों के चक्कर में न फंसे : कर्नल विकास

# रांची के खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सेना भर्ती रैली आज से आठ अगस्त तक

संवाददाता। रांची

अग्निवीर उम्मीदवारों और जूनियर कमीशन अफसर (धार्मिक शिक्षक) के लिए झारखंड व बिहार के शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की सेना भर्ती रैली शनिवार (27 जुलाई) से आठ अगस्त तक होगी. भर्ती रैली का आयोजन खेलगांव के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा. यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय के कर्नल विकास भोला ने शुक्रवार को दी. कर्नल विकास ने कहा सेना में भर्ती की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है. हम आपसे आग्रह करते हैं कि किसी दलाल के चक्कर में न फंसें.



### खास बातें

- झारखंड-बिहार के शॉर्ट लिस्ट ले सकेंगे हिस्सा
- उम्मीदवारों का चयन उनकी काबिलियत के आधार पर ही

उम्मीदवारों का चयन उनकी काबिलियत के आधार पर ही किया जाता है. दलाल के चक्कर में फंसकर कई बार कैंडिडेट्स को काफी परेशानी उठानी पड़ती है. दलाल कैंडिडेट्स के ऑरिजनल डॉक्यूमेंट को अपने पास रख लेता है और डॉक्यूमेंट वेरिफीकेशन के वक्त कैंडिडेट्स से पैसों की मांग करता है. ऐसे में कई बार अपने दम पर चयनित कैंडिडेट्स बुरी तरह फंस जाते हैं.

**22 अप्रैल से तीन मई तक हुई थी सीईई परीक्षा :** देश भर में बीते 22 अप्रैल से तीन मई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) ली गई थी. बिहार-झारखंड के 15 स्थानों के लगभग 34 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई थी. परीक्षा में देश भर के 95,459 उम्मीदवारों ने भाग लिया था. इसमें शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए क्षेत्रीय भर्ती मुख्यालय (झारखंड व बिहार) के तत्वावधान में रांची सेना भर्ती कार्यालय द्वारा सेना भर्ती रैली का आयोजन कराया जा रहा है.

**एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं होने पर की जाएगी मदद :** कर्नल विकास भोला ने बताया कि अगर किसी उम्मीदवार का चयन सीईई परीक्षा में हो चुका है और उस उम्मीदवार का एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हो पा रहा है, तो उसकी सेना कार्यालय द्वारा सहायता की जाएगी. उन्होंने कहा कि कई बार एडमिट कार्ड लॉक हो जाता है. ऐसी स्थिति में उम्मीदवार अगर हमारे पास आते हैं, तो उसे हमारी ओर से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर दे दिया जाएगा.

**उम्मीदवारों को सुविधा हो, इसलिए खेलगांव में रैली :** कर्नल भोला ने बताया कि उम्मीदवारों की सुविधा को देखते हुए खेलगांव में रैली के आयोजन का फैसला लिया गया है. जुलाई के अंत में मौसम काफी गर्म रहता है और बारिश की भी समस्या रहती है. ऐसे में खेलगांव में रैली के आयोजन से उम्मीदवारों को सुविधा होगी. उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक उम्मीदवारों का चयन हो. साथ ही बताया कि रैली आयोजन की पूरी प्रक्रिया में जिला प्रशासन का भी काफी सहयोग मिला है.

### किस दिन किसकी रैली : बिहार-झारखंड के 15 स्थानों पर 22 अप्रैल को हुई थी ऑनलाइन परीक्षा

| श्रेणी | तिथि | राज्य व जिला |
|---|---|---|
| जूनियर कमीशन अफसर (धार्मिक शिक्षक) | 27 जुलाई | झारखंड व बिहार के शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों के लिए |
| अग्निवीर (टेक्निकल व अग्निवीर (आफिस असिस्टेंट) | 27 जुलाई | झारखंड के सभी शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों के लिए |
| अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं व 10वीं पास) | 28 जुलाई | झारखंड के सभी शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों के लिए |
| अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) | 29 जुलाई से 05 अगस्त | झारखंड के सभी शॉर्टलिस्ट उम्मीदारों (केवल पुरुष) के लिए |
| | 06 से 08 अगस्त | रिजर्व डे |

### लक्ष्मण छेत्री को हेमंत-कल्पना ने श्रद्धांजलि दी



रांची। मुख्यमंत्री आवास में रसोईया के पद पर कार्यरत लक्ष्मण छेत्री के सड़क हादसे में निधन के बाद सीएम हेमंत और पत्नी कल्पना सोरेन डोरंडा स्थित उनके घर पहुंचे. उन्होंने वहां पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया.

## ब्रीफ खबरें

### मजदूरों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा : सीएम

रांची। कैमरून से लौटे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसको लेकर निर्देश जारी किया है. इसके लिए संयुक्त श्रमायुक्त राजेश प्रसाद को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है. उनका नं. 9431344109 है. प्रसाद पत्र प्राप्ति के 72 घंटे के भीतर संबंधित जिले में जाकर उपायुक्त, जिला कौशल विकास पदाधिकारी व श्रम अधीक्षक से संपर्क स्थापित कर कार्य योजना तैयार कर इस कार्य को पूर्ण करायेंगे.

### लीगल रिटेनर की होगी नियुक्ति

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग का पक्ष रखने के लिए लीगल रिटेनर की जरूरत है. महाधिवक्ता कार्यालय ने इसकी अधिसूचना जारी की है. जारी अधिसूचना के मुताबिक, वकालत के पेशे में तीन वर्षों का अनुभव रखनेवाले वकील लीगल रिटेनर के पद पर नियुक्ति के योग्य होंगे. उन्हें 20 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा. झारखंड में किसी भी बार में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता अपनी नियुक्ति के लिए महाधिवक्ता कार्यालय में आठ अगस्त तक आवेदन दे सकते हैं.

### डे बोर्डिंग के प्रशिक्षकों का बढ़ा मानदेय

रांची। झारखंड में संचालित सभी डे बोर्डिंग के प्रशिक्षकों के लिए खुशखबरी है. प्रशिक्षकों का मानदेय बढ़ा दिया गया है. खेल निदेशक संदीप कुमार ने इससे संबंधित आदेश 25 जुलाई को जारी कर दिया है. जारी आदेश के अनुसार, प्रशिक्षकों का मानदेय 14038 रुपये से बढ़ाकर 19467 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है. बता दें कि बीते एक साल में डे बोर्डिंग कोच मानदेय बढ़ाने को लेकर कई बार खेल निदेशक को आवेदन दे चुके हैं.

विधानसभा परिसर में 75वां राज्यव्यापी वन महोत्सव आयोजित

# कभी झारखंड में वृक्षारोपण की जरूरत ही नहीं थी : सीएम

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा और वन विभाग द्वारा विधानसभा परिसर में 75वें राज्यव्यापी वन महोत्सव का आयोजन किया गया. मौके पर विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पौधरोपण किया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एक वक्त था, जब झारखंड में पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं थी. जल जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है. एक ऐसा भी वक्त था जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे. हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी. उसी दौरान यहां पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी. लेकिन, जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गए, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया. उद्योग-धंधों का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और पुल- पुलिया व सड़कों का जाल बिछने समेत कई अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ों का काटना पड़ाय जहां जंगल हुआ करते थे, वहां कंक्रीट के जंगल बन गए. प्राकृतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप का सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा. प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से आज हमें तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. अगर नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा. ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा, तभी पर्यावरण के साथ अपने जीवन को सुरक्षित रख पाएंगे.



विधानसभा परिसर में शुक्रवार को पौधरोपण करते सीएम हेमंत सोरेन.

**पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे :** पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे. अगर पेड़- पौधे नहीं होंगे, तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा. भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है. मौके पर सीएम सहित अन्य अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया.

### खास बातें

- जल, जंगल और जमीन ही रही झारखंड की पहचान
- मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर में पौधरोपण किया

### पहले वर्ष में लगे पेड़ किस स्थिति में होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं. आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरुआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे. वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है. ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प लें, ताकि पौधे पेड के रूप में विकसित हों और पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है, उसे नियंत्रित कर सकें. इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.

## कोर्ट की खबरें

# मेडिका हॉस्पिटल को कंज्यूमर फोरम का नोटिस

संवाददाता। रांची

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार साहू की ओर से जिला कंज्यूमर फोरम में दाखिल वाद पर सुनवाई करते हुए कंज्यूमर फोरम ने रांची के महावीर मेडिका हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया है. फोरम ने मेडिका अस्पताल प्रबंधन को अपना पक्ष रखने के लिए 31 जुलाई का समय दिया है. दरअसल अधिवक्ता अनिल कुमार साहू ने मेडिका अस्पताल पर अपने 14 वर्षीय पुत्र के इलाज में चिकित्सीय लापरवाही का आरोप पर लगाया है. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को पिछले वर्ष लीगल नोटिस भी भेजा था, जिसमें यह यह आरोप लगाया गया था कि उनके पुत्र को अस्पताल प्रबंधन व डॉ अंजना गांधी की लापरवाही और गलत दवा देने के कारण तीन-तीन सर्जरी से गुजरना पड़ा, जिस कारण मरीज को अत्यधिक शारीरिक पीड़ा हुई और परिवार को मानसिक, आर्थिक क्षति हुई है. जारी नोटिस में चिकित्सा लापरवाही की जवाबदेही लेने और मुआवजा की मांग की गई है.

### हिमांशु की नियुक्ति रद्द करने के आदेश पर रोक

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने हिमांशु चौधरी की नियुक्ति रद्द करने के आदेश पर रोक लगा दी गई. उनकी नियुक्ति स्टेट फूड कमीशन (एसएफसी) के अध्यक्ष के पद पर हुई थी. हिमांशु चौधरी को इसी वर्ष जुलाई महीने में सरकार ने स्टेट फूड कमीशन के अध्यक्ष पद से हटाया था. जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट के सुनवाई हुई.

### रामगढ़ डीसी व डीडीसी की कार्यशैली पर कोर्ट नाराज

रांची। रामगढ़ जिला के डीसी और डीडीसी की कार्यशैली पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है. शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने रामगढ़ डीसी और डीडीसी से पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना वाद शुरू किया जाए. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट ने आदेश की अवहेलना करने के कारण उक्त दोनों अधिकारियों से अवमानना वाद शुरू करने को लेकर सवाल किया है.

### हेमंत की बेल के खिलाफ याचिका हो सकती है सूचीबद्ध

रांची/दिल्ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली बेल रद्द करने की मांग वाली ईडी की याचिका पर 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो सकती है. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, यह मामला सुनवाई के लिए 29 जुलाई को सूचीबद्ध हो सकती है.

### अंतु तिर्की को बेल देने से कोर्ट का इनकार

रांची। लैंड स्कैम के आरोप में जेल में बंद जेएमएम नेता अंतु तिर्की की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुना दिया है. अदालत ने अंतु तिर्की को बेल देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है.

### विनोद सिंह की अग्रिम बेल पर अब पांच को सुनवाई

रांची। लैंड स्कैम केस के आरोपी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर अब 5 अगस्त को सुनवाई होगी. शुक्रवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 5 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है.

## क्लासिफाइड





# सुरक्षा पर है गंभीर खतरा!

दुर्दांत अपराधियों को सेंट्रल जेल के बदले रखा जा रहा है मंडल कारा में

संवाददाता । रांची

हाल के वर्षों में झारखंड में नई परंपरा शुरू हुई है. बड़े और ऑर्गेनाइज्ड क्राईम में शामिल दुर्दांत अपराधियों को सेंट्रल जेल में रखने के बदले मंडल कारा में रखा जाने लगा है. इससे मंडल कारा की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा होने की आशंका है. चाईबासा मंडल कारा के अधीक्षक ने दो दिन पहले इस बारे में जेल आईजी को पत्र लिखा है. अधीक्षक ने बड़े व दुर्दांत अपराधियों को सेंट्रल जेल से मंडल कारा में स्थानांतरित करने को गंभीर खतरा बताया है. साथ ही आग्रह किया है कि दुर्दांत अपराधियों को सेंट्रल जेल में ही रखा जाये. क्योंकि सेंट्रल जेल में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, जरूरी आधारभूत संरचना व संसाधन और मैनपावर उपलब्ध है. चाईबासा मंडल कारा अधीक्षक के इस पत्र के बाद जेल प्रशासन के अफसरों के बीच गंभीर चर्चा का विषय बना हुआ है.




जानकारी के मुताबिक पहले यह परंपरा थी कि दुर्दांत अपराधियों को सेंट्रल जेल में ही रखा जाता था. क्योंकि मंडल कारा में दुर्दांत अपराधियों को रखने के लायक जरूरी व्यवस्था की कमी होती है. ना तो उतने सेल होते हैं, ना ही उतने अधिक सुरक्षा बल. हाल के वर्षों में यह परंपरा टूटी है. अब बड़े व दुर्दांत अपराधियों को सेंट्रल जेल में रखने के बजाये मंडल कारा में स्थानांतरित किया जाने लगा. साथ ही ऐसे अपराधियों को मंडल कारा में रखा जा रहा है. ऐसा करना जेल की सुरक्षा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी ठीक नहीं है. इन वजहों से जेल प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं.

### चाईबासा मंडल कारा में बंद दुर्दांत अपराधी

- अमन सिंह
- अमन साहू
- तिलकेश्वर गोप
- बबलू खान
- खुस्तर अंसारी
- सुजीत सिन्हा
- उमेश गिरी
- राहुल कुजूर
- ऋतिक खान रॉकी
- हिम्मत सिंह

रखी मांग | नेता प्रतिपक्ष ने लिखा सीएम हेमंत सोरेन को पत्र

# अबुआ आवास योजना पर श्वेत पत्र जारी हो : बाउरी

विशेष संवाददाता। रांची

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार से अबुआ आवास योजना को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है. उन्होंने सरकार से श्वेत पत्र जारी करते हुए योजना की स्थिति को सार्वजनिक करने की मांग की है. अमर बाउरी ने इस बाबत एक पत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा है. इसमें उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान आपने राज्य के गरीबों और जरूरतमंदों से वादे किए थे कि तीन कमरों वाला सुविधायुक्त पक्का मकान देंगे. चार साल बीत जाने के बाद सरकार ने अबुआ आवास योजना की शुरुआत



की है. सरकार इसे महत्वाकांक्षी योजना बता रही है.आपने 23 जनवरी को खूंटी जिला के तोरपा से इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा था, यह पहला ऐसा ऐतिहासिक अवसर है, जब झारखंड सरकार अपने दम पर अपने राज्य के बीस लाख लोगों को सम्मानजनक जिंदगी जीने के लिए तीन कमरों का आवास देने जा रही है. बाद में अलग-अलग जगहों पर बड़े बड़े सरकारी समारोह में बताया कि चार साल में बीस लाख लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा. जाहिर है राज्य के लाखों लोगों की नजरें इस योजना पर टिकी है.अबुआ आवास योजना पर अक्सर उठते रहे हैं सवाल


अमर बाउरी ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन से लेकर स्वीकृति, राशि आवंटन आदि प्रक्रियाओं को लेकर सवाल भी उठते रहे हैं. पंचायत के प्रतिनिधियों की भी ढेर सारी शिकायतें रही है और इस संबंध में लगातार अधिकारियों को ज्ञापन देकर गड़बड़ी रोकने की मांग की जाती रही है. अबुआ आवास योजना को लेकर बड़ी आबादी के बीच आम धारणा है कि इसमें सरकारी अधिकारियों और बाबुओं की मर्जी चल रही है.

मेरा आग्रह है कि अबुआ आवास योजना को लेकर सरकार एक श्वेत पत्र जारी करें. जिसमें यह बताया जाए, वित्तीय वर्ष 2023 में राज्य के किन जिलों और यहां के प्रखंडों में कितने आवास की स्वीकृति दी गई है. लाभुकों के खाते में किस्तवार कितनी राशि भेजी गई है और अब तक कितने आवास पर निर्माण का कार्य शुरू हुआ है.










PLEASE SEND YOUR RESUME FOR AN INDUSTRIAL AUTOMATION ORGANISATION, MOSTLY ENGAGED WITH PRESTIGIOUS PROJECTS IN

TATA STEEL, UCIL, ISRO, BARC ETC.

1. MARKETTING MANAGER : SALARY 2.4 LAKHS PA, ITI, DEE, BEE FOR JAMSHEDPUR, SALES PLC SCADA HMI KNOWLEDGE, experience 2 years
2. OFFICE ASSISTANT : SALARY 2.4 LAKHS PA, Graduate with 5 Years Work Experiance Computer Proficient, Knowledge About Tender and TATA STEEL PROCUREMENT

MAIL CV : pradeep_wk@yahoo.com












राज्यभर की खबरें के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | जमशेदपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 109 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबर

### बागबेड़ा जलापूर्ति योजना पूरी होने की डेडलाइन फेल

**जमशेदपुर ।** बागबेड़ा हाउसिंग कालोनी जलापूर्ति योजना के पूरी होने की डेडलाइन आज समाप्त हो गई. इस योजना के लिए विभाग ने गत वर्ष ही 188 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी. राशि मिलने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने हाई कोर्ट एवं बाद में उपायुक्त के न्यायालय में 27 अप्रैल 2023 को शपथ पत्र दाखिल कर 15 महीने में कार्य पूर्ण करते हुए जलापूर्ति शुरू करने की बात कही थी.

### सोनारी में जन समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**जमशेदपुर ।** सोनारी निर्मल नगर और रूप नगर के स्थानीय लोगों ने जनसमस्याओं को लेकर सोनारी रूपनगर स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को बैठक की. बैठक में भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह शामिल हुए. उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना. उन्होंने कहा कि टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन से वार्ता कर समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा.

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

**सरायकेला ।** जिला समाहरणालय कार्यालय में डीसी रविशंकर शुक्ला ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया. साप्ताहिक जनता दरबार में डीसी ने व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए लोगों से समस्याएं सुनीं. उन्होंने सभी के आवेदन संबंधित पदाधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया.

### लीकेज के कारण खेतों में डैम से नहीं पहुंच रहा पानी

**चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड के नकटी डैम में लीकेज होने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है. यह समस्या वर्षों से बनी हुई है. किसानों की शिकायत पर शुक्रवार को पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, जल संसाधन विभाग के एसडीओ अनिल उरांव, जेई एजरदन कुजूर, भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री दशरथ प्रधान डैम का निरीक्षण करने पहुंचे.

### युवा कांग्रेस ने लांच किया हर घर खटाखट कार्यक्रम

**चाईबासा ।** कांग्रेस भवन चाईबासा में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक चंदन कुमार राय ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर युवा कांग्रेस के हर घर खटाखट कार्यक्रम को लॉन्च किया. राष्ट्रीय समन्वयक ने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को झारखंड सरकार की 10 योजनाओं की जानकारी जनता को देंगे.

### नीमडीह प्रखंड में आजसू पार्टी का मिलन समारोह

**चांडिल ।** नीमडीह प्रखंड के लुपुंगडीह, पहाड़धार में शुक्रवार को आयोजित आजसू पार्टी के मिलन समारोह में केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि अब लोगों को एकजुट होकर भविष्य के लिए वोट करने की जरूरत है. मिलन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा. पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों का केंद्रीय महासचिव ने स्वागत किया.

### कांग्रेस ने मतदाता सूची में सुधार की मांग की

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी ने टाटा स्टील के साकची, टिनप्लेट, सिदगोड़ा, टेल्को, बारीडीह, कदमा इत्यादि क्षेत्रों में वर्षों पूर्व रहने वाले लोगों का नाम मतदाता सूची से हटाने की मांग की. इस संबंध में एक मांग पत्र शुक्रवार को कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन कमलेश कुमार ने एसडीएम (धालभूम) को सौंपा. उन्होंने कहा कि उपरोक्त क्षेत्र के अधिकांश लोग टाटा स्टील के क्वार्टर टूटने के बाद अन्यत्र शिफ्ट हो गए.

## मानसून की झमाझम से जलमग्न हुए जमशेदपुर के निचले इलाके

# स्लुइस गेट बंद रहने से बागबेड़ा के कई घरों में घुसा पानी

- एमजीएम अस्पताल में जलजमाव से हुई परेशानी

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर और इसके आसपास के इलाके में शुक्रवार को हुई तेज बारिश से कई क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई. बागबेड़ा के निचले इलाके के कई घरों में बारिश का पानी घुस गया. जिसके कारण कई घरों का सामान भीग गया. इसी तरह की स्थिति सोनारी आदर्श कॉलोनी, कदमा शास्त्रीनगर, भुइयांडीह सहित अन्य जगहों पर देखने को मिली. जल जमाव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.

वहीं मुसलाधार वर्षा से कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में जगह-जगह पानी भर गया. जिसके कारण मरीजों एवं अटेंडरों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

खासकर शिशु रोग विभाग के समीप और लांड्री में भी पानी घुस आया. जमशेदपुर में बीते चौबीस घंटे में 22 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है. मौसम विभाग की माने तो अगले तीन दिनों तक बादल छाए रहेंगे. लंबे समय के बाद शुक्रवार को जमशेदपुर में मुसलाधार वर्षा हुई. वर्षा होने से निकाय क्षेत्र की जाम नालियों की पोल खुल गई.



बागबेड़ा के निचले इलाके में जमा बारिश का पानी

सबसे भयावह स्थिति साकची हावड़ा ब्रिज के पास दिखी. सड़क के दोनों ओर से पानी बहकर ब्रिज के नीचे जमा हो गया. जिसके कारण लोगों को पानी में खड़े रहकर स्वयं को भींगने से बचाना पड़ा. वहां की नालियों भी उफान मार रही थीं. जिसके कारण सड़क तालाब बन गया था. वहीं जुगसलाई क्षेत्र में नालियों का कचरा सड़कों पर आ गया.

शुक्रवार को दोपहर बाद मुसलाधार वर्षा होने के कारण जमशेदपुर के तापमान में गिरावट दर्ज की गई. बृहस्पतिवार को शहर का तापमान सामान्य से आस-पास (33.5 डिग्री सेल्सियस) रहा. हालांकि शुक्रवार को को दोपहर में धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी हुई. लेकिन शाम में वर्षा होने के बाद तामपान में गिरावट दर्ज की गई.

# चांडिल में वज्रपात से दो की मौत, डैम के अंदर केज में मछली पकड़ रहे थे दोनों

- केज के अंदर पहली बार ऐसी घटना हुई : नारायण

संवाददाता । चांडिल

चांडिल प्रखंड के बोराबिंदा गांव के निकट शुक्रवार की शाम हुई वज्रपात में दो व्यक्ति की मृत्यु हो गई. बताया जा रहा है कि दोनों चांडिल डैम में लगे केज में मछली पकड़ने घुसे थे. कालीचरण बेसरा का चांडिल डैम के बोराबिंदा साईड में अपना केज है. उस केज के मछली को चारा डालने के बाद दोनों जाल से मछली पकड़ रहे थे. इसी बीच वज्रपात हुआ और उसकी चपेट में आकर दोनों की मौके पर मृत्यु हो गई. मृतकों की पहचान बोराबिंदा निवासी 55 वर्षीय कलीराम माझी और 58 वर्षीय बनू माझी के रूप में की गयी है.

केज के अंदर वज्रपात से हुए दो व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना मिलने के बाद मत्स्य प्रसार पदाधिकारी राजकुमार तूरी, चांडिल



एंबुलेंस से दोनों प्रभावितों को अस्पताल भेजते लोग.

डैम विस्थापित मत्स्यजीवि स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष नारायण गोप, सचिव श्यामल मार्डी समेत कई सदस्य तत्काल बोराबिंदा पहुंचे और घटना की जानकारी ली. इस संबंध में डैम समिति के अध्यक्ष नारायण गोप ने बताया कि केज के अंदर पहली बार ऐसी घटना घटी है. वज्रपात की चपेट में आकर दो व्यक्ति की मृत्यु के बाद समाजसेवी सुखराम हेंब्रम भी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने घटना की जानकारी लेने के बाद तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था करवाकर दोनों को एमजीएम अस्पताल भिजवाया. इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है.

ज्ञात हो कि इसके पूर्व 10 जुलाई को चांडिल प्रखंड के भादुडीह साप्ताहिक हाट के सामने ठनका गिरने से मौके पर तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी और तीन घायल हो गए थे. घायलों में एक की मृत्यु इलाज के क्रम में हुई थी.

## चांडिल व नीमडीह में एसडीओ व पुलिस ने की कार्रवाई

# अवैध लॉटरी टिकट बेचते सात गिरफ्तार

## लॉटरी टिकट, कैशमेमो, रजिस्टर व नकद बरामद





चांडिल में छापामारी के दौरान कागजातों की जांच करती एसडीओ और पुलिस पदाधिकारी.

- खुलेआम गली-मोहल्ले में लॉटरी टिकट की बिक्री
- छापामारी से अवैध लॉटरी के संचालकों में दहशत

**सादे लिबास में खरीदार बनकर गए थे नीमडीह थाना प्रभारी**

नीमडीह थाना प्रभारी ने सादे लिबास में लॉटरी टिकट का खरीदार बनकर छापामारी की. इस दौरान लॉटरी टिकट की बिक्री करने वाले उन्हें लॉटरी बेचने लगे. उन्होंने अवैध लॉटरी के साथ चांडिल स्टेशन बस्ती निवासी नंदकिशोर माझी व अजय कुमार सिंह और सुकसारी निवासी श्रवण प्रमाणिक को गिरफ्तार किया है. उनके पास से पुलिस ने लॉटरी टिकट के अलावा नकद राशि व मोबाइल बरामद किया है.

संवाददाता । चांडिल

चांडिल की एसडीओ शुभ्रा रानी ने चांडिल बाजार और नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान ने चांडिल चौक के पास शुक्रवार को अवैध लॉटरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया. चांडिल की एसडीओ शुभ्रा रानी ने शुक्रवार को चांडिल बाजार में अवैध लॉटरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया. चांडिल बाजार स्थित हाई स्कूल और अस्पताल के बीच एक मकान पर धावा बोला. चांडिल थाना प्रभारी वरूण यादव व पुलिस बल के साथ मकान में छापामारी कर उन्होंने लॉटरी टिकट बिक्री का गैर कानूनी धंधा करने वाले चार लोगों को रंगेहाथ पकड़ लिया. अवैध धंघे से जुड़े चार लोगों को दबोचने के साथ ही उन्होंने अवैध लॉटरी टिकट, कारोबार का हिसाब रखने वाले रजिस्टर, कैशमेमो और नकद राशि बरामद की. सभी सामान जब्त करते हुए उन्होंने चांडिल थाना की पुलिस को सौंप दिया.

इस संबंध में उन्होंने बताया कि लॉटरी का अवैध कारोबार चांडिल के रिहायसी इलाके में स्थित एक मकान से संचालित किया जाता था. सूचना की पुष्टि करने के बाद उन्होंने छापामारी की. इसमें चार लोग पकड़े गए हैं. लॉटरी टिकट के साथ अन्य सामग्री भी जब्त की गई है. पूछताछ के दौरान पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने संचालकों के नाम भी बताए हैं.

दो स्थानों में एक ही दिन हुई छापामारी की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई. लोग लॉटरी के अवैध संचालकों के नाम जानने को लेकर उत्सुक रहे. झारखंड में लॉटरी टिकट बेचना कानूनन जुर्म है, लेकिन पश्चिम बंगाल से सटा होने के कारण चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लॉटरी टिकट बेचने का अवैध कारोबार होता है. बाजार क्षेत्र हो या ग्रामीण सुबह होते ही चौक-चौराहे पर स्थित चाय की दुकान व होटल-ढाबों में लॉटरी टिकट की खरीद-बिक्री शुरू हो जाती है. बताया जा रहा है कि चांडिल बाजार में तो खुलेआम हर गली-मोहल्ले में अवैध लॉटरी टिकट की खरीद-बिक्री की जाती है. कहीं-कहीं तो ऑनलाइन भी लॉटरी की बिक्री की जाने लगी है.

बताया जाता है कि अवैध कारोबारी इस धंधे में डीआईजी के साले के जुड़े रहने की बात कहकर अपना कारोबार चला रहे थे. लोगों के बीच कहा करते थे कि स्वयं डीआईजी साहब के साले इस धंधे में हैं तो कोई क्या बिगाड़ लेगा. वहीं छापामारी के बाद अवैध लॉटरी के कारोबार से जुड़े लोगों के पकड़े जाने पर संचालकों में दहशत है. जानकारी के अनुसार इस गोरखधंधे में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कई सफेदपोश भी शामिल हैं.

# एसपीडी पर भड़के शिक्षक चप्पल पहन आएंगे स्कूल

## परियोजना निदेशक माफी मांगें : शिक्षक संघ

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन के शिक्षकों की चप्पल से पिटाई से जुड़ा ऑडियो-वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया. निदेशक के इस अमर्यादित बयान की झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक ने घोर भर्त्सना एवं कड़ी निंदा की. संघ ने कहा कि जब तक परियोजना निदेशक सार्वजनिक रूप से शिक्षकों से माफी नहीं मांगते हैं, तब तक शिक्षक अपने-अपने स्कूल में चप्पल पहनकर आएंगे. इसकी शुरुआत 27 जुलाई से होगी.

संघ ने कहा कि परियोजना निदेशक द्वारा जिस प्रकार शिक्षकों के चप्पल पहनने पर उनकी पिटाई करने की बात कही गई है, यह उनकी मनोदशा को दर्शाता है. इस प्रकार की अपमानजनक एवं शिक्षक की गरिमा के विरुद्ध असंसदीय भाषा का प्रयोग घोर निंदनीय है. वरीय शिक्षक नेता सुनील कुमार, जिला महासचिव सरोज कुमार लेंका, संजय कुमार, अनिल प्रसाद, संजय कुमार केसरी, माधिया सोरेन, सुधांशु शेखर बेरा, ओम प्रकाश सिंह आदि ने जिले के सभी शिक्षकों को अपनी चट्टानी एकता प्रदर्शित करने की अपील की.

**स्कूलों में खाली पैर रहकर जताया विरोध**

शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिवशंकर पोलाई ने बताया कि परियोजना निदेशक के इस बयान एवं धमकी के खिलाफ शिक्षकों में आक्रोश है. जिसके विरोध स्वरूप आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित सैकड़ों शिक्षकों ने अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर खाली पैर रह कर विरोध प्रदर्शन किया. साथ ही कल से सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं चप्पल पहनकर विद्यालय जाएंगे एवं पठन-पाठन कार्य करेंगे.

# नशे के कारोबार पर लगाम लगाएं थानेदार : एसएसपी



क्राइम मीटिंग में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने शुक्रवार को क्राइम मीटिंग की. इस दौरान उन्होंने एक-एक कर थानावार अपराध, लंबिंत कांड एवं पूरा हो चुके अनुसंधान की समीक्षा की. सभी डीएसपी, निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया कि अपराध पर हर हाल में अंकुश लगाएं. खासकर नशे के कारोबार एवं नशा करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करें. उन्होंने सभी थानेदारों के स्थान बदल-बदलकर वाहन जांच करने का निर्देश दिया. खासकर ड्रग पैडलर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा.

**मानगो थाना प्रभारी हुए सम्मानित**

जून माह में कांडों के अनुसंधान कम से कम लंबित रखने के लिए पुलिस निरीक्षक निरंजन कुमार (मानगो थाना प्रभारी) एवं अनुसंधानकर्ता के रूप में जिला में सर्वाधिक सात कांडो का निष्पादन करने के लिए महिला सहायक अवर निरीक्षक कमला कुमारी उरांव, सीतारामडेरा थाना को प्रशस्ति पत्र एवं 5000 रुपया नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

# स्टेडियम जीर्णोद्धार की जांच में मिली खामियां

## कम गुणवत्ता वाले मिट्टी, बालू और पेंट का किया जा रहा था उपयोग, सुधार का निर्देश

संवाददाता ।सरायकेला

भाजपा नेता मनोज कुमार चौधरी के शिकायत के आलोक में शुक्रवार को सरायकेला-खरसांवा जिले के उपायुक्त केआदेश पर डीडीसी प्रभात कुमार बरतियार के नेतृत्व में गठित टीम ने भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम के जीर्णोद्धार प्रक्रिया की जांच की.

जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने शिकायत के बिंदुओं पर गहनता से जांच करते हुए भवन निर्माण विभाग एवं ठेकेदार को तत्काल कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. जांच टीम में एसडीएम सुनील कुमार प्रजापति जिला खेल पदाधिकारी कार्यपालक पदाधिकारी भवन व अन्य शामिल थे. डीडीसी ने बताया कि स्टेडियम में लगे जालियों की दूरी को कम करने से स्टेडियम छोटा हो जाएगा. इसलिए इसे हटाना संभव नहीं है. मगर मैदान में बालू और मिट्टी की गुणवत्ता सही नहीं है. ठेकेदार को इसमें सुधार करने का निर्देश दिया गया है. स्टेडियम में जिस पेंट का प्रयोग किया जा रहा है उसकी गुणवत्ता भी सही नहीं है. बढ़िया क्वालिटी के पेंट का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया.



**जांच में जानमाल की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया : मनोज**

इस संबंध में मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि उपायुक्त द्वारा भगवान बिरसा मुंडा मैदान जीर्णोद्धार में हुई अनियमितताओं जांच के लिये टीम गठित करना सराहनीय कदम है. जांच टीम ने सभी बिंदुओं की गहनता से जांच हुई एवं अनियमितताओं को सही पाया मगर मुख्य विषय जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में नही रखा गया. गैलरी और जाली के बीच मात्र तीन फीट के नाली के ऊपर पेसैज किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है. यह भवन, आपदा, अग्निशमन व रेरा अधिनियम के विपरीत है. खिलाड़ियों के साथ दर्शकों की जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग (भवन,आपदा, अग्निशमन व रेरा) से मंतव्य एवं अनापत्ति प्राप्त करने के बाद ही काम करें.

## परेशानी डेढ़ साल पहले एनजीटी की दखल के बाद कुछ दिनों तक दिखावे के लिए हटाया गया कचरा

# एनजीटी का आदेश हवा हुआ, मरीन ड्राइव में अब भी कचरे का पहाड़

- भाजपा नेता देवेंद्र सिंह ने मंत्री पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

सोनारी मरीन ड्राइव रोड स्थित कचरा डंपिंग यार्ड में अभी भी कचरे का अंबार लगा हुआ है. जिसके कारण दुर्गंध से स्थानीय लोगों का जीना दुश्वार हो गया है. उक्त कचरा हटाने तथा रिसाइकल करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एनजीटी में हलफनामा भी दिया गया. लेकिन अभी तक वहां से कचरा पूरी तरह साफ नहीं हुआ है.

बरसात में पानी में भींगने के कारण कचरे से अजीब तरह की बदबू आ रही है. जिसके कारण राहगीर एवं वहां निवास करने वाले लोगों में इसको लेकर नाराजगी है. शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा से प्रत्याशी रहे देवेंद्र सिंह ने कचरा स्थल का दौरा किया. बताया कि अभी भी वहां लाखों टन कचरा पड़ा हुआ है. लगभग डेढ़ साल पहले नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने टाटा स्टील एवं जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी को नोटिस देकर कचरा हटाने का निर्देश दिया था. कचरा नहीं हटाने पर जुर्माना लगाने की बात कही थी. लेकिन दिखावे के लिए कुछ दिनों तक कचरा हटाया गया. उसके बाद स्थिति ज्यों की त्यों हैं. साथ ही वहां अभी भी कचरा फेंका जा रहा है. जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है.



> मरीन ड्राइव में सड़क किनारे पड़ा कचरा हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है. साथ ही इसके लिए जुस्को (अब टीएसयूआईएसएल) के साथ मिलकर ज्वांट वेंचर कंपनी (जेआईटीसी) बनायी गई है. कचरे को रिसाइकल करने के लिए प्लांट बैठाया जाना है. जल्द ही उक्त स्थल से पूरी तरह कचरा हटा लिया जाएगा.
>
> **कृष्ण कुमार, उप नगर आयुक्त, जमशेदपुर अक्षेस**

देवेंद्र सिंह ने बताया कि एनजीटी के संज्ञान लेने के बाद स्थानीय विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता ने यहां की जनता को आश्वस्त किया था कि एक साल के अंदर कचरा हटाकर यहां पार्क बना दिया जाएगा. लेकिन लगभग डेढ़ साल हो गया पार्क तो छोड़िए अभी तक कचरा नहीं हटा. उन्होंने कहा कि यह अदालत के साथ धोखाधड़ी है तथा झूठा शपथ पत्र फाइल किया गया है. श्रावण मास चल रहा है. सभी लोग शिव मंदिरों में जल चढ़ा रहे हैं, रुद्राभिषेक कर रहे हैं. लेकिन मंदिरों के सामने कचरा पसरा हुआ है. सोनारी के मौनी बाबा शिव मंदिर के मुख्य दरवाजे पर सप्ताहभर से कचरा पड़ा हुआ है. शिकायत करने पर न सरकार सुनती है ना ही जुस्को कंपनी. समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा.

# मेंस कांग्रेस-यूनियन के बीच हुई सीधी टक्कर

## मेंस यूनियन के सात प्रत्याशी जीते

- दक्षिण पूर्व जोन रेलवे को-ऑपरेटिव सोसाइटी अर्बन बैंक चुनाव

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

दक्षिण पूर्व जोन रेलवे को-ऑपरेटिव सोसाइटी अर्बन बैंक प्रतिनिधि के चुनाव में उलटफेर देखने को मिला. मेंस कांग्रेस को पछाड़कर मेंस यूनियन (एमके सिंह गुट) ने सात निर्वाचन क्षेत्रों से जीत दर्ज की. जबकि मेंस यूनियन को पांच से ही संतोष करना पड़ा. शुक्रवार को चुनाव परिणाम जारी हुआ. मेंस कांग्रेस के संयोजक शशि मिश्रा ने बताया कि उनकी टीम के घनश्याम चौधरी (इंजीनियरिंग), गौतम कुमार (परिचालन), संदीप डेनियल चौधरी (वाणिज्य), दर्शन मुखी (लोको शेड) और मिथलेश दुबे (इलेक्ट्रिकल जनरल विभाग) से विजयी हुए हैं. टाटानगर के डीएन बेहरा और आदित्यपुर-सिनी से राजीव रंजन को जीत मिली है. टाटानगर में गार्ड धर्मेन्द्र कुमार भी चुनाव जीत गए. दूसरी ओर मेंस यूनियन के सात उम्मीदवार विजयी हुए हैं. इनमें मुंद्रीका प्रसाद व रजनीश कुमार (लोको शेड), मनबोध (इंजीनियरिंग), कमल कुमार (मेडिकल), गौतम विश्वास (परिचालन) और अरुण श्रीवास्तव (आदित्यपुर) से चुनाव जीते हैं. गौरतलब हो कि 2010 से सोसायटी का चुनाव नहीं हुआ था.

## ब्रीफ खबरें

### दो दिवसीय जोनल कैरम सेलेक्शन ट्रायल संपन्न

**जमशेदपुर ।** सोनारी स्थित आरएमएस वालीचेला स्कूल में दो दिवसीय पांचवी सीआईएससीई जोनल कैरम सेलेक्शन ट्रायल शुक्रवार को संपन्न हो गया. जमशेदपुर जोन के अंतर्गत आने वाले सीआईएससीई माध्यम के 22 विद्यालयों के कुल 259 प्रतिभागियों ने अंडर -14, अंडर -17 और अंडर-19 बालक और बालिका वर्गों में सेलेक्शन ट्रायल के अगले दौर के लिए क्वालीफाई किया. प्रतियोगिता के समापन के उपरांत सफल एवं विजयी प्रतिभागी आगामी 31 जुलाई से 2 अगस्त 2024 तक जमशेदपुर के केपीएस कदमा में आयोजित होने जा रहे रीजनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे.

### कन्वाई संघ ने मानहानि का मुकदमा की दी चुनौती

**जमशेदपुर ।** कन्वाई चालक संघ के महामंत्री विनोद कुमार सिंह ने पूर्ववर्ती यूनियन के महामंत्री जयनारायण सिंह को संघ के पदाधिकारियों पर मानहानि का मुकदमा करने की चुनौती दी. कहा कि झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर पूर्ववर्ती यूनियन का निबंधन रद्द हुआ है. ऐसे में उक्त यूनियन के कार्यालय में बैठकर बयानबाजी करना गैर कानूनी है. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि कन्वाई चालक संघ उनकी चुनौती स्वीकार करता है.नोटिस मिलने पर पूर्ववर्ती यूनियन की धांधली, गबन आदि की पोल खोली जाएगी.

### मेगा समर कैंप के खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**आदित्यपुर ।** टाटा स्टील फाउंडेशन की आदित्यपुर कम्युनिटी सेंटर की ओर से आयोजित मेगा समर कैंप में भाग लेने वाले 80 प्रतिभागियों को शुक्रवार को समारोहपूर्वक पुरस्कार सह प्रमाणपत्र वितरण किया गया. समर कैंप का आयोजन दिनांक 27 मई से 12 जून तक किया गया. जिसमें फुटबॉल मैच में 40 बच्चों ने भाग लिया और वालीबॉल में भी 40 बच्चों ने भाग लिया था. आज विजेता और उप विजेता टीम को प्रमाणपत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में गम्हरिया के अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह उपस्थित थे.

### विद्यालयों में मां के नाम पर किया गया पौधरोपण

**डुमरिया ।** गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत मिलन विथी प्लस टू उच्च विद्यालय ज्वालकाटा व झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय गुड़ाबांदा के आंगन में एक पेड़ मां के नाम पर वन एवं पर्यावरण समिति की अध्यक्ष पंसस पुष्पा महतो और मुखिया कानाईलाल माहली ने पौधरोपण किया. पंसस पुष्पा महतो ने पौधरोपण कर कहा पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम पर अवश्य लगायें. मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुखदेव राणा, वनरक्षी अभिलाषा महतो, भीम हांसदा, रवीन्द्र नाथ महतो, शिक्षकगण और स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे.

### मजदूर नेता पहली अगस्त को आएंगे जादूगोड़ा

**जादूगोड़ा।** इंडियन फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव टी श्रीनिवास एवं अध्यक्ष डा अपर्णा पहली अगस्त को देर रात्रि जादूगोड़ा आयेंगी. उनका जादूगोड़ा में यह पहला दौरा है. अपने इस दो दिवसीय दौरेके दौरान वे यूसिल की श्रमिक संगठन यूरेनियम कामगार यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे व उन्हें संगठन से जुड़े कई सुझाव देंगे. यह जानकारी यूनियन के नेता राजा राम सिंह ने दी. इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष ड वीके पटोले को भी आमंत्रित किया गया है.

### गम्हरिया में विहिप का अभ्यास वर्ग आयोजित

**आदित्यपुर।** गम्हारिया लाल बिल्डिंग चौक शिव पार्वती मंदिर परिसर में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद का अभ्यास वर्गआयोजित किया गया. जिसकी अध्यक्षता राजू चौधरी ने की. इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई. जिसमें बूढ़ा अमरनाथ यात्रा, विहिप के 60वां स्थापना दिवस, अखंड भारत संकल्प दिवस आदि प्रमुख विषय रहे. इस बैठक में प्रखंड के सभी सदस्य उपस्थित रहे. जिसमें मनीष वाजपेयी, प्रिंस राय, अमरजीत सिंह, राजीव त्रिगुन, कृष्णा मंडल, राजू गुप्ता मुख्य रूप से शामिल रहे. इनके अलावा बैठक में मुख्य रूप से मिथलेश महतो, संजय चौरसिया, संजय सिंह आदि शामिल थे.

## घाटशिला कॉलेज में पांच दिवसीय आदिवासी पारंपरिक नृत्य संगीत कार्यशाला संपन्न

# संस्कृति व परंपरा को सुरक्षित रखा जाना आवश्यक : एसडीओ

संवाददाता । घाटशिला



घाटशिला कॉलेज में संताली विभाग के संयोजन में 22 जुलाई से चल रहे पांच दिवसीय आदिवासी पारंपरिक नृत्य संगीत कार्यशाला का समापन शुक्रवार को किया गया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में घाटशिला एसडीओ सच्चिदानंद महतो एवं सम्मानित अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत उपस्थित थे.

समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने की. कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में आदिवासी पारंपरिक वाद्य यंत्रों में मांदल, नगाड़ा, बानम, तिरियो, घंटी एवं चोड़चडी का प्रशिक्षण लेने वाले कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सभी वाद्य यंत्रों को बजाकर नृत्य संगीत की मनमोहक प्रस्तुति की. इसे देख कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सभी प्रशिक्षित छात्रों को प्रोत्साहित किया. प्रशिक्षण लेने वाले 50 छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया.

इस मौके पर मुख्य अतिथि सच्चिदानंद महतो ने कहा कि आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा को सुरक्षित रखना तथा इसे बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है. इस दिशा में घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी का कार्य अति सराहनीय एवं अतुलनीय है.

प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने कहा कि यह पांच दिवसीय कार्यशाला टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ है. इस कार्यशाला में आदिवासी वाद्य यंत्रों का बेसिक प्रशिक्षण दिया गया है. अब एडवांस प्रशिक्षण की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि इसके लिए टाटा स्टील के ट्राइबल सर्विसेज के हेड जीरेन जेवियर टोपनो एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ सौरभ कुमार राय से आग्रह करेंगे कि सितंबर माह में एडवांस का भी सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला करवा दें. इससे कॉलेज के आदिवासी छात्र छात्राएं अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के महत्व को समझ सकेंगे और अपनी संस्कृति के संरक्षण में सहयोग कर सकेंगे.

मौके पर मानिक मार्डी, बसंती मार्डी, डॉ एसके सिंह, डॉ डीसी राम, प्रो. इंदल पासवान, डॉ संदीप चंद्र, प्रो महेश्वर प्रमाणिक, डॉ एसपी सिंह, डॉ कुमार विशाल के अलावे काफी संख्या में शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

## स्कूल रुआर के तहत सरायकेला में कार्यशाला आयोजित

# शिक्षा का माहौल बच्चों के अनुरूप बनाने पर जोर

संवाददाता । आदित्यपुर



स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों को वापस स्कूल लाने के लिए राज्य सरकार स्कूल रुआर कार्यक्रम चला रही है. इसे लेकर शुक्रवार को सरायकेला में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यशाला के जरिये स्कूल के ड्रॉप आउट बच्चों को वापस कैसे स्कूल लाना है. बच्चों ने किस वजह से स्कूल छोड़ा, स्कूल में बच्चों की उपस्थिति कैसे बढ़े इस पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यशाला के जरिये सभी शिक्षकों को स्कूल में शिक्षा का माहौल बच्चों के अनुरूप बनाने का निर्देश दिया गया.

कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल रुआर के जरिये ड्रॉप आउट स्कूली बच्चों को दुबारा स्कूल से जोड़ने की दिशा में सभी जनप्रतिनिधियों को आगे आने की जरूरत है. सरायकेला नव सृजित जिला है. यहां अभी शिक्षा के क्षेत्र में काफी कार्य होने हैं. स्कूल रुआर इस दिशा में बड़ी पहल है.

विधायक प्रतिनिधि सनंद कुमार आचार्य ने बताया कि स्कूल रुआर सिस्टम के जरिये ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से दुबारा जोड़ने की दिशा में अच्छी पहल है. इसके जरिये सरकार राज्य में शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रही है जो एक बेहतरीन प्रयास है. उन्होंने इस अभियान से हर किसी को जुड़ने की अपील की.


कार्यशाला में डीडीसी प्रभात कुमार बरतियार, एसडीएम सुनील कुमार प्रजापति, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेम्ब्रम, शिक्षा विभाग से सांत्वना जेना सहित शिक्षा विभाग एवं प्रशासन से जुड़े तमाम पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे.

**ड्रॉप आउट बच्चों को हर हाल में वापस लाना है : उपायुक्त**

उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि ड्रॉप आउट बच्चों को हर हाल में दुबारा वापस लाना है. इसमें न केवल शिक्षा विभाग, बल्कि हर आम लोगों की जिम्मेदारी बनती है. स्कूलों में हर तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसका ध्यान रखते हुए आज से ही इस दिशा में पहल शुरू कर दें. उन्होंने कहा कि आगामी 14 अगस्त तक जो भी अधिक से अधिक ड्रॉप आउट बच्चों को दुबारा स्कूल से जोड़ेंगे उन्हें स्वाधीनता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित कराया जाएगा. इसमें हर कोई हिस्सा ले सकता है. उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षित होंगे तभी शिक्षित समाज और शिक्षित राष्ट्र की परिकल्पना साकार होगी.

## नहीं मिला इंसाफ तो एसपी के दरबार पहुंची घायल महिला

### महिला व उसके पति की पड़ोसियों ने की थी पिटाई




संवाददाता । आदित्यपुर

आरआईटी थाना निवासी रोड नंबर 10 में रहनेवाली गीता देवी ने शुक्रवार को सरायकेला एसपी पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगाई है. उसने एसपी मुकेश लुणायत को लिखित रूप से बताया कि वह रोड नंबर 10 में अवधेश सिंह के मकान में किराए पर रह रही है. उसके पति संजय गुप्ता दूसरे का टेम्पो भाड़े पर चलाते हैं. 11 जून को वह छत पर चावल बड़ी सुखा रही थी. जिसे हटाने के लिए पड़ोस में रहनेवाले पिता और पुत्र शिवम पांडेय और संतोष पांडेय से कहासुनी हो गई जिसके बाद दोनों पिता पुत्र ने उनके और पति की जमकर पिटाई कर दी. लाठी और रॉड से पीटने की वजह से उसके पति का हाथ पैर टूट गया है जिसका अब तक एमजीएम में इलाज चल रहा है. इसकी शिकायत आरआईटी थाना में की गई थी लेकिन आरआईटी पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है. महिला की शिकायत पर एसपी ने आश्वस्त किया है कि वे इस मामले में इंसाफ दिलाएंगे. उन्होंने महिला को भरोसा दिलाया है कि वे मामले की जांच कर दोषी पिता पुत्र के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेंगे .

## सुरक्षाकर्मियों ने हड़ताल वापस ली

**जमशेदपुर ।** वेतन भुगतान की मांग को लेकर गत 10 जुलाई से हड़ताल कर रहे के जीडीएक्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सुरक्षाकर्मियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली. सभी की आज श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार एवं अविनाश ठाकुर की उपस्थिति में एजेंसी से वार्ता हुई. जिसमें लंबित वेतन भुगतान का आश्वासन मिला. जिसके बाद सभी सुरक्षाकर्मी शराब दुकान पर सुरक्षा प्रहरी के काम में आज से जुट जाएंगे.

## इंटक के पदाधिकारियों को मिला मनोनयन प्रमाण पत्र



- जमशेदपुर महानगर इंटक के पहली कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर महानगर इंटक के पहली कार्यकारिणी की बैठक टिनप्लेट यूनियन कार्यालय में महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह राजू के अध्यक्षता में हुई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय मौजूद थे. इस दौरान महानगर इंटक की नई कार्यकारिणी का स्वागत किया गया. साथ ही सभी को प्रदेश अध्यक्ष ने अपने हाथों से मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदान किया. उपस्थित इंटक नेताओं को संबोधित करते हुए राकेश्वर पांडेय ने कहा कि राजेश सिंह राजू मेहनती एवं लगनशील नेता हैं. उनके नेतृत्व में महानगर इंटक मजदूर हित में कार्य करेगा. उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों का ख्याल रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करना है. मौके पर राजेश सिंह राजू ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वे उसपर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे. इससे पहले सभी ने राकेश पांडेय का अभिनंदन किया. कार्यक्रम को परविंदर सिंह सोहल, अरुण कुमार सिंह, ददन सिंह, बेबी सिंह आदि नेताओं ने संबोधित किया.

## आश्रितों को स्थायी नौकरी के लिये ईडी से मिले यूनियन नेता

### एचसीएल प्रबंधन को संघर्ष समिति व श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन



संवाददाता । घाटशिला

झारखंड श्रमिक संघ एवं एचसीएल-आईसीसी बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मजदूरों की समस्या को लेकर कंपनी के कार्यपालक निदेशक एसएस सेठी को ज्ञापन सौंपा गया. श्रमिक संघ के अध्यक्ष काजल डॉन ने बताया कि ज्ञापन में एचसीएल के सभी माइंस को निजी कंपनियों को बेचने से पहले पूर्व कर्मचारियों के आश्रितों को स्थायी नियुक्ति पत्र देने और सभी माइंसों के साथ-साथ मऊभंडार फैक्ट्री चालू करने की मांग की गई है.

उन्होंने कहा कि विगत 20 जून को झारखंड श्रमिक संघ द्वारा मजदूरों की समस्या से प्रबंधन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था, परंतु एक महीना बीत जाने के बाद भी कंपनी प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की सूचना या जानकारी नहीं दी गई न ही कोई सकारात्मक पहल किया गया. एचसीएल-आईसीसी मऊभंडार में करीब 291 स्थायी मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे हैं. पूर्व कर्मचारी के सभी आश्रितों को भी एचसीएल-आईसीसी प्रबंधन द्वारा स्थायी नियुक्ति दी जाए, अन्यथा वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे. मौके पर एचसीएल आईसीसी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक फेबियन तिर्की, झारखंड श्रमिक संघ के कोषाध्यक्ष कमल दास सहित अन्य उपस्थित थे.

## जमशेदपुर कांग्रेस में चल रहा समानांतर कार्यक्रम



- डॉ. अजय के बाद बिरसानगर में जिलाध्यक्ष ने चलाया जनसंपर्क

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस में इन दिनों गुटबाजी चरम पर है. तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की तर्ज पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार का खेमा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. बृहस्पतिवार को पूर्व सांसद ने जहां बागुनगर, बिरसानगर सरीखे क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया, वहीं शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी उन्हीं क्षेत्रों के इर्द-गिर्द पहुंचे, जहां कल डॉ. अजय कुमार ने जन संपर्क अभियान चलाया था. आनंद बिहारी दुबे ने बिरसानगर जोन 5 और 6 का दौरा किया. इस दौरान वे आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए. मीडिया में बयान जारी कर कहा कि बिरसानगर के अंदरूनी जगहों में जाकर देखा तो पाया कि कहीं सड़कें गायब हैं, कहीं साफ पीने के पानी की कमी है. सड़कों पर पानी बह रहा है. हर जगह कूड़ा फैला हुआ है. बिजली के खंभे पर लाइट लगी है लेकिन जलती नहीं है. उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ पैदल घूम-घूमकर समस्याओं पर चर्चा की तथा उसके समाधान का आश्वासन दिया.

## गांव-गिरांव

## सरायकेला में मानसून सामान्य से भी कम, बारिश नहीं होने से सुखाड़ की स्थिति

# किसानों के बीच निराशा, दलहन व तिलहन की खेती की तैयारी में जुटे

- जिला कृषि पदाधिकारी की अपील- कम पानी में होने वाली फसलों की करें खेती

संवाददाता । आदित्यपुर



*गम्हरिया प्रखंड के राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत किसान सोखेन हेम्ब्रम कहते हैं, अब तक बिचड़े भी तैयार नहीं हो पाए हैं. ऐसे में धान की रोपाई तो किसान भूल चुके हैं. अब हमलोग सरकार की ओर आस लगाए बैठे हैं.*



सरायकेला खरसावां जिले में जुलाई का औसत वर्षापात 253 मिमी है. इस साल 25 जुलाई तक मात्र 40 एमएम बारिश हुई है, जो कृषि कार्य के लिए नाकाफी है. बारिश के बिना जिले में कृषि कार्य नहीं के बराबर हुआ है. सुखाड़ का बादल मंडरा रहा है. बारिश नहीं होने के कारण किसान काफी निराश हो गए हैं. जिले के कई किसान अब दलहन और तिलहन बोने के लिए खेत जोतना शुरू कर चुके हैं. यह फसल कम पानी में अच्छी पैदावार देती है. कुछ किसान रोजगार की तलाश में पलायन की तैयारी भी कर रहे हैं. इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि धान की खेती के लिए उचित समय 15 जून से 25 जुलाई के बीच होता है. इस अवधि में धान की अच्छी उपज के लिए मानसून का सक्रिय रहना आवश्यक है. हालांकि इस वर्ष मानसून की स्थिति चिंताजनक रही है. 15 जून से 25 जुलाई के बीच पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है, जिससे धान के बिचड़े तैयार नहीं हो पाए हैं. धान की खेती में देरी और पर्याप्त वर्षा की कमी से उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. किसान भाइयों को इस परिस्थिति में उचित निर्णय लेने की आवश्यकता है. अब यदि धान की बुआई की जाती है तो अच्छी उपज मिलने की संभावना बहुत कम है. मक्का, ज्वार, बाजरा की सूखे में भी अच्छी होती है उपज उन्होंने कहा किसान वैकल्पिक फसल के रूप में दलहन, तिलहन और अन्य कम पानी वाली फसलें उगा सकते है. मूंग, उड़द, सोयाबीन, और तिल जैसी फसलें कम समय और कम पानी में अच्छी उपज देती हैं. इसके अतिरिक्त मक्का, बाजरा और ज्वार जैसी फसलों पर भी विचार किया जा सकता है, जो सूखे की स्थिति में भी बेहतर उत्पादन दे सकती हैं.

उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भी मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसानों को वैकल्पिक फसलों की खेती करने की सलाह दी जा रही है. इससे न केवल किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है, बल्कि जल संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य भी बनाए रखा जा सकता है.

## न्यूज अपडेट

### घर का ताला तोड़ बाइक समेत जेवरात की चोरी



**घाटशिला ।** घाटशिला थाना क्षेत्र के लालडीह मुहल्ला स्थित विश्वनाथ मंदिर के समीप घर का ताला तोड़कर गुरुवार की रात स्प्लेंडर बाइक और घर में रखे जेवरात की चोरी कर ली. शुक्रवार की सुबह आसपास के लोगों ने घर का ताला टूटा हुआ देखने के बाद घाटशिला थाना को सूचना दी. पुलिस को पड़ोसियों ने बताया कि कृष्ण बिहारी शर्मा पूरे परिवार के साथ अपने भतीजा शुभम शर्मा के पास बिहार के सहरसा गये हैं. पड़ोसियों ने घटना की जानकारी कृष्ण बिहारी शर्मा को दे दी है. घर पर कोई नहीं रहने के कारण यह पता नहीं चल पाया है कि क्या-क्या चोरी हुई है. सिर्फ बाइक नहीं दिख रहा है. पुलिस गृह स्वामी के आने की प्रतीक्षा कर रही है. इसके बाद मामला दर्ज किया जाएगा.

### भूमिज भाषा को लेकर मंत्री से मिले विधायक



**डुमरिया ।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा - 2024 में भूमिज भाषा को शामिल करने की मांग को लेकर पोटका के विधायक संजीव सरदार शुक्रवार को झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम से मिले. इस दौरान विधायक संजीव सरदार ने मंत्री बैद्यनाथ राम को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा - 2024 में जनजातीय भूमिज भाषा को शामिल करने की मांग की. ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन लिया जा रहा है. इस विज्ञापन में उल्लेखित 15 भाषाओं मे से किसी एक भाषा की परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है, लेकिन उक्त भाषाओं की सूचि मे भूमिज भाषा को शामिल नहीं किया गया है. भूमिज भाषा झारखंड की जनजातीय भाषा है.

### विस परिसर में रामदास ने लगाया फलदार पौधा



**घाटशिला ।** झारखंड विधानसभा भवन परिसर में शुक्रवार को वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार ने 75वां वन महोत्सव 2024 का आयोजन किया. इस कार्यक्रम के तहत घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामदास सोरेन ने फलदार पौधा लगाया. कार्यक्रम में झारखंड के सभी विधायकों को आमत्रंण दिया गया था. कार्यक्रम का थीम था, जब होगी वनों की रखवाली तभी होगी धरती पर हरियाली. मौके पर सभी विधायकों ने संकल्प लिया कि वर्तमान समय में जिस पर्यावरण की कमी के कारण प्रकृति में असंतुलन हुआ है तथा इसे हर हाल में हरित क्रांति को बढ़ावा देकर ही संतुलित किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि मौके पर काफी संख्या में विधायक मौजूद थे.

### श्री नीलकंठ महादेव संघ की भजन संध्या 29 को



**जमशेदपुर ।** श्री नीलकंठ महादेव संघ ने सावन की दूसरी सोमवारी पर 29 जुलाई को भजन संध्या का आयोजन किया है. कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर और लिटिल आर्यन बाबू श्रद्धालुओं को भक्ति गीत सुनाएंगे. संघ के वरिष्ठ सदस्य पंकज कुमार ने बताया की दूसरी सोमवारी पर भजन संध्या का यह आठवां आयोजन है. संघ के सदस्य पंकज कुमार ने बताया कि इस मौके पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 10 फीट के बाबा बर्फानी होंगे. भजन संध्या में महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की जा रही है. इसके लिए विशाल वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है. वाहनों के पार्किंग के लिए भी उचित व्यवस्था की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो.

### आदित्यपुर से ट्रक की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के बीको मोड़ स्थित एएसएल मोटर के पास से 23 जुलाई की रात एक 12 चक्का एलपीटी ट्रक चोरी हुआ है. यह ट्रक ओम प्रकाश महतो का है. वह 23 जुलाई की रात्रि करीब एक बजे अपना ट्रक संख्या जेएच 06 एच 7784 को हमेशा की तरह खड़ा किये और घर चले आये थे, जो दूसरे दिन सुबह गायब पाया गया. जिसकी सूचना उन्होंने आदित्यपुर थाना पुलिस को दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस स्थान से वाहन चोरी हुई है उस स्थान का सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने बरामद कर लिया है. बरामद सीसीटीवी फुटेज में पुलिस ने कई सारे साक्ष्य भी पाए हैं. साथ ही लोकेशन के आधार पर कार्रवाई पर जुट गई है.

### कार व बाइक की टक्कर में वनरक्षी घायल



**घाटशिला ।** घाटशिला थाना क्षेत्र के कपागोड़ा एवं जगन्नाथपुर गांव के बीच एनएच 18 फोरलेन पर शुक्रवार की शाम बाइक एवं कार की टक्कर में चाकुलिया वन क्षेत्र के वनरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गये. दुर्घटना स्थल से गुजर रहे घाटशिला जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह ने घायल को अपने वाहन से अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आरएन टुडू ने प्राथमिक उपचार कर वनरक्षी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. घटना के संबंध में प्रभारी वनपाल संजय दास ने कहा कि चाकुलिया वन क्षेत्र के वनरोपण में कार्यरत वनरक्षी के पद पर कार्यरत विश्वजीत महापात्र मूल रूप से बहरागोड़ा के जगन्नाथपुर गांव का रहने वाला है. वह बाइक से जादूगोड़ा के रोआम जा रहा था. सूचना मिलने पर घाटशिला वन विभाग के सभी लोग अस्पताल पहुंचे हैं.

### एमएसएमई कम्पिटीटीव लीन योजना पर कार्यक्रम



**आदित्यपुर ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय एवं सिडबी जमशेदपुर द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को एसिया हॉल आदित्यपुर में ₹एमएसएमई कम्पिटीटीव लीन योजना₹ विषय के ऊपर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया), आदित्यपुर ने इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग दिया. कॉम्पिटिटिव लीन (LEAN) योजना के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के उद्यमी अपनी क्षति को काफी हद तक कम कर सकते हैं. उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं, सुरक्षित रूप से काम कर सकते हैं और अपने बाजारो का विस्तार कर सकते हैं. तथा अंततः प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन सकते हैं. यह एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की एक स्कीम है.

## यूजी में अप्लाई किये सभी विद्यार्थी का हो नामांकन : छात्रसंघ

**चाईबासा ।** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में यूजी का नामांकन चल रहा है. मालूम हो कि यूजी में दाखिला लेने की अंतिम तिथि समाप्त हो गई है. लेकिन वैसे बहुत सारे विद्यार्थी हैं, जिन्होंने नामांकन हेतु ऑनलाइन अप्लाई किया है. कॉलेज प्रशासन सीट फुल हो जाने की वजह बताकर उनका नामांकन नहीं ले रहा है. छात्र संघ का कहना है कि जब सीट फुल हो गया था तो उस स्थिति में विद्यार्थियों का ऑनलाइन अप्लाई होना ही नहीं चाहिए था. अब विद्यार्थी ऑनलाइन अप्लाई कर चुके हैं और उनका नामांकन नहीं होना, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है. खासकर चाईबासा के विभिन्न कॉलेजों में अध्ययन हेतु दूर दराज से छात्र-छात्राएं आते हैं. उन छात्रों को यह जानकारी नहीं होती है कि वह अलग-अलग कॉलेजों में ऑनलाइन अप्लाई करें. लगभग विद्यार्थी किसी एक ही कॉलेज में ऑनलाइन अप्लाई करते हैं और अब कॉलेज प्रशासन उनका एडमिशन नहीं लेता है तो वे सभी छात्र नामांकन लेने से वंचित रह जाएंगे. छात्र संघ इसका पुरजोर विरोध करती है. विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करती है कि यूजी में ऑनलाइन अप्लाई किये गये सभी विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करें ताकि छात्र-छात्राएं आगे की पढ़ाई जारी रख सकें.

## ब्रीफ खबरें

### मनोहरपुर में बोलेरो और पिकअप वैन में टक्कर

**मनोहरपुर ।** मनोहरपुर-जराईकेला मुख्य मार्ग स्थित मीना बाजार के समीप शुक्रवार को बोलेरो और मालवाहक पिकअप वैन में सीधी टक्कर हो गई. इससे दोनों ही वाहन के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है. हालांकि इस सड़क दुर्घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है. टक्कर में बोलेरो का एयर बैग खुल जाने से उस पर सवार लोग बाल-बाल बच गए. बताया जाता है कि बोलेरो में सवार सेलकर्मी एसआर नायक राउरकेला की ओर जा रहे थे. वहीं मनोहरपुर उंधन निवासी सिकेश पोद्दार मालवाहक पिकअप वैन से मनोहरपुर की ओर आ रहे थे. दोनों ही वाहन का संतुलन बिगड़ गया और सीधी भिड़ंत हो गई.

### कराइकेला में नए सीओ का किया गया स्वागत

**चक्रधरपुर ।** कराईकेला पंचायत भवन में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी भीकम कुमार का शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख पीटर घनश्याम तियु व बीडीओ नम्रता जोशी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया. मौके पर प्रमुख पीटर घनश्याम तियु ने कहा कि नए सीओ इस क्षेत्र की समस्या को दूर करेंगे. उन्होंने कहा कि बंदगांव का अधिकांश भाग बीहड़ जंगल क्षेत्र है. यहां समस्या भी अधिक है. उन समस्याओं का दूर होना जरूरी है. नव पदस्थापित अंचल अधिकारी भीकम कुमार ने प्रमुख, बीडीओ एवं ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह अपने कार्य में कोई कोताही नहीं बरतेंगे. साथ ही समस्याओं का समाधान करेंगे.

### जरुरतमंद को अबुआ आवास नहीं मिलने पर संघ आक्रोशित

**चाईबासा ।** जगन्नाथपुर पंचायत भवन में पश्चिम सिंहभूम जिला मुखिया संघ की बैठक जगन्नाथपुर प्रखंड अध्यक्ष जुलियस हेम्ब्रम की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई. बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष गुलशन सुंडी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास हेतु ग्राम सभा द्वारा चयनित जरूरतमंदों एवं अत्यंत गरीब, विकंलाग, झोपड़ी में रहने वाले, विधवा आदि को आवास नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण विषय है. इसका जिला मुखिया संघ विरोध करती है. इसके लिए संघ धरना-प्रदर्शन भी करेगा.

### आस संयोजक ने ठेकेदार पर डीसी से कार्रवाई की मांग की

**किरीबुरु ।** आदिवासी समन्वय समिति ( आस ) के संयोजक सुशील बारला ने डीसी कुलदीप चौधरी को पत्र सौंप सारंडा के दीघा पंचायत अन्तर्गत मरंगपोंगा एवं दिकूपोंगा में वर्षों से अपूर्ण जलमीनार योजना की उच्च स्तरीय जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि दिकूपोंगा एवं मरंगपोंगा गांव में विगत 2 वर्षों से सोलरयुक्त जलमीनार का निर्माण डीएमएफटी मद से किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार ने उसे आज तक पूरा नहीं किया है. इस संबंध में 29 मई 2023 को भी डीसी को पत्र लिखा गया था, लेकिन उक्त ठेकेदार के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं की गई है.

---

महिला कॉलेज में सात दिवसीय प्रायोगिक क्रियाकलाप का किया गया आयोजन

# 6 राज्य की छात्राएं सांस्कृतिक अध्ययन पर पहुंचीं चाईबासा

- सांस्कृतिक क्रियाकलाप की सराहना की गई
- वेशभूषा, गीत संगीत, खान-पान को किया प्रदर्शित

**संवाददाता । चाईबासा**

महिला कॉलेज के बीएड सभागार में सात दिवसीय सांस्कृतिक अध्ययन का प्रायोगिक क्रियाकलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें भारत के छह पूर्वोत्तर राज्यों की छात्राओं ने हिस्सा लिया. सेमेस्टर 3 सत्र 2022–2024 की प्रशिक्षु छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण के तहत वैकल्पिक व्यवस्था की गयी. महिला कॉलेज चाईबासा की प्रभारी प्राचार्य डॉ अंजू बाला खाखा ने सांस्कृतिक क्रियाकलाप की सराहना की तथा छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आंतरिक गुणों को प्रकट करने के लिए शुभकामनाएं दीं. छात्रा लवली कुमारी और ग्रुप ने पश्चिम बंगाल, अवंतिका गुप्ता और ग्रुप ने असम, बोनिता महतो और ग्रुप ने त्रिपुरा, सेलेस्टीना देवगम और ग्रुप ने मणिपुर, प्रेमी अंशु पूर्ति और ग्रुप ने नागालैंड, हुमा अरशद ने मेघालय राज्य को प्रस्तुत किया. मुख्य रूप से वेशभूषा, गीत संगीत, भौगोलिक विशेषताएं ,पौराणिक कथाएं एवं खान-पान को प्रदर्शित किया गया. इस क्रियाकलाप को सफल बनाने में बीएड विभाग के प्रोफेसर डॉ राजीव लोचन नामता, डॉक्टर ओनिमा मानकी, प्रोफेसर सुजाता किस्पोट्टा, प्रोफेसर प्रीति देवगम, प्रोफेसर बबीता कुमारी, प्रोफेसर शीला समद, प्रोफेसर सितेंद्र रंजन सिंह, प्रोफेसर मदन मोहन मिश्रा एवं प्रोफेसर धनंजय कुमार की अहम भूमिका थी. सेमेस्टर 3 की छात्राओं में पूजा महतो, रितिका राम, गुड़िया तिर्की, फरहा, सुदीप्ता डे और निक्की कुमारी उपस्थित थीं.



चाईबासा महिला कॉलेज में झारखंड की छात्राओं के साथ पूर्वोत्तर के छह राज्यों की छात्राएं.

---

मजदूरों का मांगों को लेकर सुबह से धरना-प्रदर्शन जारी

# चिड़िया खान संयुक्त ठेका श्रमिकों का अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू

- पूर्व में सेल के खान जीएम को लिखित दी गई थी सूचना
- ढुलाई कार्य में लगे हाइवा और ट्रकों का परिचालन ठप

**संवाददाता । मनोहरपुर**

मनोहरपुर (सेल) चिड़िया खान संयुक्त ठेका श्रमिकों ने अपनी तीन सूत्री समेत विभिन्न मांगों के समर्थन में शुक्रवार से अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू कर दिया है. मजदूरों ने सड़क जाम कर लौह अयस्क ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह से ठप कर दिया है. ठेका मजदूर एकता का परिचय देते हुए मनोहरपुर साइडिंग स्थित सेल अधिकृत एनएसपीएल ठेका कंपनी कार्यालय के समीप सड़क जाम कर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं. इससे लौह अयस्क ढुलाई कार्य में लगे हाइवा और ट्रकों का परिचालन पूरी तरह ठप है. इस संदर्भ में चिड़िया खान संयुक्त ठेका श्रमिकों ने पूर्व में सेल के खान महाप्रबंधक खान गुवा, चिड़िया को इसकी लिखित सूचना भी दी थी.



एनएसपीएल ठेका कंपनी कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन कर सड़क जाम करते मजदूर.

### मजदूरों की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

इस मौके पर आंदोलनरत मजदूरों ने बताया कि वे लोग माइंस के बी रजिस्टर के मजदूर हैं और माइंस के ठेकेदार के अंतर्गत काम करते हैं, लेकिन उन्हें एनएसपीएल द्वारा भारत सरकार द्वारा छंटनी के आदेश के अनुसार न तो भुगतान किया गया है और न ही उन्हें नियमानुसार काम पर नियुक्त किया गया है. इसे लेकर माइंस के जीएम और ठेका कंपनी से कई बार बात कर समस्याओं का निदान करने की मांग की गई है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकाला गया है. इस मसले को लेकर 6 मार्च को आरसीएल, धनबाद के समक्ष सुनवाई भी हुई थी. सुनवाई की अगली तारीख 5 जुलाई को निर्धारित की गई थी, परंतु उक्त तिथि को सुनवाई नहीं हुई. इसे लेकर 7 जुलाई को माइंस के जीएम को पत्र लिखकर मांग की गई थी कि उन्हें बकाया भुगतान और टेंडर के तहत काम प्रदान किया जाये. ऐसा न होने पर 15 दिनों के बाद मजदूर 26 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए लौह अयस्क की ढुलाई बंद कर देंगे. इसकी जवाबदेही बीएसएल प्रबंधन और माइंस ठेकेदार एनएसपीएल की होगी. मजदूरों ने कहा कि नियमानुसार उन्हें विगत 3 साल से माइंस में काम देने की बजाये माइंस जाने वाली सड़क पर काम करने को कहा जाता है. मौके पर हरि लोहार, आनंद ग्वाला, मणिलाल बरजो, गणेश महतो, गौरीशंकर मुखी, कुजरी कुम्हार समेत काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे.

### छापामारी में पश्चिम बंगाल का मिला शराब

**चांडिल ।** चांडिल रेलवे कॉलोनी में बने अवैध कमरे में छापामारी कर उत्पाद विभाग ने बड़ी मात्रा में शराब व बीयर बरामद की है. बरामद शराब व बीयर सिर्फ पश्चिम बंगाल में बेचने के लिए है. इसकी जानकारी देते हुए सरायकेला-खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि कमरे की तलाशी के दौरान फॉर सेल इन बंगाल लिखे छह पीस बीयर, मैकडॉनल्ड व्हिस्की 750 एमएल का एक व 180 एमएल का तीन पीस, रॉयल स्टैग व्हिस्की 180 एमएल तीन पीस, आईकॉनिक व्हिस्की 180 एमएल एक पीस, ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की 375 एमएल एक पीस जब्त किया गया है. वहीं दूसरी ओर सरायकेला-खरसावां जिले के अधीक्षक उत्पाद के निर्देश पर शुक्रवार को विभागीय कर्मियों ने चांडिल थाना क्षेत्र के चाकुलिया कैनाल के पास और जरियाडीह में एक घर के पीछे संचालित दो शराब अड्डा पर छापामारी की. छापेमारी के क्रम में 500 किलोग्राम जावा, महुआ नष्ट किया गया. इस दौरान 10 लीटर महुआ चुलाई शराब भी जब्त की गई. छापामारी के दौरान किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है. शराब अड्डा संचालक व मालिक के विरुद्ध केस दर्ज किया जा रहा है.



---

# सारंडा में सीआरपीएफ के जवान मलेरिया से पीड़ित

- नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल जवान दो मोर्चे पर लड़ रहे

**संवाददाता । किरीबुरु**



सारंडा जंगल में सक्रिय भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ दो मोर्चे पर कोबरा एवं सीआरपीएफ के जवान लडाई लड़ रहे हैं. पहला तो सीधे नक्सलियों के खिलाफ और दूसरा मलेरिया मच्छरों से. मच्छर इन जवानों के लिये सबसे ज्यादा परेशानी बने हुए हैं. सारंडा के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाने के क्रम में 25 जुलाई को ही कोबरा बटालियन के उप समादेष्टा समेत सीआरपीएफ के चार जवान मलेरिया से गंभीर रूप से पीड़ित हो गये. सभी को सेल अस्पताल किरीबुरु में भर्ती कराया गया है.

वहां डॉ. पीआर सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम इलाज कर रही है. ऑपरेशन में शामिल विभिन्न बटालियन के कोई न कोई जवान पिछले कुछ दिनों से प्रतिदिन मलेरिया से ग्रसित हो रहे हैं.

सूत्रों का कहना है कि वर्षा के दौरान सारंडा जंगल में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है. यह जवान दिन-रात घने जंगलों व झाड़ियों के बीच से नया रास्ता बनाकर नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं, ताकि नक्सलियों से सारंडा को मुक्त कर यहां शांति बहाल किया जा सके. जंगल में अभियान में लगे जवानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

हालांकि अन्य परेशानियों और चुनौतियों को झेलने में ये जवान माहिर और प्रशिक्षित हैं, लेकिन मलेरिया मच्छर से बचाव कर पाना इनके लिये मुश्किल हो रहा है. सारंडा पहले से ही मलेरिया का कोर जोन रहा है. नक्सली सारंडा के मच्छरों के बीच रहकर आदी हो चुके हैं. जंगल में जवान मच्छरदानी लगाकर नहीं चल सकते हैं.

### बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए किया गया प्रेरित

**चक्रधरपुर ।** बंदगांव प्रखंड के बिरसा भगवान प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्कूल रुआर 2024 कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ नम्रता जोशी, बीईईओ रंजना पांडे, प्रमुख पीटर घनश्याम तियु उपस्थित थे. कार्यशाला का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया. मौके पर बीडीओ नम्रता जोशी ने कहा कि कार्यशाला में 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन और उनके ठहराव हेतु प्रयास करना है. यह कार्यक्रम एवं प्रोजेक्ट इंम्पैक्ट पूरी तरह विद्यालय में लागू करने के लिये रखा गया है. इसकी सफलता में विद्यालय में गठित विभिन्न क्लबों, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति सरस्वती वाहिनी, बाल संसद सदस्य, जनप्रतिनिधियों, सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय से जोड़ा जाएगा. मौके पर बीईईओ रंजना पांडे, काली प्रसाद, अनिल महतो, पुष्पा, लोकनाथ आजि मौजूद थे.



# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम 15 को पुलिस लाइन में होगा



बैठक करते डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी आशुतोष व उपस्थित अन्य.

**संवाददाता । चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई. इसमें 15 अगस्त 2024 को 78वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई. स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन केंद्र चाईबासा में होगा. मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में सुबह 9:05 बजे, इसके बाद सिंहभूम प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, जिला समाहरणालय सहित जिले के समस्त कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय, जिला परिषद कार्यालय एवं रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में झंडोत्तोलन किया जाएगा. बैठक के बाद डीसी ने बताया कि जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा.

जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं उस पर माल्यार्पण, समाहरणालय में सेल्फी स्थल, क्षेत्र में साफ-सफाई तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न समाजिक संस्था को रक्तदान, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, जागरूकता शिविर आयोजित कराने का निर्देश दिया गया है. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट-चक्रधरपुर, सहायक समाहर्ता आदि मौजूद थे.

---

**विचार-विमर्श** आदिवासी समन्वय समिति ने विभिन्न समुदाय के साथ बैठक कर लिया निर्णय

# विश्व आदिवासी दिवस पर पारंपरिक वाद्य यंत्र की लगेगी प्रदर्शनी

- आदिवासी समुदायक के लोग निकालेंगे विशाल बाइक रैली
- सभी पारंपरिक परिधान में कार्यक्रम में होंगे शामिल

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल प्रखंड के चांडिल बाजार में आदिवासी समन्वय समिति के सचिव सुचांद उरांव की अध्यक्षता में संथाल, मुंडा, उरांव, बिरहोर आदि समुदाय के आदिवासियों की बैठक हुई. मौके पर 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को वृहद रूप से मनाने पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में निर्णय लिया गया कि आदिवासी समुदाय के लोग चौका के सिंग डहार स्थित फुलो झानो चौक से विशाल बाइक रैली निकालेंगे. बाइक रैली फुलो झानो चौक से प्रारंभ होकर गौरांगकोचा पहुंचेगी. वहां सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वापस चांदुडीह पहुंचेगी. चांदुडीह में कार्तिक उरांव की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा. इसके बाद चौका होते हुए चांडिल गोलचक्कर पहुंचकर सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद सभी बाइपास रोड पहुंचेंगे. चांडिल बायपास रोड से नाच गान करते हुए गांगुडीह फुटबॉल मैदान में रैली का समापन होगा. वहीं गांगुडीह फुटबॉल मैदान में आदिवासी समुदाय के लोग विश्व आदिवासी दिवस मनाएंगे. बैठक में बताया गया कि चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के आदिवासी अपने पारंपरिक परिधान में कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होंगी. कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समुदाय के लोग अपना लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे. इसके अलावा आदिवासियों के सभी प्रकार के पारंपरिक वाद्य यंत्र, आदिवासी से जुड़े कला, संस्कृति आदि का प्रदर्शन किया जाएगा. बैठक में स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम, श्यामल मार्डी, तिलक उरांव, हाड़ीराम सोरेन, भास्कर टुडू, आदिवासी समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रकाश मार्डी, डोमन बास्के, विकास मुंडा, सुधीर मुंडा समेत आदिवासी समाज से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.



आदिवासी समन्वय समिति की बैठक में कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते सभी समुदाय के प्रतिनिधि.

---

## न्यूज अपडेट

### दो मतदान केंद्र का कोल्हान आयुक्त ने किया निरीक्षण



**चाईबासा ।** प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी ने शुक्रवार को चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 253 एवं 254 एसीसी कॉलोनी टोटो तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय टूटूगुटु स्थित मतदान केंद्र संख्या 145 एवं 146 में बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया. बीएलओ को निर्देश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म 6, 7 एवं 8 का नियमानुसार निष्पादन ससमय करना सुनिश्चित करेंगे. निरीक्षण के क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन, अंचल अधिकारी झींकपानी धनंजय पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी झींकपानी सीमा आइन्द एवं टोंटो के बीडीओ ललित कुमार भगत उपस्थित थे.

### किरीबुरु में घना कोहरा और लगातार हो रही बारिश



**किरीबुरु ।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर में सुबह से लगातार भारी बारिश हो रही है. पूरे शहर में घना कोहरा है. इस वजह से जन-जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है. कोहरा इतना गहरा है कि दिन में भी वाहन चलाने में लोगों को दिक्कत हो रही है. पिछले एक सप्ताह से शहर में निरंतर खराब मौसम की वजह से लोग मौसमी बीमारियों का शिकार होने लगे हैं. प्रतिदिन भारी तादाद में मरीज इलाज हेतु सेल अस्पताल पहुंच रहे हैं. सेल अस्पताल का महिला व पुरुष वार्ड मरीजों से भरा हुआ है. सूर्य की किरणों से लोगों का दर्शन पिछले एक सप्ताह से नहीं हुआ है. घर के गीले कपड़े सुखाने में लोगों को परेशानी हो रही है.

### 31 को गुवा में होगी सेवानिवृत्त श्रमिक संघ के साथ वार्ता



**किरीबुरू ।** अपर उपायुक्त, सहायक श्रमायुक्त, बीएसएल-सेल गुवा के उच्च अधिकारियों एवं सेवानिवृत्त श्रमिक संघ के साथ रोजगार व अन्य मुद्दों को लेकर गुवा में 25 जुलाई को होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता बीएसएल के अधिकारियों के नहीं पहुंचने के कारण स्थगित कर दी गयी थी. अब यह वार्ता 31 जुलाई को निर्धारित की गयी है. इस संबंध में अपर उपायुक्त द्वारा एक पत्र जारी किया गया था. जिसमें कहा गया था कि सेवानिवृत्त श्रमिक संघ गुवा के महासचिव विशकेशन महापात्रो ने सेल, गुवा से सेवानिवृत्त कर्मियों की विभिन्न मांगों व समस्याओं का समाधान के लिये पत्र लिखा है.

### देवघर व अन्य तीर्थ स्थल के लिए संघ का एक जत्था रवाना



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के मानव कल्याण सेवा परिवार कांवड़ियां संघ का जत्था शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम व अन्य तीर्थ स्थल के लिए रवाना हुआ. इसे लेकर महिला-पुरुष कांवड़िया चक्रधरपुर के रांची-चाईबासा मुख्य सड़क के सोनुवा बस स्टैंड पर इकट्ठा हुये.सबसे पहले सोनुवा बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में सभी ने पूजा अर्चना की. इसके बाद बस से कांवड़ियों का दल रवाना हुआ. मौके पर मानव कल्याण सेवा परिवार कांवड़ियां संघ के सदस्यों ने बताया कि यात्रा के दौरान लगभग 62 महिला-पुरुष देवघर समेत बनारस, प्रयागराज, आगरा, मथुरा, वृंदावन, दिल्ली होते हुये गोरखपुर, नेपाल के लुम्बुनी में पशुपति नाथ के दर्शन करेंगे.

### समान कार्य का समान वेतन लेना है तो ड्यूटी करें : रामा पांडे



**किरीबुरु ।** समान कार्य का समान वेतन सेल प्रबंधन से लेना है तो सभी ठेका मजदूरों को सही से ड्यूटी करनी होगी, तभी सेल प्रबंधन समान कार्य का समान वेतन देने पर बाध्य होगा. यह बात झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने रेलवे मार्केट स्थित झारखंड मजदूर संघर्ष संघ कार्यालय में ठेका मजदूरों से कहीं. पांडे ने कहा कि सेल के सिविल विभाग में सेल के ठेकेदारों द्वारा ठेका मजदूरों का शोषण किया जा रहा है. भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर 522 रुपए है, परन्तु सेल के ठेकेदारों द्वारा ठेका मजदूरों को मात्र 200 रुपए ही मजदूरी दी जा रही है. इस शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो मजदूरों को काम से निकाल दिया जाता है.

### डीप बोरिंग व जलमीनार निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के सोनुवा बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के समीप शुक्रवार को चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने डीप बोरिंग व सोलर जलमीनार निर्माण का भूमिपूजन और शिलान्यास किया. मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि मंदिर के समीप जलमीनार बनाने की मांग स्थानीय लोग वर्षों से कर रहे थे. इससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचेगा. वहीं बड़ी संख्या में सोनुवा बस स्टैंड से आने जाने वाले ग्रामीणों को पीने का साफ पानी के लिए परेशानी नहीं होगी. मौके पर पूर्व पार्षद लीला प्रसाद, संजीत विश्वकर्मा, भाजपा नेता शेष नारायण लाल, संजय पासवान, परविंदर सिंह चौहान, समरेश सिंह आदि मौजूद थे.

# आदिवासी ‘हो’ समाज महासभा का 3 अगस्त को रक्तदान शिविर

**संवाददाता । चाईबासा**



तीन अगस्त को आदिवासी ‘हो’ समाज महासभा के संस्थापक अध्यक्ष स्व. सागु सामड की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. इसकी तैयारी के लिए आदिवासी ‘हो’ समाज युवा महासभा के निवर्तमान पदाधिकारियों ने मझगांव में बैठक की. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कमिटी के निर्वतमान अध्यक्ष प्रोसेस उर्फ अनिल चातर ने किया.

बैठक में कहा गया कि समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्व. सागु सामड के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन होना जरूरी है. इसलिए उनकी स्मृति में सदर अस्पताल चाईबासा के साथ मझगांव में एक दिवसीय रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसके बाद जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जाएगा. इसकी तैयारी में आदिवासी हो समाज युवा महासभा की टीम लगेगी और प्रचार-प्रसार कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करेगी.

बैठक में निर्वतमान झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द बिरूवा, जिला उपाध्यक्ष जीत सिंह जोजो, प्रखंड उपाध्यक्ष नंदलाल तिरिया, प्रखंड कोषाध्यक्ष अमर सिंह चातर, सदस्य टाइगर पिंगुवा, श्रीधर पिंगुवा, लाल पिंगुवा, कुंवर सिंह कुंकल आदि उपस्थित थे.

### नवोदय विद्यालय, बोंगा में शुरू हुए तीन दिनी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय हुईं शामिल, कहा

# शारीरिक व मानसिक विकास में खेल की होती है महत्वपूर्ण भूमिका

**संवाददाता। हजारीबाग**

नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय, बोंगा में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. यह प्रतियोगिता 28 जुलाई तक चलेगी. उपायुक्त ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है. शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. विद्यालय के उपप्राचार्य एसएन सिन्हा ने विद्यालय की उपलब्धियों से मुख्य अतिथि को अवगत कराया. उन्होंने बताया कि इस संभागीय खेल प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के 144 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं.

प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली नवोदय की प्रतियोगिता में भाग लेंगे. मंच संचालन अनिका कुमारी वर्ग एकादश और सृष्टि सौम्या वर्ग दशम ने किया. वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई. धन्यवाद ज्ञापन अरूण कुमार अमिताभ ने किया. प्रतियोगिता का संचालन तनवीर अकबर खान शारीरिक शिक्षा शिक्षक के निर्देशन में किया गया. मौके पर कबड्डी संघ, हजारीबाग के मनन विश्वकर्मा, राखी कुमारी, कृष्ण कुमार यादव, जय शंकर प्रसाद, रोजलिन मिंज, प्रमोद कुमार, महेंद्र राम, विनोद पांडेय, अनिल कुमार, दीपक बिन्हान, गणेश शंकर, प्रशांत कापटे, अजय कुमार, आशा पासवान, राजकुमार महतो, अंजू दत्ता झा, जया जायसवाल, अबिता सोरेन, सुचित्रा कुजूर, अभिषेक अविरल, निरंजन कुमार, प्रियंका शर्मा, दीपक यादव, सुनील चौबे आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे.

**तीन दिवसीय संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ, 28 जुलाई को होगा समापन**



जवाहर नवोदय विद्यालय, बोंगा में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभागियों के साथ उपायुक्त नैंसी सहाय व अन्य.

## माताओं को बच्चों को स्तनपान कराने के लिए करें प्रेरित: सीएस

**संवाददाता। रामगढ़**

सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय मदर्स एब्सोल्युट अफेक्शन कार्यक्रम से संबंधित चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया. इसमें मुख्य रूप से सभी प्रखंडों से आए एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया. इस दौरान मुख्य रूप से नवजात बच्चों को स्तनपान कराने की वास्तविक विधि, बच्चे को स्तन से लगाने की स्थिति, बच्चे और मां के लिए पूरक आहार आदि के बारे में बताया गया. बताया गया कि छह महीने तक बच्चों को केवल मां का ही दूध पिलाना चाहिए और छह महीने बाद बच्चों को क्या-क्या पूरक आहार देना चाहिए यह भी बताया गया. अन्य कोई दूध यदि बच्चे को दिया जाए तो बच्चे के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है. साथ ही यह भी बताया गया कि समुदाय में कार्य करने वाले फ्रंट लाइन वर्कर या सहिया दीदी किस तरह से माताओं से बातचीत करें कि उन्हें स्तनपान कराने की प्रेरणा मिले. सभी प्रशिक्षुओं को



प्रशिक्षु को प्रमाणपत्र देतीं सीएस.

व्यावहारिक क्रिया द्वारा दिखाकर स्तनपान कि उचित विधि के बारे में बताया गया. सिविल सर्जन डॉ महलक्ष्मी प्रसाद ने सभी प्रशिक्षुओं से कहा कि नियमित रूप से अपने कार्यस्थल पर जाएं और दायित्वपूर्ण तरीके से अपने कार्य का निर्वहन करें. प्रशिक्षण समाप्ति के बाद सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया. इससे पहले प्रशिक्षण का शुभारंभ सिविल सर्जन एवं डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने किया. प्रशिक्षक डॉ राजीव रंजन मिश्रा एवं डॉ पिंकी रानी पाठक ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण का कार्य किया. प्रशिक्षण में डीपीएमयू की पूरी टीम भी उपस्थित थी.

### ब्रीफ खबरें

#### लकड़ी तस्कारों पर की गई बड़ी कार्रवाई

**चौपारण।** चौपारण गौतम बुद्ध वन्य प्राणी आश्रयनी ने लकड़ी तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अत्यंत सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र सिकदा रक्षित वन में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर छापामारी कर कार्रवाई करते हुए एक आरा मशीन सेट, लकड़ी का बोटा एवं भारी मात्रा में चिरान पटरा जब्त किया. जानकरी देते हुए प्रभारी वनपाल अयूब अंसारी ने बताया कि तस्करों ने वनकर्मियों को देखते हुए जंगल का लाभ उठा कर फरार हो गए. फरार तस्करों की पहचान की जा रही है एवं सुसंगत धाराओं के साथ आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं सभी जब्त आरा मशीन लकड़ी बोटा एवं चिरान पटरा को चौपारण रेंज कार्यालय लाया गया.

#### ममता ने जरूरतमंदों को आवास देने की मांग की

**रामगढ़।** पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी को पत्र देकर रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में आबुआ आवास योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं गरीब वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने का आग्रह किया है. कहा कि रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख की आबादी निवास करती है. इसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, गरीब वर्ग के लोगों की संख्या अच्छी खासी है, परंतु शहरी क्षेत्र होने के कारण किसी भी प्रकार के आवास योजना से यहां के लोग लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं, जबकि कई ऐसी जगह पर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों की स्थिति काफी दयनीय है.

#### प्लस टू हाई स्कूल के अध्यक्ष बने अजीत पांडे

**कटकमसांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के अध्यक्ष पद पर अजीत पांडे का चयन किया गया. इस पद के के लिए कई उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी. बता दें कि अजीत पांडे एक संघर्षशील व शिक्षित व्यक्ति है. इससे पूर्व भी कई कार्यक्रमों में उनका अहम योगदान रहा है. पांडे ने बताया कि इतने बड़े स्कूल की जिम्मेदारी मिलना बड़ी बात है. हम निष्ठापूर्वक स्कूल के विकास के लिए काम करेंगे. यहां की शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जायेगा. मौके पर प्राचार्य विजय मसीह, शिशु पाल सिंह, चंदन पांडे, राजकुमार यादव, तुलेश्वर यादव एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग भारत माता की जय, जय हिंद के नारे लगा रहे थे

# विजय दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा

**संवाददाता। हजारीबाग**

कारगिल विजय दिवस पर शहर की सामाजिक संस्था अनुप्रिया फाउंडेशन की ओर से कंचन ग्राउंड से भव्य तिरंगा यात्रा निकली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होकर शहीद स्मारक स्थल पहुंचे. इस दौरान लोग भारत माता की जय, जय हिंद के नारे लगा रहे थे. यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था. शहीद स्मारक स्थल पर सर्वप्रथम सबसे पहले अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया ने शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद हुए समस्त जवानों के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके पश्चात हजारीबाग के शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया, जिसमें कारगिल युद्ध में शहीद हुए शाहिद विद्यानंद सिंह के परिजन भी शामिल रहे. शाहिद सुभाष बरला एवं शाहिद संदीप कुमार पाल के परिजनों को भी अनुप्रिया ने शॉल एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया.

अनुप्रिया ने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे देश की सेवा के लिए आगे आएं. हमारी फाउंडेशन सदैव सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करती है. कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों की उन वीरता और बलिदान की याद में समर्पित है, जिन्होंने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा की थी.



कारगिल विजय दिवस पर अनुप्रिया फाउंडेशन की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल लोग.

#### डीएवी स्कूल बरकाकाना में कारगिल युद्ध के शहीदों को किया गया नमन



**रामगढ़।** डीएवी स्कूल बरकाकाना में कारगिल विजय दिवस पर अमर जवान ज्योति पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पचक्र अर्पित किया गया. नवम कक्षा की कोमल ने मंच का संचालन किया. नवम के आदित्य राय ने अपने विचार व्यक्त किए. आकांक्षा कुमारी ने कविता प्रस्तुत की. एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एकांकी प्रस्तुत की. बच्चों द्वारा 'तेरी मिट्टी' समूह गान प्रस्तुत किया गया. विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में देशप्रेम की भावना को महत्वपूर्ण बताया. कहा कि जिन जवानों के त्याग के कारण हम चैन से रह रहे हैं, उनके प्रति हमें कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए. समारोह में स्कूल के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

#### ब्लू प्लेनेट स्कूल में भी कारगिल के शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** कारगिल विजय दिवस पर ब्लू प्लेनेट स्कूल, विकास नगर में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मुख्य अतिथि रंजन फौजी ने कहा कि देश में किसी भी सेवा से बड़ी राष्ट्र की सेवा होती है. विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप ने कहा कि कारगिल युद्ध उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया. बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. मौके पर पूर्व सैनिक रंजन फौजी, बृज बिहारी सिंह यादव, राम टहल महतो, कारगिल योद्धा चतुर्भुज कश्यप, रामप्रसाद सिंह, सुधाकर सिंह, चंद्रशेखर ठाकुर, अरविंद सिंह, अरविंद महतो व मातृ शक्ति के रूप में अध्यक्ष बबीता सिंह, उपाध्यक्ष ममता, संजू प्रसाद के अलावा बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे.

#### परियोजना बालिका विद्यालय चरही में मना कारगिल विजय दिवस

**चरही।** कारगिल विजय दिवस पर परियोजना बालिका विद्यालय चरही में कारगिल युद्ध के बलिदानों को याद किया गया. मौके पर कारगिल के शहीद विद्यानंद सिंह के पुत्र रवि शंकर सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में शहीद विद्यानंद सिंह के चित्र पर सबों ने श्रद्धा भाव से माल्यार्पण किए. छात्राओं को कारगिल विजय की जानकारी दी गई. उस युद्ध के शहीद विद्यानंद सिंह जो हजारीबाग के थे, उनके बारे में जानकारी दी गई. कार्यक्रम में बतौर अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता राजेश मेहता, कांग्रेस नेता मो. आलम, शिक्षिका कुमारी विद्यावती, बीरेंद्र कुमार, कुमारी ममता शामिल हुए. अतिथियों ने जानकारी दी कि झारखंड में भी कई ऐसे वीर हुए जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था. इनमें एक नाम शहीद विद्यानंद सिंह को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. कारगिल शहीद विद्यानंद सिंह की शहादत सात जून 1999 को हुई थी. इस सर्वोच्च बलिदान में उनके टुकड़ी के भी कई अन्य साथी जो इनके साथ वीरगति को प्राप्त किया था. शिक्षक बीरेंद्र ने कहा कि हम सब को देश हित में सबसे पहले आगे रहना चाहिए. देश सुरक्षित तभी हम सुरक्षित रह सकते हैं.

## संत कोलंबस कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी कैडेट व अन्य.

- एनसीसी कैडेटों ने किया शहीदों को नमन

**संवाददाता। हजारीबाग**

कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को संत कोलंबस कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कंपनी कमांडर ले. डॉ एसके पांडेय, दर्शनशास्त्र विभाग के मुख्य प्राध्यापक डॉ आरके चौबे, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ मुकेश कुमार ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई. इसके बाद विभिन्न वीडियो प्रदर्शनियों, जिसमें शहीद लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय, परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन अनुज नय्यर जैसे रणबांकुरों की जीवनी दिखाई गई.

कैडेट सोनी कुमारी और उनके ग्रुप ने देशभक्ति नृत्य और कैडेट सौरभ टुडू के ग्रुप ने ड्रामा के माध्यम से दर्शकों का दिल जीता. अन्य कैडेट्स अरशद हुसैन, निधि सिंह ने भी भाषणों और शायरियों की मदद से शहीदों को याद किया. मौके पर कैडेटों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता कैडेटों को पुरस्कृत किया गया. प्रोफेसर डॉ आर.के चौबे ने कैडेटों को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे एक शहीद के जाने के बाद उनका परिवार समाज की बाधाएं झेलता है. उन्होंने कैडेटों को बहुत ही भाग्यशाली बताते हुए कहा कि कैसे उन्हें ऐसे गौरवशाली सेना की ट्रेनिंग दी जा रही है. प्रोफेसर डॉ मुकेश कुमार ने भी कारगिल युद्ध के दौरान हुई घटनाओं की चर्चा की.

बताया कि ऐसी विषम परिस्थितियों में भी हमारी सेना के जवान ने अपने साहस का प्रदर्शन किया. अंत में कंपनी कमांडर ले. डॉ एसके पांडेय ने कैडेटों को अपनी कविताओं के माध्यम से शहीदों के बलिदान से अवगत कराया. कहा कि कैसे 500 से अधिक सैनिकों और अफसरों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी. मौके पर सीनियर अंडर ऑफिसर कुशल कुमार, अंडर ऑफिसर अमन कुमार पांडेय, आयुषी सिंह, विक्रम सिंह, रणविजय तथा 60 से अधिक कैडेट्स और कॉलेज के स्टाफ उपस्थित रहे.

### लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में नई शुरुआत

## बाल चिकित्सा सर्जरी प्रभाग का शुभारंभ

**संवाददाता। चौपारण**

नवभारत जागृति केंद्र बहेरा चौपारण द्वारा संचालित लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल में बाल चिकित्सा सर्जरी प्रभाग का शुभारंभ किया गया. ज्ञात हो कि देश की सबसे बड़ी पाइप निर्माता कंपनी फिनोलेक्स की सीएसआर इकाई मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से अस्पताल को एक उन्नत एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त एनेस्थेसिया मशीन दी गई है, जिससे बच्चों की आंखों की सर्जरी करना अब आसान हो गया है. बुधवार को उक्त मशीन से अस्पताल में तीन बच्चों की आंखों का सफल ऑपरेशन किया गया, जिसमे डॉ आलोक कुमार (नेत्र सर्जन) एवं डॉ सुप्रभात किरण (एनेस्थीसिया) एवं अस्पताल कर्मियों का योगदान रहा. कार्यक्रम में संस्थान के डॉ धीरज विक्रांत, डॉ विशाखा गुप्ता, डॉ मृणाल सिंह, कार्यक्रम निदेशक गंधर्व गौरव, कार्यक्रम निदेशक आनंद अभिनव, हॉस्पिटल मैनेजर संतोष कुमार पूरी, ऑप्टोमेट्रिस्ट विकान्त कुमार सिंह, अम्बर निधि आदि उपस्थित रहे.



तीन बच्चों की आंखों का सफल ऑपरेशन.

### वायरल वीडियो में शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन पूरे शिक्षक समाज को अपमानित करते दिख रहे

# सरकारी व पारा शिक्षकों ने नंगे पांव किया प्रदर्शन

**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड सभागार में शुक्रवार को स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के समापन के बाद प्रखंड के सैकड़ों सरकारी और पारा शिक्षकों ने चप्पल खोल कर अनोखा प्रदर्शन किया. इस संबंध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार कमल ने बताया कि परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के वायरल वीडियो को लेकर हमलोगों के द्वारा प्रखंड कार्यालय में चप्पल खोल कर विरोध प्रदर्शन किया गया.



चौपारण प्रखंड में नंग पांव प्रदर्शन करते हुए सरकारी एवं पारा शिक्षक.

उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में परियोजना निदेशक आदित्य रंजन पूरे शिक्षक समाज को अपमानित करते दिख रहे हैं. यदि यह बयान उनका है तो जिन्हें पूरा समाज गुरु के दृष्टिकोण से देखते हैं. उन्हें परियोजना निदेशक द्वारा कहना कि चप्पल पहनकर स्कूल में मिलने पर उसी चप्पल से पिटाई करेंगे, तो यह झारखंड के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है. उनके इस तरह के बेतुका बयान से शिक्षक समाज पूरी तरह से आहत है. उनके बयान का शिक्षक समाज घोर निंदा और भर्त्सना करता है. उनके बयान के विरोध में ही प्रखण्ड कार्यालय में शिक्षकों ने चप्पल खोल कर नाराजगी जताया. वहीं संघ की ओर से इस संबंध में निर्देश मिलने के बाद कल से सभी शिक्षक चप्पल पहनकर स्कूल आएंगे और उनके बयान की निंदा करेंगे.

### कार्यक्रम विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में 'शोध में विषय चयन के महत्व' पर व्याख्यान

# स्थानीय समस्याओं पर भी शोध करें : प्रो. मधुरेंद्र कुमार

**संवाददाता। हजारीबाग**

सामाजिक विज्ञान के शोध में विषय चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है. गैर जरूरी विषयों में शोध एक चिंता का विषय है. स्थानीय विषयों पर भी शोध होनी चाहिए. उक्त बातें दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रोफेसर मधुरेंद्र कुमार ने कहीं. वह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में "शोध में विषय चयन के महत्व" पर व्याख्यान दे रहे थे. उन्होंने बताया कि वर्तमान दौर विकास के नए प्रतिमानों को मूर्त रूप देने का समय है। इसमें शोध की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. प्रोफेसर मधुरेंद्र ने बताया कि समाज विज्ञान के शोध भौतिक विज्ञान के शोध से काफी भिन्न है. वह इसलिए कि समाज विज्ञान के शोध के केंद्र में मानव एवं मानवता को रखा गया है. यही कारण है कि मानवीय मूल्यों को शोध से अलग नहीं किया जा सकता है. अपने व्याख्यान में प्रोफेसर मधुरेंद्र ने शोध-पद्धति के महत्व को भी रेखांकित किया. उन्होंने बताया कि सही विधि को अपनाने पर ही हम किसी शोध समस्या के समाधान तक पहुंच सकते हैं. उन्होंने आगे बताया कि बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में इस संबंध में नए-नए प्रयोग हो रहे हैं. अब वहां पर सामूहिक एवं सार्वजनिक विमर्श के माध्यम से शोध के विषय एवं शोध प्रश्नों का निर्धारण किया जा रहा है. विनोबा भाव विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ सादिक रज्जाक ने अपने संबोधन में बताया की शोध में विषय चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है पूर्ण. उन्होंने कहा कि आधुनिकरण और भूमंडलीकरण के दौर में शोध के प्रवृत्तियों को बदलने की जरूरत है. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया. मौके पर शिक्षक डॉ बालेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ रीता कुमारी, डॉ अजय बहादुर सिंह, सिंदरी कॉलेज, सिंदरी के डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.



विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में "शोध में विषय चयन के महत्व" पर हुए व्याख्यान में मौजूद प्रोफेसर.

## सीमा सुरक्षा बल की त्रैमासिक ई-पत्रिका का विमोचन

**संवाददाता। हजारीबाग**

सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय मेरू प्रशासनिक भवन कॉन्फ्रैन्स हॉल में में महानिरीक्षक केएस बन्याल और अन्य अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा बल मेरू परिवार पर अध्ययन संकाय द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका "मेरू ग्रैफिटी" के पंद्रहवें ई-संस्करण (अवधि 11 अप्रैल से 10 जुलाई 2024) का विधिवत विमोचन किया.

इस मौके पर राकेश रंजन लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रशासनिक), राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (एसटीएस), डीके प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण), सत्यवान खैंची, समादेष्टा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे.

यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आईपीपी नेटवर्क/ई-मेल व अन्य डिजिटल प्लेटफार्म द्वारा निर्गत की जाएगी. इस संस्करण में प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय की ओर से बीते तीन माह की अवधि में किए गए क्रियाकलापों- विशेषकर प्रशिक्षण, प्रशासनिक, सांस्कृतिक, उच्च अधिकारियों का दौरा, बावा गतिविधियां, विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यों में से कुछ की झलकियां दिखाई गई हैं. विदित रहे कि इस पत्रिका का चैदहवां ई-संस्करण 31 अप्रैल 2024 को जारी किया जा चुका है. वर्तमान संस्करण पत्रिका सभी पाठकों तक पहुंचे इसे पुनः ई-स्वरूप में जारी किया गया है.



त्रैमासिक ई-पत्रिका का विमोचन करते सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी.

**खास बातें**

- डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से निर्गत हो सकेगी पत्रिका
- पत्रिका में बीते तीन महीने के विभिन्न कार्यों की झलकियां



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** अनिद्रा की समस्या हो सकती है. अपनों पर खर्च अधिक होगा. पर रोजगार की समस्या का समाधान भी संभव है. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. कश्मकश दूर होगी. स्वजनों से भेंट होगी. नवार्ण मन्त्र का जाप करें.

**वृषभ** किसी नए कार्य से आय होगी. साथ ही व्यवसाय ठीक चलेगा. शत्रुभय रहेगा. लाभ होगा. पिछले कार्यों को टालना चाहिए, क्योंकि उसमें असफलता का योग है. अनावश्यक विवाद होगा. व्यावसायिक योजनाएं कार्यान्वित नहीं हो पाएंगी.

**मिथुन** पिता का पुराना रोग उभर सकता है. वाणी पर नियंत्रण रखें. व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे. संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे. दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें. परिवार की चिंता रहेगी.

**कर्क** भाग्य का साथ मिलेगा. सरकार या कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे. कार्यसिद्धि होगी. आय-व्यय में संतुलन रहेगा. क्रोध पर संयम आवश्यक है. व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे. धर्म में रुचि बढ़ेगी. नई योजना से लाभ होगा.

**सिंह** पूर्व में किये कार्य का लाभ मिलेगा. निवेश शुभ रहेगा. जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं. अच्छे मित्र से भेंट होगी. पराक्रम की वृद्धि होगी. समाज-परिवार में आदर मिलेगा. गुड़ और जल का दान करें.

**कन्या** पार्टनर से विवाद न करें. व्यवसाय ठीक चलेगा. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. पूंजी निवेश बढ़ेगा. साहित्यिक रुचि बढ़ेगी. आर्थिक योग शुभ हैं. यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है. सुसंगति से लाभ होगा. माता दुर्गा का सेवा करें.

**तुला** कुसंगति से बचें. दूसरों पर भरोसा न करें. धैर्य रखें. पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा. रुका पैसा मिलेगा. शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे. अतः सावधान रहें. व्यापार में सफलता मिलेगी. जल और फल का दान करें.

**वृश्चिक** किसी से विवाद हो सकता है. किसी नये कार्य से अप्रत्याशित लाभ होगा, पर जोखिम बिलकुल न लें. धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी. व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुएँ क्रय करेंगे.

**धनु** व्यवसाय ठीक चलेगा. कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा. विवादों से दूर रहना चाहिए. आर्थिक तंगी रहेगी. पिछले कार्यों को टालें. पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा. व्यापार में हानि हो सकती है.

**मकर** छोटी यात्रा सफल रहेगी. धनलाभ होगा. प्रसन्नता बनी रहेगी. वाहन सुख मिलेगा. संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें. परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**कुंभ** क्रोध में वृद्धि होगा, इसलिए वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. लेन-देन में सावधानी रखें. आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा. शिव मंदिर में खीर का दान करें.

**मीन** सूझ बूझ कर किया गया कार्य लाभ देगा. स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. थकान रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. पराक्रम बढ़ेगा. जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं. कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी. शिव मंदिर में झाड़ू का दान करें.

## सीसीएल को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार



**रांची।** सीपीडीआईएल द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम (रांची) की छमाही बैठक में शुक्रवार को वार्षिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन के लिए सीसीएल रांची को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. सीसीएल की ओर से निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने पुरस्कार ग्रहण किया. आयोजन में सीसीएल के महाप्रबंधक राजभाषा, प्रबंधक उप प्रबंधक राजभाषा एवं सहायक प्रबंधक ने भाग लिया. विगत छमाही में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम के विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में सीसीएल के तीन विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया. बता दें कि सीसीएल द्वारा राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित कि जाकी हैं. जिससे प्रेरित होकर सीसीएल कर्मी कार्यालयीन कार्य का निष्पादन हिंदी में करते हैं.

## नगर मंडल अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

**लातेहार।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होने भाजपा जिला अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए इस्तीफा दिया. उन्होने अपने इस्तीफा पत्र में कहा है कि जिला अध्यक्ष के द्वारा हमेशा नगर मंडल इकाई को उपेक्षित किया जाता रहा है. जो सम्मान नगर मंडल इकाई के कार्यकर्ता और पदधारियों को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा था. इस्तीफा देने वालो में नगर महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, मनीष कुमार, रवि राज, संतोष कुमार, सागर, कुमार सागर, राजू दास, मनीष कुमार व शिवम कुमार का नाम शामिल है.

### कार्डधारियों ने जिप सदस्य के नेतृत्व में राशन डीलर के खिलाफ खोला मोर्चा

# बड़ाजामदा में छह माह से राशन नहीं मिलने से लोग हुए गोलबंद

शैलेश सिंह। किरीबुरु

बड़ाजामदा के टंकीसाई में 25 जुलाई को ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ गोलबंद होकर मोर्चा खोल दिया है. इसका नेतृत्व नोवामुंड़ी भाग-एक की जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी कर रही थीं. इस दौरान राशनकार्ड धारियों ने टंकीसाई के ही राशन डीलर एकता महिला सहयोग समिति के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि उनके द्वारा कार्डधारियों को पिछले छह महीने से राशन देना बंद कर दिया गया है. जब भी राशन लेने जाते हैं तो राशन डीलर एकता महिला समिति की अध्यक्ष माथा केरकेट्टा राशन नहीं आया है कह कर वापस भेज देती हैं. इसकी लिखित शिकायत पांच माह पूर्व नोवामुंड़ी प्रखंड कार्यालय में की गई थी. इसके बावजूद आज तक राशन डीलर द्वारा राशन नहीं दिया गया है. इसकी शिकायत बड़ाजामदा की मुखिया पार्वती देवगम से की गयी तो उन्होंने भी अपना पल्ला झाड़ लिया. अंत में थक हार कर इसकी शिकायत जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी से की गई. देवकी कुमारी के नेतृत्व में गुरुवार को सभी ग्रामीण गोलबंद हो राशन डीलर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. टंकीसाई के ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि वे लोग जब भी कोई बैठक करते हैं तो बड़ाजामदा की मुखिया पार्वती देवगम नहीं आती हैं. वह अपने पति दुर्गा देवगम को बैठक में भेज देती हैं. ग्रामीणों ने मुखिया पर आरोप लगाया कि वे राशन डीलर एकता महिला सहयोग समिति के साथ मिलकर सरकारी गेहूं और चावल की कालाबाजारी रात में करती हैं. राशन को बड़ाजामदा के कई दुकानों में भेजती हैं. ग्रामीणों ने राशन डीलर व मुखिया के खिलाफ इन आरोपों की जांच कर उचित कार्यवाही करने तथा डीलरशिप खत्म करने की मांग की है. जिप सदस्य देवकी कुमारी ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत को लेकर नोवामुंडी प्रखंड के अंचलाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खालको से शिकायत दर्ज की गई है. इसपर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खालको ने कहा कि इसकी जांच कर अविलंब कार्यवाही करते हुए एकता महिला सहयोग समिति को निरस्त कर किसी अन्य महिला समिति को राशन डीलरशिप दी जाएगी. सरकारी राशन की कालाबाजारी रोकने हेतु हर पहलू पर जांच की जाएगी और दोषी पाये जाने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी. इस दौरान जिप सदस्य देवकी कुमारी, दिरीबुरु पंचायत के मुखिया गंगाधर चातोम्बा, पूर्व मुखिया राजा तिर्की सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.



राशन कार्ड दिखा डीलर के खिलाफ गुस्से का इजहार करते ग्रामीण और जनप्रतिनिधि.

**खास बातें**
- अध्यक्ष माथा केरकेट्टा राशन नहीं आया है कह कर वापस भेज देती हैं
- इसकी शिकायत मुखिया से की लेकिन वो भी पल्ला झाड़ लिया

# बाबूलाल पर क्यों फैसला नहीं लेते स्पीकर : राजेश ठाकुर

विशेष संवाददाता। रांची

**खास बातें**
- पटेल के विधायकी रद्द होने पर भड़के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
- कहा-पटेल को नहीं दिया गया अपना पक्ष रखने का मौका

जेपी पटेल की विधायकी समाप्त करने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भड़क गए हैं. उन्होंने इस गहरी आपत्ति प्रकट की है. उन्होंने कहा कि रवीन्द्रनाथ महतो ने जल्दबाजी में यह फैसला लिया है. नियमतः जेपी पटेल को न्यायाधिकरण के समक्ष अपना पक्ष रखने का पूरा मौका देना चाहिए था. जल्दबाजी में उनको अयोग्य ठहराना सही नहीं है. उन्होंने सवाल उठाया कि अगर जेपी पटेल पर स्पीकर ने फैसला दे दिया तो बाबूलाल मरांडी की सदस्यता को लेकर भी निर्णय देना चाहिए. मालूम हो कि जेपी पटेल को स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो ने को अयोग्य ठहराने संबंधी निर्णय दिया था. उनके विरुद्ध भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने शिकायत की थी. जेपी पटेल लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस में शामिल हो गए थे. उन्होंने हजारीबाग संसंदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव भी लड़ा, लेकिन सफलता नहीं मिली. जेपी पटेल के साथ-साथ बोरियो से झामुमो के विधायक लोबिन हेम्ब्रम की भी विधायक समाप्त करने का निर्णय किया गया था. उनके विरुद्ध झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन ने शिकायत की थी. उल्लेखनीय है कि बाबूलाल मरांडी को विरुद्ध दल-बदल के आरोपों में स्पीकर न्यायाधिकरण में सुनवाई की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. स्पीकर ने इसपर अपना निर्णय सुरक्षित रखा है. जानकारी के अनुसार स्पीकर जल्द ही अपनानिर्णय सुना सकते हैं.

## मेडिकल रिसर्च प्रपोजल राइटिंग पर कार्यशाला आयोजित

**रांची।** नामकुम मॉडर्न हेल्थ रूरल यूनिट, रिम्स मल्टी डिसीप्लिनरी रीसर्च यूनिट और रिम्स अनुसंधान सेल द्वारा मेडिकल रिसर्च प्रपोजल राइटिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में डॉ मैरी गिल्बर्ट मजेला और डॉ प्रेम मुख्य वक्ता थे. रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार मुख्य अतिथि थे. उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नवीन अनुसंधान कार्यों में रुचि रखने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा, अनुसंधान कार्य मरीजों के निदान एवं उपचार को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा. कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में डीन प्रो विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ, डॉ. पी. भट्टाचार्य भी मौजूद थे. कार्यशाला में पूरे देश से आए मेडिकल छात्र उपस्थित हिस्सा ले रहे हैं.

# आईआईटी और बीसीसीएल मिलकर बच्चों को बढ़ाएंगे आगे

- पहले चरण में 10 लाख रुपये खर्च कर 1000 बच्चों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य तय
- स्कूलों में नि :शुल्क लैब की होगी व्यवस्था, साइंस में बढ़ेगी दिलचस्पी

संवाददाता । धनबाद

बीसीसीएल व आईआईटी आईएसएम द्वारा संयुक्त रूप से धनबाद के जरूरतमंद बच्चों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया जाएगा. इस खर्च को लेकर बीसीसीएल और आईएसएम के बीच एमओयू किया जा चुका है. सीएसआर फंड से होने वाली ट्रेनिंग में बच्चों के बीच प्रथम फेज में 10 लाख रुपया खर्च किया जाएगा. इस खर्च से 1000 बच्चों को लाभ मिलेगा. पूरे कार्यक्रम को लेकर बीसीसीएल व आईएसएम ने तैयारी शुरू कर दी है.

**आईएसएम लैब की सुविधा करेगा उपलब्ध :** आईआईटी आईएसएम कोल परियोजना से प्रभावित स्कूलों के बच्चों को निशुल्क ट्रेनिंग देगा. इसके तहत स्कूलों में लैब बनाई जाएगी. साइंस टेक्नोलॉजी, संचार, गणित लैब की भी व्यवस्था की जाएगी. उन्हें शिक्षा से रोजगार की तरफ बढ़ाया जाएगा.

**टेक्नोलॉजी पर जोर :** सीएसआर के तहत मिलने वाली इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जरूरतमंद बच्चे हो या आदिवासी मूल के बच्चों को इसका संपूर्ण लाभ मिलेगा. जहां बच्चों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक, विभिन्न स्टॉल, मेले,लोकगीत के माध्यम से विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति जागरुक किया जाएगा. कहानी, विचार मंथन के माध्यम से जानकारियों का आदान-प्रदान किया जाएगा.

### नगर निगम कर्मचारियों का मामला

# 23 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

संवाददाता ।मेदिनीनगर

झारखंड लोकल बॉडीज एम्पलाइज फैडरेशन रांची महासंघ के आह्वान पर सेनेटरी सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर की बहाली रद्द करने समेत पांच सूत्री मांगों को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम के कर्मचारी हर दिन मशाल जुलूस निकाल रहे हैं. इस कड़ी में गुरुवार देर शाम तीसरे दिन भी मशाल जुलूस निकाल कर शहर में प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गई.

संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि हमारी पांच सूत्री मांगों को लेकर पूर्व में भी सरकार ने समझौता कर तीन माह में मांगे पूरी करने का लिखित दिया था लेकिन सरकार ने वादा खिलाफी करते हुए सेनेटरी सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर की बहाली निकाल दी है, जो कर्मियों के साथ अन्याय है. इसके लिए पूरे राज्य के निकायकर्मी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. यदि सरकार नहीं मानी तो 23 अगस्त से सारे कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे. सरकार का ध्यान आकर्षण कराने के लिए हर दिन मशाल जुलूस निकाला जा रहा है.

# पलामू में जुलाई तक 128 को सांप ने डंसा, तीन की हुई मौत

संवाददाता ।पलामू

जिले में सांप के डंसने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है. इस वर्ष जुलाई तक इसके आंकड़े 128 तक पहुंच गए हैं. इनमें तीन की मौत हुई है. सात गंभीर प्वाइजनस रोगियों की जान बचायी गयी है. अन्य 118 रोगियों को एंटी वैनम का इंजेक्शन देकर ठीक किया गया है. जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने शुक्रवार को एमआरएमसीएच स्थित गोलघर में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अभी तक जिलेभर में 128 का इलाज सांप के डंसने के बाद किया गया है. इनमें से 7 प्वाइजनस केस को ठीक किया गया है. सिविल सर्जन ने बताया कि सांप के डंसने पर किसी भी स्थिति में श्रम ना करें. इससे जहर के तेजी से फैलने की संभावना बनी रहती है. रोगी को सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाए और पूरी जानकारी डॉक्टर को दें. डॉक्टर पर तत्काल दवा देने के लिए दबाव न बनाएं. जैसे ही सांप काटने के लक्षण दिखेंगे, तुरंत दवा दी जाएगी और रोगी तत्काल ठीक हो जाएगा.

डॉ. अनिल ने कहा कि प्वाइजनस और नॉन प्वाइजनस मामले की जानकारी लक्षण आने के बाद ही पता चलता है और तब दवा देने का प्रावधान है. जानकारी के अभाव में रोगी और उनके परिजन डॉक्टर पर दबाव बनाने लगते हैं और इसका परिणाम उल्टा सामने आता है. स्नैक बाइट का इनजेक्शन केवल सरकारी अस्पताल में ही उपलब्ध है. इसलिए सांप के डंसने पर कोशिश करना चाहिए कि रोगी को सीएचसी, सदर अस्पताल लेकर पहुंचे.

## सरकार लोगों को ठगने और अपनी जेब भरने में ही लगी हुई है : कोचे मुंडा

**खूंटी ।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगल के आसपास बसे गांवों का दौरा किया और लोगों से जनसंवाद किया. ग्रामीणों ने भी विधायक के समक्ष खुलकर अपनी समस्याओं को रखा. विधायक ने उन्हें आश्वस्त किया उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि सुदूर क्षेत्र तक हम सरलता से जनता को मूलभूत सुविधा मुहैया कराएं., भारतीय जनता पार्टी हमेशा नीतिगत तरीके से हर वर्ग की उन्नति के लिए कार्य कर रही है, लेकिन राज्य की हेमंत सरकार राज्य के लोगों को सिर्फ ठगने और अपनी जेब भरने में लगी है.

# भाषाओं के विकास के लिए सरकार कर रही कार्य : हिदायतुल्लाह खान



बैठक में शामिल अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष व अन्य.

संवाददाता। कोडरमा

कोडरमा जिला के परिसदन सभागार में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान एवं सदस्य बरकत अली ने आज संयुक्त रूप से जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की. समीक्षा के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोग के अध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि आज आयोग ने जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, मत्स्य, कृषि, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य है कि झारखंड के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतरे. उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री की भी यही प्राथमिकता है कि राज्य के सभी व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले. उन्होंने ने बताया कि समीक्षा के क्रम में विभागों से प्राप्त रिपोर्ट से आयोग संतुष्ट है. हालंकि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अधूरी रिर्पोट प्रस्तुत की, जिस पर आयोग ने पूरी रिर्पोट तैयार कर भेजने का निर्देश दिया.

आयोग द्वारा बताया गया कि कल हजारीबाग में विभागों की समीक्षा की जाएगी. इसके साथ साथ जनसुनवाई भी की जाएगी. आयोग लगातार सभी जिलों में भ्रमण कर विभागवार समीक्षा एवं जनसुनवाई कर रही है. जन सुनवाई के दौरान कई आवेदन भी प्राप्त हुए जिन्हें संबंधित विभाग को भेज दिया गया है. मौके पर अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान एवं सदस्य बरकत अली के अलावा अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदा., जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक आदि मौजूद थे.

## नगर पंचायत की सारी सुविधाओं को दुरुस्त करें अधिकारी : लोकेश मिश्रा

**खूंटी ।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में नगर पंचायत की विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई. बैठक में मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, नाली की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, हाउस होल्ड कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास निर्माण एवं आवश्यकता अनुसार उपकरणों की खरीदारी के संबंध में समीक्षा की गई.
बैठक में डीसी ने प्राथमिकता के आधार पर पेयजलापूर्ति करने का निर्देश दिया. संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पेयजलापूर्ति को लेकर अतिरिक्त पंप इंस्टॉल किया जा रहा है, इसके बाद ही पेयजलापूर्ति की स्थिति में पहले से भी ज्यादा सुधार होगा. स्ट्रीट लाइट की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्माणाधीन आवासों को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया. सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्लांट के अधिष्ठापन के विषय पर भी चर्चा कर उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए.

### अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम जाने का रास्ता रोका

# विरोध में तीन घंटे सड़क जाम रही

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

बालूमाथ प्रखंड के बसिया में शुक्रवार को अमानवीय चेहरा देखने को मिला. अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम जाने के लिए कुछ लोगों ने रास्ता रोक दिया. मामले को सुलझाने के लिए ग्रामीण सड़क पर उतर आये और शव के साथ बालूमाथ- मुरपा मुख्य मार्ग को बसिया मध्य विद्यालय के पास जाम कर दिया. जानकारी के अनुसार बसिया निवासी झरी उरांव के पुत्र धनलाल उरांव का बीमारी के कारण गुरुवार की शाम मौत हो गई थी. उसका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाना था.परिजन और स्थानीय ग्रामीण मुक्तिधाम जाने के लिए निकले थे, लेकिन इसके पूर्व रास्ते में ही गैरमजरूआ भूमि को अवैध रूप से नवीन उरांव और संजय उरांव तथा प्रेम उरांव के परिजन ईश्वर उरांव, कामेश्वर उरांव आदि के द्वारा बंदोबस्त करा लिए जाने के कारण मुक्ति धाम जाने के रास्ते को उनके द्वारा बंद कर दिया गया. इसके बाद स्थानीय ग्रामीण और मृतक के परिजन भड़क गए तथा सड़क जाम कर दिया. मुख्य मार्ग में करीब तीन घंटे तक जाम होने के कारण दोनों ओर एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई. राहगीर के साथ-साथ कई वाहन मालिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. सूचना बालूमाथ प्रखंड प्रशासन और अंचल अधिकारी को मिली.मामले को लेकर बालूमाथ अंचल निरीक्षक अनिल कुमार पहुंचे और जायजा लिया. अंचल निरीक्षक अनिल कुमार ने इस मामले की निंदा कर अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए गैर मजरूआ भूमि का बंदोबस्त करने वाले ग्रामीणों से बात की और कहा कि ऐसी मानवीय हरकत करने की स्थिति में आपकी बंदोबस्ती टूट सकती है. तत्काल मुक्तिधाम जाने के लिए उपस्थित अंचल अमीन को नक्शा काटकर रास्ता के लिए भूमि देने की बात कही. बसिया में और कई जगह पर सार्वजनिक स्थल जाने के लिए गई भूमि का बंदोबस्ती करा लिया गया था. जहां पर ग्रामीणों के बीच उन्होंने रास्ता दिलवाने का आश्वासन दिया.इसके बाद जाम हटा ली गई.



शव को सड़क पर रखकर इंतजार करते परिजन.

**खास बातें**
- धनलाल का बीमारी से गुरुवार की शाम मौत हो गई थी
- वाहनों की दोनों ओर एक किमी तक लंबी कतार लग गई

### प्रतियोगिता | उपायुक्त गरिमा सिंह ने किया उदघाटन, बोलीं पढ़ाई के साथ-साथ खेलें भी

# पीएमश्री जेएनवी 15वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज

- खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों की प्रतिभा में निखार आता है

संवाददाता। लातेहार

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, लातेहार में आयोजित 15 वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का उदघाटन उपायुक्त गरिमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी ध्यान देना चाहिए. स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है. खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों की प्रतिभा में निखार आता है. उन्होंने प्रतिभागियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही.

इस दौरान खेल शिक्षक ने पटना संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता की रुपरेखा के बारे में जानकारी दिया. उन्होंने बताया कि झारखंड, बिहार और बंगाल के स्कूलों से आए विभिन्न नवोदय विद्यालय के प्रतिभागियों के बीच दो दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती खेल- कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया. इससे पहले विद्यालय के प्राचार्य पीके सिंह ने उपायुक्त का बुके भेंट कर स्वागत किया. विद्यालय की छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये.

इस अवसर पर सदर अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए नवोदय विद्यालय के प्रांगण में प्राथमिक उपचार केंद्र भी लगाया गया. मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा के श्रेय अंश, व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे.



कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन करतीं उपायुक्त गरिमा सिंह.

# दूसरी झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

खेल संवाददाता। रांची

दूसरी झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का आयोजन रांची के गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल में किया जा रहा है. तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय ने किया. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के प्रेसिडेंट कुलतार सिंह, झारखंड स्टेट टेबल टेनिस एसो. (जेएसटीटीए) के मुख्य संरक्षक जय कुमार सिन्हा, अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सचिव समरजीत सिंह मौजूद रहे. इस चैंपियनशिप में झारखंड के 12 जिलों के लगभग 200 प्रतिभागी विभिन्न श्रेणियों में ट्रॉफी उठाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे.

जेएसटीटीए के समर जीत सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया. साथ ही कारगिल विजय दिवस के मौके पर भारतीय सैनिकों की जीत की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करने के लिए राष्ट्रगान गाया गया और दो मिनट का मौन रखा गया. कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल डॉ. कैप्टन सुमित कौर, वाइस प्रिंसिपल सोनिया कौर, एस. हरमीत सिंह, रांची टेबल टेनिस एसो. के सचिव सुदीप्ता मुखर्जी समेत विद्यालय के सचिव व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.



# वैश्विक मूल्यों का उत्सव

ओलंपिक खेलों का आदर्श वाक्य है, 'सिटियस, अल्टियस, फ़ोर्टियस'. पेरिस ओलंपिक में इसके साथ एक और शब्द जोड़ा गया है टुगेदरनेस. पहले तीन लैटिन शब्दों से मिलकर बना है, जिनका मतलब है, 'तेज़, ऊंचा, मज़बूत' और नया शब्द जोड़ा गया है साथ-साथ. इस आदर्श वाक्य को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के निर्माण के समय पियरे डी कूपर्टिन ने प्रस्तावित किया था. ओलंपिक खेलों को एक विश्व आंदोलन के बतौर देखा जाता है, जिसमें खेलों की प्रतिस्पर्धा से ज्यादा जोर दुनिया भर में मौजूद विभिन्न तरह की असमानताओं और भेदभाव को खत्म करना है. वैश्विक विविधता और जीवन मूल्यों के इस उत्सव ने दुनिया को सहयोग, सद्भाव और सहकार के मूल्यों से प्रेरित किया है. सौ सालों बाद एक बार फिर पेरिस में ओलंपिक का आगाज गाजा में जारी जनसंहार के साए में हुआ. फ्रांस में इसकी अनुगूंज सुनी जा सकती है. हाल ही में हुए फ्रांस के संसदीय चुनावों में वामपंथी गठबंधन को बढ़त मिली है. दुनिया युद्ध मुक्त बने, इस दिशा में व्यापक राजनीतिक पहल की जरूरत है, लेकिन ओलंपिक आयोजन लोकतंत्र, शांति सद्भाव का व्यापक संदेश दुनिया के नेताओं को भी पहुंचा सके तो बेहतर परिणाम सामने आ सकते हैं. दुनिया असमानताओं से भरी है. पेरिस जो लोकतंत्र, स्वतंत्रता और बंधुत्व की क्रांतिभूमि है, खेलों के साथ इन मानवीय सरकारों को जीवंत बना सके तो दुनिया बेहतर बन सकेगी. पेरिस में 29वें ओलंपिक खेल शुरू हो गए हैं तो स्वाभाविक है कि भारत में लोगों का ध्यान अपने देश के पदक दावेदारों पर है. तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक (2020 के ओलंपिक खेल कोरोना महामारी के कारण 2021 में हुए) में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीत कर अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया था. वहां नीरज चोपड़ा, अभिनव बिंद्रा के बाद निजी स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे. टोक्यो में मिली कामयाबियों के कारण इस बार भी देश में उम्मीदें ऊंची हैं. इस बार 117खिलाड़ियों का दल पेरिस गया है. ठोस आकलन कर लेना उचित होगा कि पेरिस में भारत की सफलता का पैमाना क्या माना जाना चाहिए. सबसे छोटा मानदंड तो यही है कि वहां भारत का प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक से बेहतर होना चाहिए. मगर दो अन्य बातें भी गौरतलब हैं. पिछली बार जब भारत पदक तालिका में 48वें नंबर पर रहा तो देश के जिम्मेदार अधिकारियों ने पेरिस में भारत के टॉप 30 देशों में आने का भरोसा जताया था. उसके पहले 2016 में जब रियो द जनेरो ओलंपिक में भारत सिर्फ एक रजत और एक कांस्य जीत पाया था तो उससे असंतुष्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग का एक टास्क फोर्स बनाया था. उसकी रिपोर्ट के आधार पर भारत सरकार ने संसद में कहा था कि उसने लक्ष्य तय किया है कि 2024 के ओलंपिक खेलों में भारत को 50 पदक मिले. अब चूंकि 2024 के ओलंपिक खेल शुरू हो रहे हैं, तो यह उचित होगा कि उपरोक्त दोनों पैमानों को भी ध्यान में रखा जाए. 50 मेडल का लक्ष्य लेकर चला देश अगर 25 से भी ज्यादा पदक जीत लेता है तो माना जाएगा कि कुछ प्रगति तो हुई है.

> तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक (2020 के ओलंपिक खेल कोरोना महामारी के कारण 2021 में हुए) में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीत कर अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया था.

## सुभाषित

**अहो दुर्जनसंसर्गात् मानहानिः पदे पदे।**
**पावको लौहसंगेन मुद्गरैरभिताड्यते॥**


दुष्ट के संग रहने पर कदम-कदम मानहानि होती है. यानी अपमान का सामना करना पड़ता है. पावक (अग्नि) जब लोहे के साथ होता है तो उसे घन से पीटा जाता है. यानी आग को लोहा की संगति करने के कारण ऐसा कष्ट मिल जाता है. दुर्जनों की संगति नहीं करनी चाहिए.

# यहां कुछ, वहां कुछ, चाहिए सबकुछ

**दरहकीकत लोकसभा चुनाव में भाजपा को आठ सीटें हासिल हुईं, जिसमें उसे 47 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली और उसके एलांयस आजसू को एक लोकसभा सीट मिली, जिसमें उसने तीन विधानसभा सीटों पर बढ़त पाई. 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े देखें तो भाजपा 11 लोकसभा सीटों पर विजयी रही थी और उसको 57 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी. उसकी पार्टनर आजसू एक लोकसभा सीट पर विजयी रही थी और उसको पांच विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

यह है बिहार. पितृ तर्पण के लिए दुनिया भर में मशहूर बिहार का गया. इस जिले के गुरपा थानांतर्गत कठौतिया केवाल टोला. इस टोले में आदिम जनजाति बिरहोर के 27 परिवार रहते हैं. 18 साल पहले इनकी कुल आबादी थी 70, जो अब बढ़कर 75 हो गई है. यह जनसंख्या नियंत्रण की मिसाल है या रोग-बीमारी या कुपोषण के कारण मरनेवालों की बढ़ोतरी, बताने की बात नहीं. इन 27 परिवारों में पांचवीं से अधिक पढ़ाई कोई नहीं कर सका है. वहां की लोकप्रिय सरकार ने इन बिरहोरों के स्वास्थ्य और स्वच्छता का ध्यान रखते हुए दो सार्वजनिक शौचालय बनवा दिया. दोनों शौचालयों की छतें चोरी कर ली गईं. वहां सुशासन बाबू नीतीश कुमार का राज है, जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास वाली भाजपा के सक्रिय सहयोग-समर्थन से चल रहा है. यह खबर एक बड़े अखबार ने 21 जुलाई को प्रकाशित की. उसके एक दिन पहले भाजपा के चाणक्य कहे जानेवाले स्टालवार्ट नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रांची पधारे तो झारखंड विधानसभा के चुनाव का शंखनाद कर गये. जगन्नाथ मंदिर मैदान में भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड के पिछड़ेपन, खासकर आदिवासियों की बदहाली पर राज्य की इंडिया सरकार पर खूब तीर-कमान साधा. साधना भी चाहिए. यहां के प्रतिपक्षी दल के वे बड़े नेता हैं तो यह उनका राजनीतिक धर्म बनता है. झारखंड पिछड़ा है. यहां की 81 विधानसभा सीटों में 28 आदिवासियों के लिए सुरक्षित हैं. अबतक की 13 सरकारों में एक को छोड़ दें तो बाकी 12 सरकारों के मुख्यमंत्री आदिवासी ही रहे हैं. इन 12 सरकारों को छह आदिवासी मुख्यमंत्रियों ने चलाया. इन छह में तीन अभी भाजपा के ही हैं. इसके बावजूद आदिवासी आबादी बदहाल है, तो उसकी जवाबदेही बेशक इन सरकारों/मुख्यमंत्रियों पर जाती है. यानी दोनों तरफ की जवाबदेही बराबर है. आंकड़े तो यही कहते हैं. फिर भी वर्तमान सरकार इसकी जवाबदेह है, क्योंकि वह सरकार है. बिहार में आदिवासी आबादी नहीं के बराबर है, महज 1.68 प्रतिशत. इसके बावजूद देश भर में संरक्षित घोषित आदिम जनजाति बिहार में बदहाल है. इसकी भी तो जवाबदेही तय करनी होगी. देश पर भाजपा दस साल से अधिक समय से राज कर रही है, फिर भी कुल आबादी के साठ प्रतिशत से अधिक 81.5 करोड़ लोग सरकारी अनुदान के पांच किलो अनाज पर पल रहे हैं. इसकी जवाबदेही शाह महोदय को खुले मन से स्वीकार करनी चाहिए. करनी चाहिए कि नहीं करनी चाहिए?

अपने धुआंधार भाषण में अमित शाह ने कुछ आंकड़ेबाजी भी की. कहा, हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में उनका एलायंस नौ सीटों पर जीता. इस जीत में एक अतिरिक्त उत्साह छिपा हुआ है, क्योंकि 52 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली है. दरहकीकत लोकसभा चुनाव में भाजपा को आठ सीटें हासिल हुईं, जिसमें उसे 47 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली और उसके एलांयस आजसू को एक लोकसभा सीट मिली, जिसमें उसने तीन विधानसभा सीटों पर बढ़त पाई. 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े देखें तो भाजपा 11 लोकसभा सीटों पर विजयी रही थी और उसको 57 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी. उसकी पार्टनर आजसू एक लोकसभा सीट पर विजयी रही थी और उसको पांच विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी. 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 25 सीटों पर और आजसू दो सीटों पर सिमट गई थी. लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव भले ही पांच-छह महीने के अंतर पर हुए, लेकिन बाजी पूरी तरह पलटी गई. क्या इस बार भी वैसा ही होगा! क्या इस बार वैसा नहीं होगा!! कुछ ही महीनों में सब सामने आ जाएगा.

लोकसभा चुनाव से सवा साल पहले 7 जनवरी 2023 को अमित शाह ने चाईबासा में चुनावी अंदाज में भाषण किया था. यह वह काल था, जब हेमंत सरकार द्वारा स्थानीयता के लिए विधानसभा से 1932 का खतियानी विधेयक पारित कराया गया था. इसका विरोध मधु कोड़ा और उनकी पत्नी कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा कर रहे थे. शाह की उसी सभा के बाद यह प्रतीत होने लगा था कि कोड़ा दंपती भाजपा में चले जाएंगे. साल भर बाद ऐसा ही हुआ. विधानसभा चुनाव में देखिए आगे-आगे होता है क्या! कितने माननीय भाजपा के शरणागत होते हैं! मोदी-शाह की भाजपा के जमाने में चुनावी तैयारियां बहुत पहले कर देने की परिपाटी चल निकली है. विधानसभा के मानसून सत्र के बाद संभव है कि अगस्त में इंडिया ब्लॉक भी चुनावी मोड में आ जाए. जो हालात हैं, उसमें देश भर में कहीं न कहीं हमेशा चुनावी बयार बहा करती है. इसके लिए बड़ी पार्टियां प्रोटोकॉल वाले अपने नेताओं को लगाये रखती हैं. उनके हर दौरे पर भारी-भरकम खर्च होता है. यह खर्च सरकारी खजाने पर भारी गुजरता है. संबंधित नेता दलीय कार्य के लिए दौरे करते हैं, लेकिन खर्च राजकोष यानी पब्लिक मनी का होता है. क्या ही अच्छा होता कि यह खर्च संबंधित पार्टी उठाती. चुनावों को जनता का, जनता के लिए कहकर जनता पर ही बोझ लादना उचित नहीं प्रतीत होता. जनता ऐसे ही टैक्स के बोझ से दबी-पिसी जा रही है. उसके पैसे से पार्टीगत कार्यों की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन इस बिंदु पर कोई भी राजनेता या दल ध्यान नहीं देगा. इसमें उसका स्वयं का और उसके दल का स्वार्थ अंतर्निहित है. उसके भाषण-संभाषण, रैलियों और रोड शो से यदि दल की विजय होती है तो उसका कद बढ़ जाता है. राजसी सुख भोगने वाले हमारे राजनेता जनता को जनार्दन मानते तो उसे चंद सुविधाएं मुहैया कराकर दाता भाव से पेश न आते.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



## आत्मरक्षा में हिंसा

हिंसा चाहे कितने ही उचित कारणों से की जाय कहलाती 'हिंसा' ही है. उसका किसी भी काल, कारण, स्थिति, के कारण 'अहिंसा' में परिवर्तन नहीं हो जाता. वैसे तो प्रतिकार या आत्मरक्षा में हिंसा का हो जाना सम्भव है, तब भी वह विवशता में की गई 'हिंसा' ही कहलाएगी. ऐसी हिंसा के लाख अवश्यंभावी कारण जता कर भी उसे 'अहिंसा' रूप में स्थापित नहीं जा सकता. प्रतिरक्षात्मक हिंसा को भी सर्वसामान्य सहज बनाया भी नहीं जाना चाहिए, अन्यथा अनियंत्रित अराजकता ही फैल जाएगी. इस तरह तो प्रतिरक्षा या प्रतिशोध को आगे कर प्रत्येक व्यक्ति हिंसा में रत रहने लगेगा और उसे अभिमान पूर्वक 'अहिंसा' कहने लगेगा. विधि-नियमानुसार भी अभियोग में, आत्मरक्षार्थ हिंसा हो जाने पर मात्र अपराध की तीव्रता कम होती है, समूचा अपराध ही सुकृत्य में नहीं बदल जाता. न ही उस कृत्य को अहिंसा स्वरूप स्वीकार किया जाता है. कानून किसी को भी दंडित कर देने की जनसामान्य को अनुमति नहीं देता, चाहे दंड देना कितना भी न्यायसंगत हो. अदालती भाषा में इसे 'कानून हाथ में लेना' कहते हैं. अन्यथा लोग स्वयं न्यायाधीश बन, प्रतिरक्षार्थ एक दूसरे को दंडित ही करते ही रहेंगे और बाकी जो बच जाय उन्हें प्रतिशोध में दंडित करेंगे. इस तरह तो हिंसा का ही राज स्थापित हो जाएगा. इसीलिए अत्याचार और अन्याय के बाद भी प्रतिशोध में दंडित करने का अधिकार अत्याचार भोगी को भी नहीं दिया गया है. हिंसक विचारधारा और हिंसा की यह व्यवस्था सभ्य समाज में स्वीकृत नहीं होती. धैर्य, सहनशीलता या समता हमेशा विवेक को सक्रिय करने के उद्देश्य से ही होती है. पालतू नेवले और मां की वह बोध-कथा है, जिसमें सोए बच्चे को बचाने के लिए नेवला सांप से लडता है और उसको मार देता है, घड़ा भरकर घर आते ही द्वार पर मां नेवले के मुंह में रक्त देखकर निर्णय कर लेती है कि इसने बच्चे को काट खाया है. आवेश में नेवले पर घड़ा गिराकर मार देती है, किन्तु जब भीतर जाकर देखती है कि बच्चा तो सुख की नींद सो रहा है और पास ही सांप मरा पड़ा है. उसे होश आता है, नेवला अपराधी नहीं, रक्षक था. अब पश्चाताप ही शेष था. हिंसा तो हो चुकी. नेवला जान से जा चुका. इसीलिए न्यायालयों का अलिखित नियम होता है कि भले 100 अपराधी बच जायें, एक निरपराधी को सजा नहीं होनी चाहिए. क्योंकि सुसंस्कृत मानव जानता है जीवन अमूल्य है. एक बार जान जाने के बाद किसी को जीवित नहीं किया जा सकता.

# केंद्र ने भी माना सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी

• आम बजट

परंजय गुहा ठाकुराता

लोकसभा चुनाव के नतीजों से परेशान नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले आम बजट में यह माना है कि देश के सामने सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दा रोज़गार का है. भले ही सरकार ने संदिग्ध आंकड़ों का हवाला देकर यह दावा किया हो कि रोज़गार सृजन में सरकार का रिकॉर्ड इतना भी बुरा नहीं रहा है, लेकिन आरोप लगाए जा रहे हैं कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप कार्यक्रम, रोज़गार से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रम, निवेश को बढ़ावा देने के लिए ₹एंजल टैक्स₹ को ख़त्म करने और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लागू करने के लिए बजट आवंटन में कटौती नहीं करने जैसी योजनाओं की घोषणा करते हुए सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के चुनाव-पूर्व घोषणापत्र से कुछ बातें चुरा ली हैं. आर्थिक सर्वेक्षण में शेयर बाजारों में "ओवर कॉन्फिडेंस" को लेकर चेतावनी जारी किए जाने के बाद बजट में कई प्रस्तावों से शेयर सूचकांकों में गिरावट देखी गई. इनमें अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत), दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (10 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत), प्रतिभूतियों में लेनदेन पर (0.02 प्रतिशत से 1 प्रतिशत), परिसंपत्तियों के पुनर्वर्गीकरण की समय अवधि में बदलाव, वायदा और विकल्प (एफएंडओ) लेनदेन पर टैक्स रेट में बढ़ोतरी करना और शेयरों की पुनर्खरीद से होने वाली आय पर टैक्स लगाना शामिल है. देश के केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने से लाभांश के रूप में 2.1 लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व निकासी से सरकार का खजाना बढ़ने के बाद सरकार को राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के बारे में बहुत ज्यादा चिंता नहीं थी. केंद्र सरकार की राजस्व आय में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि व्यय में केवल 5.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई. राजस्व का इस्तेमाल निवेश के लिए नहीं किया गया है, बल्कि राजकोषीय घाटे को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.8 प्रतिशत से 4.9 प्रतिशत तक कम करने के लिए किया गया है. पिछले वर्षों के बरअक्स, मनरेगा के लिए 2024-25 का बजटीय आवंटन 86,000 करोड़ रुपये था, जो वास्तव में पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में खर्च की गई राशि के बराबर था. संयोग से, आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि मनरेगा पर ख़र्च ग्रामीण संकट का सटीक संकेतक नहीं है, क्योंकि ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना पर ख़र्च करने की राज्य सरकारों की क्षमताएं अलग-अलग हैं तथा विभिन्न राज्यों में न्यूनतम मज़दूरी भी अलग-अलग है. आंध्र प्रदेश को 15,000 करोड़ रुपए मिलेंगे, जिनमें से अधिकांश राशि अमरावती में राज्य की नई राजधानी बनाने के लिए ख़र्च होंगे. इसके अलावा, केंद्र सरकार बिहार और आंध्र प्रदेश की राज्य सरकारों की सहायता करेगी अगर वे विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से बहुपक्षीय वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहें. यह देखना अभी बाक़ी है कि ये घोषणाएं एनडीए सरकार के दो सबसे महत्वपूर्ण गठबंधन सहयोगियों यानी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राजनीतिक पार्टियों को किस हद तक संतुष्ट कर पाएंगी. आयात होने वाली 50 वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती और छह महीने में टैरिफ की समीक्षा करने के वादे को कुछ अर्थशास्त्रियों ने भारतीय उद्योग को सुरक्षा के स्तर को कम करके एक तरह के "सुधार के रास्ते" के रूप में देखा है. खाद्य सब्सिडी पर ख़र्च कम हो गया है, क्योंकि सरकार कम गेहूं और धान खरीद रही है, जबकि मुफ्त खाद्य योजना के अगले पांच वर्षों तक जारी रहने की उम्मीद है. सरकार ने देर से ही सही, लेकिन यह माना है कि रोज़गार की कमी देश के युवाओं के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, 2022-23 में युवा बेरोज़गारी 45.4 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गई. 2011-12 और 2022-23 के बीच, देश में आधे से ज़्यादा पुरुष और दो तिहाई से ज़्यादा महिलाओं को "स्व-रोज़गार" की श्रेणी में बताया गया था, जो कि अच्छी नौकरी न मिलने पर उनके लिए इस तरह का जुमला गढ़ा गया. सरकार के असंगठित उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के मुताबिक़, 2006 से 2021 के बीच 24 लाख छोटी इकाइयां बंद हो गईं जिसके परिणामस्वरूप अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वालों की संख्या में 1.3 करोड़ की कमी आई. सरकार स्पष्ट रूप से आरबीआई के हाल के दावे पर ज़्यादा भरोसा नहीं करती है कि पिछले 3-4 वर्षों में 8 करोड़ नई नौकरियां पैदा हुई हैं, यह एक ऐसा दावा जिस पर विश्वसनीयता की कमी के कारण सवाल उठाए गए हैं.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> देश के केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने से लाभांश के रूप में 2.1 लाख करोड़ रुपये के अभूतपूर्व निकासी से सरकार का खजाना बढ़ने के बाद सरकार को राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के बारे में बहुत ज्यादा चिंता नहीं थी. केंद्र सरकार की राजस्व आय में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि व्यय में केवल 5.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई.

# बच्चे की बात भी सुनने की कोशिश कीजिए

• मनोविज्ञान

रेनू गहलोत रॉय

बच्चों के साथ आए दिन हुए यौन शोषण की घटनाओं ने हमें यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हम अपने बच्चों को लेकर कितने सजग हैं. बहुत सी घटनाओं में देखा गया कि आपके सगे संबंधी रिश्तेदार पड़ोसी ही ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं. आज के समय में अति आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को यह अवश्य बताएं कि क्या होता है गुड टच. जब किसी का स्पर्श करना हमें अच्छी अनुभूति देता है, उसका स्पर्श करना हमें अच्छा लगता है, जैसे मम्मी, पापा, दीदी, बुआ, आंटी इत्यादि तो इसको गुड टच कहते हैं. जब बच्चा किसी के छूने से अच्छा महसूस न करे तो इसे बैड टच कहते हैं. जब किसी का हमें स्पर्श करना अच्छा नहीं लगता है, असहज महसूस होता है, जैसे किसी अजनबी का प्राइवेट पार्ट्स को छूना तो इससे आपको असहज महसूस होगा. उसका स्पर्श अच्छा नहीं लगेगा. एक घटना... इसमें बच्चों की मां कुछ देर के लिए छोड़ कर जाती है. क्या होता है जब सपना की मां उसे थोड़ी देर के लिए घर पर छोड़ कर गई. सपना (बदला हुआ नाम) की मां को अचानक अति आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़ गया. उसकी तीन साल की बच्ची घर में अकेली थी. वह पड़ोसी को यह बोल कर चली गई कि आधे घंटे के लिए सपना का ख्याल रखें, क्योंकि सपना की मां के साथ बहुत ही अच्छा व्यवहार और रिश्ता था. वह अपनी बच्ची को पड़ोसी के भरोसे छोड़ कर चली गई, लेकिन थोड़ी देर के बाद उसकी मां वापस आ गई. सपना कुछ डरी हुई थी. सपना को गोद में उठा लिया. उसने सपना से पूछा क्या बात है बेटा? आप इतना डरे हुए क्यों हो? मां तो थोड़ी देर के लिए गई थी. ऐसा सुनकर सपना रोने लगी. उसकी मां समझ नहीं पाई. सपना ने कुछ भी नहीं कहा. सपना की मां ने अनुभव किया कि वह हमेशा डर-डर कर रहने लगी और बात-बात पर रोने लगी. उसे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था, तब वह मेरे पास सपना के साथ आई. मैंने पूरी घटना की जानकारी उसकी मां से ली. सपना के स्वभाव के बारे में जाना. फिर सपना से बात की. सपना कुछ ही देर में मुझसे घुल मिल गई और उसने अपने साथ हुई उस दिन की घटना के संबंध में मुझे बताया कि पड़ोसी ने उसे गोद में उठा लिया था और उसका गलत तरीके से उसे छूना सपना को बिल्कुल अच्छा नहीं लगा. सपना डर गई थी. एक अनजाने से डर के कारण वह अपनी मां को भी यह बात नहीं बता पाई. काउंसलिंग के बाद सपना सामान्य हो गई. दो सेशन के बाद सपना की मां ने मुझे बताया पूरी तरह नॉर्मल हो गई है

> काउंसलिंग के बाद सपना सामान्य हो गई. दो सेशन के बाद सपना की मां ने मुझे बताया पूरी तरह नॉर्मल हो गई है ....आप बिल्कुल भी ऐसा ना करें. कभी भी अपने बच्चों को किसी के भरोसे छोड़कर न जाएं. आप अपने बच्चों को अवश्य ही गुड टच के बारे में बताएं, जिसके छूने से बच्चा अच्छा महसूस करता हो.

....आप बिल्कुल भी ऐसा ना करें. कभी भी अपने बच्चों को किसी के भरोसे छोड़कर न जाएं. आप अपने बच्चों को अवश्य ही गुड टच के बारे में बताएं, जिसके छूने से बच्चा अच्छा महसूस करता हो. जैसे कि मम्मी, जिसका छूना अच्छा नहीं लगता हो उसे बैड टच कहते हैं यह अच्छी तरह से बच्चे को समझाएं. ना कहना सिखाएं. मदद के लिए चिल्लाना सिखाएं. अपनी रक्षा करना सिखाएं. अनजान व्यक्ति से बात करना तथा उसकी दी हुई चीजें लेने के लिए मना करें. मम्मी पापा से शेयर करना सिखाएं. यदि बड़े बच्चे हैं तो उन्हें मोबाइल नंबर पर लोकेशन शेयर करना मम्मी या पापा के नंबर पर तुरंत किसी तरह भी फोन करके अपनी घटना के बारे में जानकारी देना, 1098 डायल करके हेल्प लेना यह बच्चों को अच्छे से सिखाएं. कोई अगर आपसे ऐसा बोले कि तुम्हारी मम्मी पापा बीमार हैं या एक्सीडेंट हो गया है. जल्दी चलो वे तुम्हें बुला रहे हैं तो इस तरह की बातों पर कभी भी भरोसा ना करें. स्कूल से किसी और के साथ कभी ना जाएं, जब तक कि वह उसे अच्छी तरह से न जानते हो. घर के लोगों के साथ भी कुछ भी घटना को बच्चों को बोलिए कि वह आपको पूरी तरह से अवगत कराएं. इसके साथ यह भी जरूरी है कि आप अपनी कैसे भूमिका निभाएं. आप सबसे पहले यह कोशिश कीजिए कि आपके बच्चे के साथ आपका रिश्ता बहुत ही मजबूत हो, ताकि वह आपसे सब कुछ शेयर करे. कभी भी बच्चों को दूसरों के हवाले चाहे वे कितने ही दूर के रिश्तेदार ही क्यों न हों, न छोड़ें. बच्चा क्या बोल रहा है उसे सुनने की कोशिश कीजिए. लड़का हो या लड़की, दोनों को ही गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी अच्छे से दें. बच्चों को पर्याप्त समय दें. यदि आपका बच्चा है स्कूल जाता है तो स्कूल में सारा दिन उसने क्या-क्या किया, उसकी जानकारी उसे प्यार से बैठ कर पूछिए. अपने बच्चों की दोस्त बनिए. आप भी अपडेट रहिए और गुड पेरेंट्स की भूमिका को निभाए.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# केंद्रीय बजट और आवंटन : ज्यादा मदद का सवाल

**केन्द्र** या राज्यों के बजट जितना आगामी वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व और व्यय के विवरण होते हैं, उतना ही वे राजनीतिक अर्थव्यवस्था की एक कवायद भी होते हैं. हाल ही में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किया गया केंद्रीय बजट भी इससे कुछ अलग नहीं है. कृषि क्षेत्र के लिए प्रावधानों और रोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों से शुरू करके "नौ प्राथमिकताओं" के अलावा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए किए गए विशेष प्रावधानों पर कुछ विस्तार से चर्चा की. इन दोनों राज्यों का नेतृत्व 2024 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद उसे महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करने वाली पार्टियों द्वारा किया जा रहा है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) और आंध्र प्रदेश के उनके समकक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता वाली तेलुगु देशम पार्टी अतीत में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संयोजकत्व से जुड़ी रहीं पार्टियां हैं. ये वो पार्टियां भी हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कथित गैर-धर्मनिरपेक्षवादी साख से लेकर बढ़ी हुई केंद्रीय सहायता की मांगों की अनदेखी जैसे मुद्दों पर भाजपा के साथ लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को तोड़ लिया था. बिहार को अब लगभग 59,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सबसे बड़ा हिस्सा मिला है. इनमें सड़क से जुड़े बुनियादी ढांचे के लिए 26,000 करोड़ रुपये, 2,400 मेगावाट क्षमता वाले बिजली संयंत्र के लिए 21,400 करोड़ रुपये और सिंचाई एवं बाढ़ की रोकथाम के लिए 11,500 करोड़ रुपये का परिव्यय शामिल हैं. श्री नायडू जहां एक लाख करोड़ रुपये की सहायता की अपनी मांगों को लेकर श्री कुमार से कहीं ज्यादा मुखर थे, वहीं बजट में मुख्य परिव्यय के रूप में राज्य की नई राजधानी, अमरावती के विकास के लिए 15,000 करोड़ रूपये की 'विशेष वित्तीय सहायता' की सुविधा मिली. सुश्री सीतारमण ने 'देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए' पोलावरम सिंचाई परियोजना को जल्द पूरा करने का वादा तो किया, लेकिन बजट दस्तावेजों में उसके वास्ते किसी ठोस परिव्यय का जिक्र नहीं है.दोनों राज्यों पर लगभग एक-तिहाई का अस्थिर सार्वजनिक ऋण है, जो कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुपात का ऋण है और दोनों ही राज्य विशेष ध्यान देने के पात्र हैं. लेकिन देश के बाकी हिस्सों में विभिन्न परियोजनाओं, मसलन मुंबई मेट्रो रेल के लिए टुकड़ों में आवंटन करके और विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में इसी तरह के अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के खर्चों को नजरअंदाज करके (तमिलनाडु में चेन्नई की मेट्रो रेल और केरल की विझिंजम बंदरगाह परियोजना इसके उदाहरण हैं), सुश्री सीतारमण केन्द्र के वित्त का उचित और न्यायसंगत वितरण प्रदान करने में नाकाम रही हैं.



**(द हिंदू)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### कर/ कार

**राम** रमापति कर धनु लेहूं, खैंचत चाप मिटै संदेहू. मतलब हे लक्ष्मीपति राम, हाथ में धनुष लीजिए, ताकि इसपर चाप खींचते ही सभी संदेह मिट जायें. संग लाइ करिनी कर लीन्हें, मानहुं मोहि सिखावन दीन्हें. पहली चौपाई की तरह दूसरी चौपाई में भी कर शब्द का प्रयोग है. पहली चौपाई के कर का मतलब हाथ है, लेकिन दूसरी चौपाई का कर करिनी का कर है, यानी हाथी की सूंड़ है. कर शब्द अनेकार्थी और बहुप्रचलित शब्द है. विभिन्न शब्दकोशों के अनुसार कर का अर्थ है हाथ, हाथी की सूंड़, सूर्य या चंद्रमा की किरण, ओला, पत्थर, प्रजा के उपार्जित धन में राजा का भाग, मालगुजारी, महसूल, टैक्स. व्यवहार में कर गहना का मतलब हाथ पकड़ना और कर चुकाना का मतलब टैक्स जमा करना. कर का मतलब करनेवाला. जैसे कल्याणकर यानी कल्याण करनेवाला, सुखकर यानी सुख करनेवाला, स्वास्थ्यकर यानी स्वास्थ्य को अच्छा करनेवाला. कर का क्रिया रूप करना तो है ही, इसका एक प्रयोग करनेवाला के रूप में भी होता है. अवधि भाषा में संबंध कारक के रूप में कर शब्द का प्रयोग होता है-राम ते अधिक राम कर दासा. यानी राम से अधिक राम के भक्त हैं. कर की तरह कार भी प्रचलित और अनेकार्थी शब्द है. मुख्यतः करनेवाले के अर्थ में ही इसका प्रयोग होता है. यह शब्द संस्कृत में तो है ही, हिंदी, अंग्रेजी, फारसी आदि भाषाओं में भी राज करता है. संस्कृत का यह कार शब्द विभिन्न उपसर्गों से दोस्ती करता है तो उसके रंग-रूप बदल जाते हैं. जैसे आ+कार=आकार, प्र+कार=प्रकार, वि+कार=विकार, उप+कार=उपकार. फारसी, संस्कृत आदि भाषाओं के शब्दों के अंत में जुड़ने वाला एक प्रत्यय है कार. जैसे पेशकार, कशीदाकार, काश्तकार, ग्रंथकार, चित्रकार आदि. अंग्रेजी भाषा में कार का मतलब है एक प्रकार का आरामदायक सवारी वाहन, मोटरगाड़ी. फारसी के कारबार का मतलब है कामकाज, रोजगार, पेशा, धंधा, व्यापार, व्यवसाय. इससे बना विशेषण शब्द है कारबारी यानी कामकाजी, व्यवसायी, रोजगारी, किसी धंधे में लगा हुआ, कारिंदा.

# नजर लागि राजा तोरे बंगले पर

• तीर-तुक्का

सुशील यादव



एक गाना, ₹नजर लागी राजा, तोरे बंगले पर₹ जो बरसो पहले सुना था, जिसके लिखने वाले ने शायद सोच लिया हो कि आज से पचास साल बाद, किसी बिहार-प्रांत के कथित राजा के बंगले पर सरकारी अमले की नजर लग जायेगी. कथित राजा पर सरकारी-तंत्र के तजुर्बे-टोटके आजमाए जाएंगे. सरकारी अमलो में व्यर्थ दौरा-भत्ता बनाने वालों को, कुछ काम सौंप कर, उनकी मारक- क्षमता का पूर्वाभास, किसी युद्ध के ठीक पहले की, रिहर्सल की तरह कर ली जायेगी. देखने वाली बात यह होगी कि कतिपय सरकारी फार्म के घास चरने वालों में ये चरितार्थ कर पाने का माद्दा है या नहीं कि ₹जो मैं होती राजा बन की कोयलिया₹ अंदाज में कुहकने के लिए वे सही बंगला तलाश कर पाते हैं अथवा नहीं? सरकारी अमले के कुछ ₹जग्गू किस्म के जासूस₹, इस बहाने राजा के बंगले पर कुछ दिन के लिए छोड़े गए. 'क्या खबर लाये हो धौलिया', अंदाज में आका रिपोर्ट लेते. वे रिपोर्टते कि मैं माई-बाप बेनामी संपत्ति का मामला फिट हो सकता है. आगे बढ़ें ....? वे अस्पष्ट गाली सहित गुर्राते ..... सीधे -सीधे घूस का मामला नहीं बनता क्या .....?अगला इतने दिनों तक बड़े-बड़े गाय - बछिया के खटाल लगाए बैठे रहे तुम तनिक से छाछ का तोता बताये रहे हो. निक्कम्मे हो सब के सब. पूरे मोहकमे का नाम मिटटी में मिला दिए रहे हो .....क्या सोच के आये थे, आलाकमान खुश होगा ...... शाबाशी देगा ..... नालायकों ! कहे देते हैं, आज से ठीक महीने बाद फिर पुख्ता सबूत के साथ इधरिच रिपोटो. अफसर अफसोसियाते. खिसियाते और अपनी बारी की प्रतीक्षा में मौक़ा पाते ही खिसक लेने में महारत हासिल करते. मायूस अंदाज में खिसकते हुए सोचते, काश कि मुँहफट जूनियर लोग सजेस्ट करते साहेब, जो मैं होती राजा बेला चमेलिया, लिपट रहती राजा तोरे बंगले पर वाले अंदाज में कार्यवाही करें..? वैसे इस गाने के रचयिता को लगभग आभास था कि 'विज्ञान' 'बिहार-नालन्दा क्षेत्र' में भी कुछ हद तक तरक्की कर लेगा. सीसी कैमरा वगैरा उधर आ जाएंगे. और केमेरा को 'बेला-चमेलिया' की आड़ में रखने की जुगत , खुफिया तौर खुफिया विभाग के लोग कर लेंगे. पे फिट करने के खुफियापंथी काम को आसान बनाये जा सकने वाले प्लान ढूंढने लगे. जूनियर की बात को तवज्जो दी गई. हमारे तरफ जूनियर की बात को सीधे सीधे भाव नहीं दिए जाने का चलन है, इसी के चलते सीनियर ने हिदायती फतवा भी पढ़ दिया. देखो ...! राजा के बंगले के खिलाफ काम ज़रा जोखिम का दीखता है. वहां सिक्युरिटी तगड़ी होती है देख सम्हल के करना. बात लीक तो होनी ही नहीं चाहिए. मगर सरकारी मोहकमे में जो ये जोखिम कर ले, उसकी नैया बिना रोक-टोक दूर तक निकल जाती है. प्रमोशन और पदक का मामला आगे बढ़ता है. इस हिम्मत को कहीं हिमाकत भी कहते हैं ये अलग किस्सा है. वे लाख कोशिशों ₹बेला-चमेलिया₹ में कुछ फिट नहीं कर पाये.

# बायोस्कोप

हस्ताक्षर

# असामान्य हिंसा में मनोरंजन ढूंढता सिनेमा

*हिन्दी सिनेमा में हिंसा का स्वरूप यही नहीं था, जो आज दिखायी दे रहा है. समय समाज और तकनीक ने जहां इसकी प्रस्तुति बदली वहीं इसका प्रभाव भी बदला. सिनेमा को पता है हमें हर बार थोड़ा ज्यादा चाहिए. जहां तक के लिए हमारा मानस कंडीशन्ड हो चुका है उसे तोड़ने के लिए, उसे उससे ज्यादा डिटेल्स दिखाने की जरूरत पड़ती है, थोड़ा और वीभत्स.*



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार







हाल ही में आयी फिल्म 'किल' की यही विशेषता ही बतलायी गई कि यह हिंदी की सबसे हिंसक फिल्म है. इस फिल्म में आस पास उपलब्ध शायद ही कोई वस्तु होगी जिसका किसी की हत्या के लिए प्रयोग नहीं हुआ हो. यहां सिर्फ हत्या नहीं दिखाई जाती हत्या की पूरी प्रक्रिया दिखाई जाती है. फिल्म में एक संवाद भी है, "ऐसे भी कोई किसी को मारता है क्या, तुम आदमी नहीं राक्षस हो राक्षस".

## वीभत्सता की पराकाष्ठा

हत्या का ऐसा ही राक्षसी स्वरुप 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन में दिखा, जब अपनी ही बहन के होने वाले पति को दोनों आंखों में अंगूठें घोंपकर मार दिया जाता है. मिर्जापुर के ही एक अन्य दृश्य में पूरे क्लोजअप में गंडासे से गर्दन काट कर गिराते देखते हैं, तो एक में कथित कवि को लिखने वाली पेंसिल गले में भोंक हत्या करते. 'एनिमल' तो खैर एनिमल की कथा ही थी. ये तो कुछेक उदाहरण हैं, सच यही है कि परदे पर हिंसा का असामान्य रूप दिखाने की परम्परा बढ़ती जा रही है.

## जब ढिशुम-ढिशुम करता था आनंदित

दारा सिंह और शेख मुख्तार के फिल्मों की एक्शन दृश्यों की याद हमें भले ही ना हो, धर्मेन्द्र, अमिताभ बच्चन के फिल्मों के एक्शन दृश्यों की याद तो बार-बार ताजा होते रहती है. संगीतकारों के बाद्ययंत्रों से निकले जोर-जोर के ढ़िशुम-ढ़िशुम और नायक के एक ढ़िशुम पर धाराशायी होते दस-दस गुण्डे. वाकई 'आनन्द' आता था, तालियां बजाते दर्शक उत्तेजना में अपनी-अपनी सीटों पर खड़े हो जाते थे. मुकाबले लगातार होते रहते थे और परदे पर खून का कतरा भी नहीं दिखता था. एक तरफ दन दन गोलियां चलती थी दूसरी तरफ आह-उह कर के गुण्डे लोटते दिखायी देते थे, कभी खून दिखता था कभी नहीं भी. देव आनन्द अपने बड़े से बड़े मिशन को अपने थप्पड़ों के सहारे अन्जाम तक पहुंचा देते थे. कोई खून खराबा नहीं. ये एक्शन किसी न किसी तरह हमें आनन्दित करता था, आतंकित नहीं. कभी रामगोपाल वर्मा ने 'जंगल' में खून का एक बूंद दिखाने की जरुरत नहीं समझी थी, 2010 में उन्होंने दो भागों में सबसे हिंसक फिल्म बनायी 'रक्तचरित्र', जिसमें हत्या की हर असामान्य तकनीक का प्रयोग किया गया था.

## कहीं आ न जाए वह दिन भी

आज भले ही हिंसा की डिटेलिंग हमें कहीं भी आनन्दित नहीं करती, 'किल' या 'एनिमल' देखते हुए दर्शक तालियां नहीं बजा सकते. ये दृश्य आतंकित करते हैं, 'मिर्जापुर' में जब कथित कवि अपनी लिखने वाली पेंसिल से हत्या करता है तो दर्शक सिहरे से स्तब्ध बैठे रहते हैं. हम उस दिन की नियति सोच बेचैन हो सकते हैं जिस दिन ये डिटेल्स भी हमें आनन्दित करने लगेंगे. आखिर फिल्मकार का अन्तिम लक्ष्य हमें आनन्दित करना ही तो है.

## तकनीक महसूस कराता हिंसा

वीएफएक्स, सिनेमेटोग्राफी और साउंड के बेहतर तकनीक की आमद ने हिन्दी सिनेमा को अब इतना समृद्ध कर दिया है कि हिंसा की घटना को अब सिर्फ हम देख ही नहीं रहे होते हैं, महसूस भी कर रहे होते हैं. कह सकते हैं समाज में जब इतनी हिंसा है तो सिनेमा को उससे कब तक बचा कर रख सकते हैं? वाकई नहीं रख सकते, लेकिन बाकी दृश्यों के यथार्थ चित्रण और हिंसक दृश्यों के यथार्थ चित्रण के प्रभाव में फर्क है. समाज में हिंसक घटनाएं घट रही हैं, हम सुनते हैं, जानते हैं, चिंतित होते हैं, हम मुखर हो सकें या नहीं, लेकिन मन में विरोध की एक भावना तो आती ही है, यदि हमारे सामने में घटना हो रही होती तो मैं विरोध करता. लेकिन परदे पर दिख रही हिंसा को हम निरपेक्ष भाव से ग्रहण करते हैं.



# इन दिनों किसके प्यार में है कृति

*कृति सेनन आज 34वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं. 27 जुलाई, 1990 को जन्मीं कृति ने स्कूली शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम से ली. जेआईआईटी, नोएडा से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बी टेक किया. लव लाइफ के लिए चर्चा में रहती हैं, पर किसी एक के साथ अधिक दिन नाम नहीं टिकता. आइए, कृति के जीवन के कुछ किस्सों, रोचक जानकारियों से हों रू-ब-रू...*




## रैंप वॉक पर रो दी कृति

मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत करने वाली कृति ने अपने पहले रैंप वॉक पर कुछ गलती कर दी थी. इसके बाद 20 मॉडल्स के सामने उनको खूब डांट पड़ी थी. इसके बाद कृति रोने तक लगी थी. इस घटना का उल्लेख खुद कृति कई बार इंटरव्यू के दौरान करती है और कहती हैं कि यह उनकी जिंदगी का यू टर्न था. तब मां साथ मौजूद थीं, उन्होंने समझाया कि उन्हें इस प्रोफेशन में खुद को स्ट्रॉन्ग बनाना पड़ेगा. इसके बाद कृति ने खुद को मजबूत बनाने के लिए काफी मेहनत की.

## जब पहली बार किया स्मोकिंग

फिल्म बरेली की बर्फी में कृति के किरदार को स्मोक करते हुए दिखाया गया था. इसकी शूटिंग ही वह घड़ी थी जब पहली और आखरी बार कृति ने स्मोकिंग की थी. एक इंटरव्यू में इस बाबत चर्चा करते हुए कृति ने कहा था- 'मैं स्मोकिंग नहीं करती हूं, मैं एंटी स्मोकर हूं, लेकिन फिल्म के लिए मुझे ऐसा करना पड़ा था. मुझे पहली बार स्मोकिंग करने के बाद भी पसंद नहीं आया था. लेकिन फिल्म के किरदार की मांग थी और इस मांग की पूर्ति के लिए मैंने ऐसा किया. मैं सिर्फ माउथ फैग नहीं करना चाहती थी, क्योंकि जो स्मोकर्स हैं, उन्हें एक झटके में समझ आ जाता कि ये स्मोक नहीं करती है.'

### मुंबई में 60 करोड़ का बंगला

कृति सेनन का एक शानदार घर दिल्ली में है. तो वहीं मुंबई के जुहू इलाके में भी उनका एक खूबसूरत बंगला है जिसकी कीमत लगभग 60 करोड़ रुपए बताई जाती है. इस घर में कृति सेनन अपनी बहन और पूरे परिवार के साथ रहती हैं.

## प्यार का नया रंग

कृति सेनन अपने काम के साथ-साथ अपनी लव लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहती हैं. लेटेस्ट की बात करें तो इन दिनों कहा जा रहा है कि वे यूके बेस्ड बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं. हाल ही सोशल मीडिया पर लंदन की सड़कों पर उनका हाथ थामें हुए कृति सेनन स्पॉट हुई थीं. कृति सेनन हमेशा से ही अपनी लव लाइफ को लेकर चुप रही हैं. कबीर बहिया के साथ भी उन्होंने अपनी वायरल फोटोज पर अब तक कुछ नहीं कहा हैं, पर फैंस हैं कि अपने फेवरिट एक्ट्रेस के पार्टनर की जानकारी जुटा ही लेते हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कबीर की उम्र महज 25 साल है. 1999 में जन्में कबीर ने 2018 में इंग्लैंड के सोमेरसेट के 'मिलफील्ड' बोर्डिंग स्कूल से अपनी स्कूलिंग साल 2018 में पूरी की थी. लंदन के सबसे अमीर परिवार से जुड़े कबीर क्रिकेट के शौकीन हैं और महेंद्र सिंह धोनी, ऋषभ पंत, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और युजवेंद्र चहल के करीबी हैं.

## सुशांत पर इमोशनल बातें

कहा जाता है कि कृति सेनन और सुशांत सिंह राजपूत ने कई साल तक एक-दूसरे को डेट किया था. हालांकि, दोनों ने ही इस पर कभी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी. जब 14 जून 2020 को सुशांत की अचानक मौत हो गई, तब कृति ने सोशल मीडिया पर बेहद इमोशनल पोस्ट शेयर किया था और साथ ही कई अनदेखी तस्वीरें भी.

## कभी कार्तिक थे शहजादा

कार्तिक आर्यन के साथ उनके प्रेम संबंध की झलक भी फैंस को कई बार मिली, कई पार्टी, कई वेकेशंस में वे साथ स्पॉट किए गए. एक बार कृति के जन्मदिन पर आधी रात को कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वो कृति को केक खिला रहे हैं. उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'डाइट नहीं तोड़ी लड़की ने, सिर्फ पोज किया मेरे लिए!! हैप्पी बर्थडे परम सुंदरी. फ्रॉम योर शहजादा.'

## फीस करोड़ों में

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस का नेटवर्थ करीब 33 करोड़ रुपए है. कृति सेनन एक फिल्म के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं. इसके साथ ही उन्होंने अपना ब्रांड भी लॉन्च किया है, जिससे उनकी काफी कमाई होती है. उनकी एनुअल इनकम 5 करोड़ से ज्यादा है.

# बाल रंगने की उम्र में सैंया जी से ब्रेकअप

**अंबानी परिवार की शादी में जितनी चर्चा अनंत- राधिका की हुई शायद उससे कम ऐश्वर्या-अभिषेक की नहीं हुई. बेटी आराध्या के साथ बच्चन परिवार से अलग पहुंची ऐश्वर्या ने रेड कार्पेट पर बेटी के साथ पोज दिए तो वहीं, अभिषेक बच्चन पूरे परिवार के साथ पोज देते हुए नजर आए. इसके बाद से ही अभिषेक और ऐश्वर्या के रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गईं. इसे और हवा दिया अभिषेक बच्चन ने जब उन्होंने एक डिवोर्स पोस्ट को लाइक कर दिया. आलम यह है कि अब अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय की अनबन की अफवाहों के बीच 'ग्रे डिवोर्स' ट्रेंड करने लगा है.**



### क्या है 'ग्रे डिवोर्स'

'ग्रे डिवोर्स'- यह नाम नया है तो ट्रेंड भी पुराना कहां. पहले पति-पत्नी के बीच यदि अलगाव की नौबत आती भी थी तो अक्सर 35-चालीस की उम्र तक ऐसे मामले निबट जाते थे. अब नया चलन है पचास की उम्र के बाद तलाक लेने के मामले सेलिब्रिटी ही नहीं, आसपास भी दिखने लगे हैं. इसे ही ग्रे तलाक का नाम दिया जा रहा.

## इन बॉलीवुड सेलेब्स ने भी लिए 'ग्रे डिवोर्स'

बदलाव की बयार में बॉलीवुड के कदम आगे-आगे रहते हैं. बॉलीवुड में अबतक कई सेलेब्स 'ग्रे डिवोर्स' ले चुके हैं. इनमें इन जोड़ों की चर्चा की जा सकती है-

### आमिर खान - किरण राव



एक्टर आमिर खान और फिल्ममेकर किरण राव के तलाक ने लोगों को चौंकाया था. लंबे समय तक पति-पत्नी रहे और फिर बाद में उन्होंने अपने रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया और तलाक ले लिया. 2005 से साथ रह रहे इस कपल ने 2021 में अलग होने का फैसला किया. हालांकि ये आज भी अच्छे दोस्त हैं और साथ काम करते हैं.

### अर्जुन रामपाल - मेहर जेसिया



स्टूडेंट लाइफ में अपने हॉस्टल के कमरे में मेहर जेसिया की तस्वीरें लगाने वाले अर्जुन रामपाल की जिंदगी ऐसी पलटी कि 1998 में उसी से शादी भी हुई. दोनों की महिका और मायरा नाम की दो बेटियां भी हुईं. फिर रितिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान का नाम दोनों के बीच आया और शादी के 20 साल बाद, 2018 में दोनों ने तलाक ले लिया.

### मलाइका अरोड़ा - अरबाज खान



आज जिस तरह ऐश्वर्या -अभिषेक के तलाक की चर्चा है, कभी ऐसी ही चर्चा अरबाज -मलाइका की भी थी. रियलिटी शो 'पावर कपल' में जब दोनों साथ दिखना बंद हो गए, तभी से इनके अलग होने के कयास लगाए जा रहे थे. 1998 में दोनों ने शादी की और 20 साल बाद तलाक लेकर अलग हुए थे. अरबाज ने मलाइका को एलुमनी अमाउंट के तौर 15 करोड़ रुपए दिए थे.

### फरहान अख्तर - अधुना भबानी




अधुना एक जानी मानी सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट और 'बी ब्लंट' सैलून की मालकिन हैं. फरहान अख्तर और अधुना भबानी की पहली मुलाकात साल 1997 में जुहू के एक नाइट क्लब में हुई थी. तीन साल तक डेट करने के बाद 2000 में फरहान अख्तर ने उम्र में छह साल बड़ी अधूना से शादी कर ली थी. दो बेटियां हैं- शाक्या और अकीरा. साल 2016 में इस जोड़े ने जब 16 साल की शादी खत्म कर तलाक लिया. अब ये दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में मूव-ऑन कर चुके हैं. फरहान अखतर और अधुना भबानी के बीच तलाक के बाद भी दोस्ताना रिश्ता बरकरार है और अक्सर दोनों सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटोज पर कमेंट करते नजर आते हैं.

### सैफ अली खान- अमृता सिंह



सैफ अली खान और अमृता सिंह की पहली मुलाकात फोटोशूट के दौरान हुई थी. सैफ ने उन्हें डेट के लिए पूछा तो अमृता ने उन्हें घर पर डिनर में आने के लिए कहा. प्यार परवान चढ़ा और 1991 में दोनों ने शादी कर ली. शादी के करीब 4 साल बाद 1995 में सारा अली खान का जन्म हुआ. 2001 में इब्राहिम अली खान का जन्म हुआ. लेकिन सैफ और अमृता के बीच तकरार बढ़ने लगी और वे 2004 में अलग हो गए.

### ऋतिक रोशन - सुजैन खान



फेयरीटेल रोमांस से कम नहीं थी ऋतिक रोशन और सुजैन खान की लव स्टोरी. कॉफी विद करण के सीजन वन में जब सुजैन से सवाल किया गया था कि गर ऋतिक का किसी से अफेयर हो जाए तो? इस सवाल पर सुजैन ने कहा था कि वे सपने में भी ऋतिक से अलग होने का ख्याल नहीं कर सकती हैं. लेकिन साल 2013 में ऋतिक रोशन और सुजैन खान ने शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला लिया था. मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जाता है कि सुजैन खान ने तलाक के वक्त एलिमनी के तौर पर 400 करोड़ रुपये की मांग की थी और उन्हें 380 करोड़ रुपये दिए गए थे. ऋतिक और सुजैन के तलाक की गिनती सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे महंगे तलाकों में होती है.

**पश्चिमी देशों में बढ़ा मामला :** सोशल जर्नल ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो दशकों में संयुक्त राज्य अमेरिका में तलाक के सभी मामलों में से 43% में 50 साल या उससे अधिक आयु के व्यक्ति शामिल थे. 1990 के बाद से 'ग्रे डिवोर्स' की दर दोगुनी हो गई है और 65 साल से अधिक उम्र वालों के लिए यह संख्या तीन गुना हो गई है.

**ये है ग्रे डिवोर्स की वजह :** उम्र के एक पड़ाव तक अक्सर बच्चों के कारण जुड़े रहने वाले कपल मतभेद के कारण बाद की जिंदगी में 'ग्रे डिवोर्स' लेते हैं. बेवफाई, लड़ाई-झगड़े या अन्य कुछ कारणों से अलग अलग रास्ते पर चलने की चाहत रखने वाले जोड़े कभी बच्चों तो कभी समाज के दबाव या शादी को वक्त देने के लिए वह लंबे वक्त साथ रह लेते हैं. लेकिन शादी के कई साल बीत जाने पर और बच्चों के बड़े हो जाने के बाद ये कपल अलग होने का फैसला कर लेते हैं, क्योंकि अब उनपर किसी तरह का दबाव या मजबूरी नहीं होती हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी






## पेरिस ओलंपिक : अमेरिका ने जाम्बिया और कनाडा ने न्यूजीलैंड को हराया

**महिला फुटबॉल**

**नीस (फ्रांस)।** मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में रिकॉर्ड पांचवां स्वर्ण पदक जीतने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की. स्वानसन ने दो गोल दागे. उनके अलावा ट्रिनिटी रोडमैन ने भी अमेरिका के लिए गोल किया. एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई. यह मैच अभ्यास के दौरान ड्रोन से निगरानी करने के आरोपों के कारण विवादों में पड़ गया था. मैकेंजी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी. स्पेन ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके जापान को 2-1 से हराया. जर्मनी ने ऑस्ट्रेलिया को हराया.

# पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे जोकोविच, नडाल और अल्काराज

एजेंसी। पेरिस

नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे. सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे. नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है. उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा.

नडाल एकल में अपना पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे. अगर वह यह मैच जीत जाते हैं और जोकोविच शनिवार को मैथ्यू एबडेन को हरा देते हैं तो फिर यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे के आमने-सामने होंगे. नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं. अपने करियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा, ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा मैं इसे नहीं बदल सकता और मैं इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं. इनसे मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरणा मिलती है.



### ओलंपिक में आज भारत

- **बैडमिंटन**: पुरुष एकल ग्रुप मैच : लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7 :10 बजे), पुरुष युगल ग्रुप मैच : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी एवं रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे), महिला युगल ग्रुप मैच : अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11 :50 बजे).
- **मुक्केबाजी** : महिलाओं के 54 किग्रा शुरुआती दौर का मुकाबला : प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12 :05 बजे)
- **हॉकी** : पूल बी मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)
- नौकायन : पुरुष एकल स्कल्स : पंवार बलराज (दोपहर 12 :30 बजे)
- **टेबल टेनिस** :पुरुष एकल पहला दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7 :15 बजे)
- **टेनिस** :पुरुष युगल के पहले दौर का मैच : रोहन बोपन्ना व एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर-वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03 :30 बजे)
- **निशानेबाजी** : 10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन : संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता / रमिता जिंदल (दोपहर 12 :30 बजे) 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन : अर्जुन सिंह चीमा और सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे) 10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन : मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)

### गंभीर टीम में नए विचार लाएंगे : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नये कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक समकालीन कोच हैं, जिन्होंने अपेक्षाकृत परिपक्व और सुलझी हुई टीम की बागडोर संभाली है. भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नयी भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं, क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं. वह पहले से ही टीम के करीब हैं.

## पेरिस ओलंपिक : मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारतीयों को मिला मुश्किल शुरुआती ड्रॉ

# निकहत, लवलीना, निशांत देव पर टिकी रहेंगी भारत की निगाहें

भाषा। पेरिस

विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन और निशांत देव ओलंपिक खेलों में शनिवार से शुरू हो रही मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मुश्किल ड्रॉ से पार पाकर भारत को पदक दिलाने की कोशिश करेंगे. भारत ने मुक्केबाजी में अभी तक तीन ओलंपिक पदक जीते हैं. इनमें विजेंदर सिंह एकमात्र पुरुष मुक्केबाज हैं. उन्होंने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था. इसके चार साल बाद लंदन में एमसी मैरीकॉम और 2021 में टोक्यो ओलंपिक में लवलीना ने कांस्य पदक हासिल किया था.

पेरिस ओलंपिक में भारत के छह मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिन्हें कठिन ड्रॉ मिला है. इनमें जरीन को पदक का मजबूत दावेदार माना जा रहा है. इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को 50 किग्रा भार वर्ग में चीन की वू यू, थाईलैंड की चुथामत रक्सट और उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. जरीन रविवार को जर्मनी की मैक्सी





क्लॉटजर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी, जिसके बाद उनका सामना एशियाई खेलों की शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन वू से हो सकता है. अगर जरीन यह बाधा पार कर लेती हैं, तो उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता रक्सट या बोबोकुलोवा से हो सकता है. इन दोनों मुक्केबाजों ने हाल में भारतीय खिलाड़ी को हराया था. अनुभवी अमित पंघाल (51 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिली है. राउंड 16 में उनका सामना अफ्रीकी खेलों के चैंपियन जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा से होगा, जिन्हें भारतीय खिलाड़ी ने राष्ट्रमंडल खेलों में हराया था. पंघाल का क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता थाईलैंड के थितिसन पनमोद से व सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन हसनबॉय से सामना हो सकता है.

निशांत को भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अच्छा ड्रॉ मिला है. उन्हें भी पहले दौर में बाई मिली है. वह गुरुवार को प्री क्वार्टर फाइनल में इक्वाडोर के रोड्रिगेज टेनोरियो से भिड़ेंगे. अगर निशांत टेनोरियो को हरा देते हैं, तो क्वार्टर फाइनल में उनका सामना मैक्सिको के मर्को वर्डे से हो सकता है. सेमीफाइनल में पहुंचने पर उनका सामना जापान के सेवोन ओकाजावा से हो सकता है.

### महिला मुक्केबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद : विजेंदर

**नयी दिल्ली।** भारत के एकमात्र ओलंपिक पदक विजेता पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह को लगता है कि पेरिस ओलंपिक में देश की पदक की संभावनाएं महिला मुक्केबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर होंगी और उन्हें उम्मीद है कि निकहत जरीन की अगुआई वाली टीम कम से कम दो पोडियम स्थान हासिल करेगी. जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लम्बोरिया (57 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) भारतीय महिला टीम में शामिल हैं, जबकि अमित पंघाल (51 किग्रा) और पदार्पण कर रहे निशांत देव (71 किग्रा) पेरिस के लिए क्वालीफाई



करने वाले दो पुरुष मुक्केबाज हैं. विजेंदर ने कहा कि उन्हें महिला मुक्केबाजों के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है. बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता और भाजपा नेता विजेंदर ने कहा, पुरुष मुक्केबाजों के बारे में मैं इतना ज्यादा नहीं जानता लेकिन मैंने महिला मुक्केबाजों के बारे में जो पढ़ा है, उससे उम्मीद जगती है कि लड़कियां अच्छा प्रदर्शन करेंगी,

# सिंधु, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण जीतने पर

भाषा। पेरिस



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगी, जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी. सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा. जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है. उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था. अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रेस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेगी. पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे. इन दोनों ने भी पदक को अपना लक्ष्य बनाया है. इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे. भारत के एकल खिलाड़ियों का ओलंपिक से पहले प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा, लेकिन पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया. इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं.



# भारतीय हॉकी टीम पदक की प्रबल दावेदार बस स्वाभाविक खेल दिखाएं : हरेंद्र सिंह

- मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा

भाषा। नयी दिल्ली

करियर की शुरुआत से अबतक के उनके सफर को करीब से देखने वाले अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार है. उनकी टीम को एक ही सलाह है, बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ. अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच बनने के बाद भाषा को दिए पहले इंटरव्यू में हरेंद्र ने कहा, मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ. भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है. मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा, लेकिन पदक मिलेगा



और यह मैं सिर्फ इसलिये नहीं कह रहा हूं, क्योंकि मैं भारतीय हूं. भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पीआर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है. इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है. अमेरिका की पुरुष टीम के मुख्य कोच रहे 55 वर्ष के हरेंद्र ने कहा, क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता रह चुके हैं. उन्हें पता है कि चैंपियन टीम बनने के लिए क्या चाहिए और दबाव के हालात से कैसे निपटना है. उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है. द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरुष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं. वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे. पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत 2016 की जूनियर टीम का हिस्सा थे. हरेंद्र ने 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि एक दिन वह भारत के कप्तान बनेंगे.

## टी20 एशिया कप : 10 विकेट से जीत, स्मृति मधाना और रेणुका सिंह चमकीं

# बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में

भाषा। दाम्बुला

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती ओवरों में तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलायी. भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की. मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया. दोनों की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत को 54 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल करने में कोई



परेशानी नहीं हुई. भारतीय टीम के सामने रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी. लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाये. टीम ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 46 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे. शेफाली को 21 रन के स्कोर पर राबिया खान ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया तो वहीं जहांआरा आलम की गेंद पर मंधाना के 35 रन के स्कोर पर कैच आउट होने के बाद गेंद नो बॉल करार दी गयी. उन्होंने जहांआरा के खिलाफ डीप स्क्वायर लेग के ऊपर से शानदार छक्का भी जड़ा. भारत की जीत पर लगभग उसी समय मुहर लग गयी थी जब गेंदबाजों ने बांग्लादेश को महज 80 रन पर रोक दिया था. 'प्लेयर ऑफ द मैच' रेणुका को स्पिनर राधा यादव (14 रन पर तीन विकेट) का शानदार साथ मिला. रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट चटकाये.

### खास बातें

- प्लेअर ऑफ द मैच चुनी गयीं गेंदबाज रेणुका सिंह
- राधा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर नचाया

## टी20 क्रिकेट : श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया, तीन टी20 मैच की शृंखला का आज होगा शुभारंभ

# सूर्यकुमार-गंभीर के नए युग में दबदबा बरकरार रखने के लिए उतरेगा भारत

भाषा। पालेकल (श्रीलंका)

गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी. दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे. गंभीर आईपीएल में कप्तान और मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में काफी सफल रहे हैं. वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे, जिनके कोच रहते हुए भारत ने



अच्छी सफलताएं हासिल की थी. द्रविड़ के मुख्य कोच रहते हुए भारत ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में तीनों प्रारूप के फाइनल में जगह बनाई तथा गंभीर को अब इन सफलताओं को नए मुकाम पर पहुंचाना होगा. सूर्यकुमार को कप्तान बनाना थोड़ा हैरानी भरा फैसला रहा क्योंकि रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद हार्दिक पंड्या को इस पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा था. चयन समिति ने सूर्यकुमार के कप्तान के रूप में कम अनुभव को नजरअंदाज करके उन्हें टीम की कमान सौंपी है. अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा और चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है.

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज.

**श्रीलंका:** दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालगे.

मैच का समय : शाम 7:00 बजे से

भारतीय टीम में यह बदलाव पिछले महीने विश्व कप जीतने तथा रोहित, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है. भारतीय टीम जब परिवर्तन के दौर से गुजर रही है तब सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान शुभमन गिल इसे अपनी जगह पक्की करने के अवसर के रूप में देख रहे होंगे. केवल वही नहीं यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और यहां तक कि रियान पराग जैसे अन्य खिलाड़ी भी ऐसा करना चाहेंगे. अक्षर पटेल टीम में जडेजा की जगह लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. उनके अलावा भारत के पास हार्दिक, शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर के रूप में अच्छे ऑलराउंडर भी मौजूद हैं.

# मुझे नेतृत्व करना अच्छा लगता है : सूर्यकुमार

- मैंने अलग-अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा है

भाषा। पालेकल (श्रीलंका)

भारतीय टी20 टीम के नवनियुक्त कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने मैदान पर नेतृत्व करने का पूरा लुत्फ उठाया है और पिछले कई वर्षों में अलग-अलग कप्तानों की अगुवाई में खेलते हुए उन्होंने काफी कुछ सीखा है. भारतीय टीम के विश्व चैंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था. इसके बाद उनकी जगह सूर्यकुमार को कप्तान ने किया गया. उन्हें हार्दिक पंड्या पर प्राथमिकता दी गई, जिन्हें पहले टी20 टीम की कप्तानी का दावेदार माना जा रहा था.



सूर्यकुमार कप्तान के रूप में अपनी शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला से करेंगे. मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने बीसीसीआई टीवी से कहां, भले ही मैं कप्तान नहीं था लेकिन मैंने हमेशा मैदान पर नेतृत्वकर्ता की भूमिका का लुत्फ उठाया है. मैंने हमेशा अलग-अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा है. यह अच्छा एहसास और बड़ी जिम्मेदारी है.

# राजद के बिहार विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह की सदस्यता रद्द

## विधानमंडल सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन के अंदर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मिमिक्री की थी

संवाददाता । पटना

बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह को भारी पड़ गया. इसके चलते एमएलसी सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद से सदस्यता रद्द कर दी गई है. इससे पहले गुरुवार को विधान परिषद की आचार समिति ने उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर दी थी और अब शुक्रवार को इसकी घोषणा कर दी गई. समिति ने कहा था कि सुनील कुमार सिंह ने सदन के सदस्य बने रहने की पात्रता खो दी है. समिति ने


सुनील सिंह

अपनी 112 पन्नों की रिपोर्ट दी है.

विधानमंडल सत्र के चौथे दिन गुरुवार को राजद विधान परिषद सदस्य सुनील कुमार सिंह ने सदन के अंदर नीतीश कुमार की मिमिक्री की थी. इस दौरान उनके साथ उनकी पार्टी के एक और एमएलसी कारी सोहैब भी साथ थे. ऐसे में दोनों के इस आचरण को अनुचित मानते हुए यह मामला विधान परिषद की आचार समिति के पास भेजा गया था. हालांकि, बाद में कारी सोहैब ने गलती मान ली थी लेकिन सुनील सिंह ने गलती मानने से इंकार कर दिया था.

इसके बाद सुनील सिंह के खिलाफ आचार समिति ने जांच रिपोर्ट तैयार की और उनपर अनुशासनिक कार्रवाई के तहत सदस्यता समाप्त करने की सिफारिश की. समिति का प्रतिवेदन कल ही सदन में रख दिया गया था, जिसपर शुक्रवार को अंतिम मुहर लग गई. राजद ने इस कार्रवाई को अनुचित करार दिया है.

### सुनील सिंह की सदस्यता रद्द होने पर भड़कीं राबड़ी देवी, बोलीं-

## बिहार में सरकार नहीं, तानाशाह की है सरकार

संवाददाता । पटना

राजद एमएलसी सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद की सदस्यता रद्द किए जाने के बाद राबड़ी देवी ने कहा कि बिहार में सरकार नहीं है. तानाशाह की सरकार है. माफिया सरकार है. गुंडा सरकार है. उन्होंने कहा कि यह काला अध्याय है. लोकतंत्र की हत्या हुई है. इतिहास लिखा जाएगा. नई-नई परंपरा और नया-नया कानून ला रहे हैं. राबड़ी ने कहा कि हम लोग तो बिहार की


राबड़ी देवी

जनता के लिए ही ना आवाज उठा रहे थे. कहीं विकास नहीं हो रहा है. ना कोई बहाली हो रही है. बहाली होती है तो एक जाति के लोग रहते हैं. सिर्फ नालंदा जिले की बहाली होती है.

राबड़ी ने कहा कि सुनील कुमार सिंह चिट्ठी लिखते हैं तो उसे रिसीव नहीं किया जाता है. यही सरकार है. माफिया सरकार है. गुंडा सरकार है. बाहुबली की सरकार है. गरीबों की सरकार नहीं है. गरीबों की सरकार आती है तो जंगलराज कहा जाता है. उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए राबड़ी ने कहा कि कुछ दिन ये लोग नहीं थे सरकार में तो कैसे ये लोग वेल में आकर हंगामा करते थे. वेल में आकर दिन-रात ये लोग खड़ा रहते थे. हल्ला करते थे.

### भीषण गर्मी के कारण स्कूल में छात्र की मौत

**मोतिहारी ।** मोतिहारी में भीषण गर्मी के कारण एक छात्र की मौत हो गई है. मृतक कक्षा 6 का छात्र था. वहीं इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. बताया जा रहा है कि छात्र स्कूल गया हुआ था. जहां अचानक इसके सीने में दर्द हुई जिसके बाद आनन-फानन में छात्र को अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. हालांकि छात्र के मौत का कारण क्या है इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. दरअसल, पूरा मामला अरेराज बीआरसी के पास स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का है. मृतक का नाम रवि बताया जा रहा है. बताया जा रहा है कि छात्र के सीने में अचानक दर्द शुरू हुई. जिसके बाद छात्र को प्रभारी एचएम ने निजी अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## ब्रीफ खबरें

### काजल हत्याकांड में जेबा व देवर दोषी करार

**भागलपुर ।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोगलपुरा में बीते 19 जुलाई 2021 तीन साल पूर्व हुई बहुचर्चित गर्भवती काजल हत्याकांड में कोर्ट ने शुक्रवार को जेबा खान और उसके देवर इंतेसार को दोषी करार दिया गया है. सुदेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने फैसला सुनाया है. 3 साल पहले शहर में यह घटना चर्चा का विषय बन गई थी. दोषी पाए गए जेबा खान और उसके देवर को मामले में सजा की बिंदु पर आगामी 29 जुलाई को सुनवाई की जायेगी.

### श्रीराम सॉल्यूशंस ने पौध पोषण उत्पाद लॉन्च किए

**पटना ।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस ने पटना के होटल मौर्या में अपने नवीनतम फसल सुरक्षा और विशेष पौध पोषण उत्पादों का अनावरण किया. लॉन्च कार्यक्रम में 150 से अधिक वितरकों और 5000 से अधिक ऑनलाइन दर्शकों ने इन अत्याधुनिक समाधानों की शुरूआत को देखने के लिए भाग लिया. कंपनी ने तीन नए उत्पादों, श्रीराम सैशो, श्रीराम क्रोन और श्रीराम ट्रेक्स्टर के साथ अपने कीटनाशक पोर्टफोलियो का विस्तार किया. कार्यकारी निदेशक संजय छाबड़ा ने कहा, ये नए उत्पाद लॉन्च उत्पादकों को उनकी बदलती जरूरतों को पूरा करेगी.

### एक साथ मिले छोटे-बड़े करीब 30 कोबरा सांप

**सुपौल ।** इंसान कोई एक सांप देख लेता है तो उसकी हालत खराब हो जाती है, लेकिन सोचिए कि किसी घर से एक साथ करीब 30 कोबरा सांप मिल जाए तो घर वालों की हालत क्या होगी. सुपौल में कुछ ऐसा ही हुआ है. जब घर से छोटे-बड़े 30 कोबरा सांप मिले तो देखकर सभी दंग रह गए. मामला सुपौल के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सिमराही के वार्ड नंबर 6 के एक घर का है. बीते बुधवार को घर से लगभग 30 कोबरा सांप जब मिला तो हड़कंप मच गया. बताया जा रहा है कि प्रमिला चौधरी के घर से बुधवार की सुबह कुछ कोबरा सांप के बच्चे निकले.



### पूर्णिया : चार की संख्या में पहुंचे थे बदमाश

# दिनदहाड़े तनिष्क शो रूम में करोड़ों की लूट

संवाददाता । पूर्णिया

पूर्णिया के तनिष्क शो-रूम में शुक्रवार को दिनदहाड़े लूट हुई है. बताया जाता है कि चार हथियारबंद लुटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया है. सबसे ज्यादा करोड़ों रुपये की हीरे की लूट हुई है. वहीं अपराधियों के भागने के क्रम में सड़क पर उनकी पिस्टल गिरी मिली है. पूर्णिया एसपी उपेंद्र वर्मा इस समय शटर गिरकर तनिष्क के अंदर की जांच कर रहे हैं. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है. पुलिस ने आस-पास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर दी है और संदिग्धों की तलाश जारी है. पुलिस के अनुसार, लूट की यह घटना बहुत ही संगठित तरीके से की गई है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है. बताया गया है कि सभी लुटेरे 24-25 साल की उम्र के हैं, जिनके चेहरे खुले हुए थे, इस वजह से पुलिस को इनकी पहचान करने में आसानी होगी.

**10 दिनों से हीरे का एग्जीबिशन चल रहा था**

तनिष्क शोरूम पूर्णिया के लाइन बाजार में स्थित है, जो खजांची हाट सहायक थाना के अंतर्गत आता है, तनिष्क में पिछले 10 दिनों से हीरे का एग्जीबिशन चल रहा था, शोरूम के स्टाफ से जानकारी मिली है कि सबसे ज्यादा मात्रा में डायमंड की लूट हुई है. जिसकी वैल्यू करोड़ों में होगी. वहीं पुलिस भी गहनता से पूरे मामले की जांच में जुटी है. शहर में दिनदहाड़े इतनी बड़ी लूट लोगों के लिए चर्चा का विषय बनी हुई है. घटना दोपहर के 12 बजे के करीब हुई है. घटना को अंजाम देने के बाद चारों अपराधी बाइक से फोर्ड कंपनी की ओर भाग निकले.

### पटना में विवाहिता को पीट-पीटकर मार डाला

संवाददाता । पटना

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के चंडासी गांव में घर में घुसकर एक विवाहित महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. वहीं पुलिस पहुंची तो देखी कि महिला का ससुर भी घायल है और पति मामूली रूप से घायल है केवल उसके शरीर पर खरोंच है. इस पूरे मामले में मृतक महिला के मायके वालों ने पति, ससुर, सास समेत अन्य पर मारपीट कर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया है. मायके वालों का कहना है कि 2 साल पहले ही शादी हुई थी. शादी के बाद से दहेज में फॉर्च्यूनर की डिमांड नहीं पूरा होने पर मारपीट किया जाता था. विवाद बढ़ने पर वह मायके चली आई थी. दो माह पहले ही निर्माणाधीन मकान में मायके वाले उसे पहुंचा दिए थे जहां ससुराल के अन्य लोग कभी नहीं आते थे. वह पति और ससुराल वालों से अलग निर्माणाधीन मकान में अकेले रहती थी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम के साथ मायके वालों की बक झक भी हुई. वहीं पुलिस मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित करने में जुट गई है. पुलिस इस मामले में विवाहित महिला की हत्या मानकर जांच कर रही है हालांकि हत्या अपराधियों द्वारा की गई या ससुराल वालों के द्वारा यह जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा.

### भाजपा के नवनियुक्त बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा

## रिकॉर्ड सीटों से जीतेंगे आगामी विस चुनाव

संवाददाता । पटना

भाजपा के नवनियुक्त बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वो इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हैं. आगामी 2025 के बिहार चुनाव में हम रिकार्ड सीट के साथ चुनाव जीतने वाले हैं.

मूलतः सीमांचल के जिले किशनगंज से आने वाले दिलीप जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सम्राट चौधरी हमारे नेता हैं. वो हमारे उप मुख्यमंत्री हैं. उनके



नेतृत्व में भाजपा ने बहुत अच्छा काम किया. आगे मुझे काम करने का मौका मिला है. हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे. मैं चाहता हूं कि बिहार के विकास के लिए अलग-अलग पार्टी नहीं रहकर, बल्कि सब मिलकर एक साथ काम करें और बिहार को आगे बढ़ाएं. हमारा लक्ष्य स्पष्ट है. जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने हमेशा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया है. पार्टी ने मुझे जैसे कार्यकर्ता पर विश्वास किया, इसके लिए हम सबके आभारी हैं. आने वाले विधानसभा 2025 चुनाव के लिए संगठन में बेहतर काम करने का मौका मिला है. इस पर हम खरा उतरने की कोशिश करेंगे. विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी संगठन पूरी तरह तैयार है. हम रिकार्ड सीट के साथ 2025 का विधानसभा चुनाव जीतनेवाले हैं.

## बांका में कांवड़िया की चाकू मारकर हत्या, मचा हड़कंप

संवाददाता । बांका

बांका में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान बीते गुरुवार की रात बदमाशों ने करीब 9 बजे कटोरिया थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग स्थित छपरहिया धर्मशाला के पास एक कांवरिया को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. बताया जाता है कि सुनसान रास्ते पर अज्ञात अपराधी उससे लूटपाट कर रहे थे. जिसका विरोध करने पर कांवरिया पर चाकू से हमला कर दिया गया. मृतक की पहचान धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहरा ग्राम निवासी विकास मंडल का 22 वर्षीय पुत्र आशीष मंडल के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि आशीष मंडल अपने 13 सहयोगियों के साथ बाबा के दरबार जा रहा था, इसी बीच रात में छपरहिया धर्मशाला के समीप सभी साथी भोजन बनाने के लिए रुके हुए थे. एसडीपीओ राजकिशोर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रही है.

### शेरघाटी कोर्ट फायरिंग

### नाबालिग सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया

**गया ।** शेरघाटी कोर्ट परिसर में फायरिंग की घटना करने के मामले में शामिल एक अपराधी शाहबाज खान और एक विधि विरुद्ध बालक को एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, 9 जिंदा कारतूस और एक खोखा के साथ गिरफ्तार किया है. इस घटना में प्रयोग किए गए बाइक और मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है. एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि 24 जुलाई को शेरघाटी कोर्ट परिसर में पेशी में आए कैदी फोटो खान को गोली मारने के उद्देश्य से अपराधियों ने फायरिंग की घटना की गई थी.

## कारोबार

### नेस्ले इंडिया का मुनाफा 6.9 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं की कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 6.9 प्रतिशत बढ़कर 746.60 करोड़ रुपये हो गया. नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी का पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 698.34 करोड़ रुपये रहा था. समीक्षाधीन तिमाही में नेस्ले इंडिया की उत्पादों की बिक्री से आय 3.75 प्रतिशत बढ़कर 4,792.97 करोड़ रुपये हो गई. पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 4,619.50 करोड़ रुपये थी.

### एकम्स का आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड का 1,857 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 30 जुलाई को खुलेगा. कंपनी बयान के अनुसार, आईपीओ के लिए 646-679 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है. यह 30 जुलाई का खुलेगा और एक अगस्त को बंद होगा. एंकर (बड़े) निवेशक 29 जुलाई को बोली लगा पाएंगे. बयान में कहा गया, आईपीओ में 680 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और 1,177 करोड़ रुपये मूल्य के 1.73 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है.

### चाय उद्योग का परिदृश्य सकारात्मक रहेगा

**कोलकाता ।** चाय विनिर्माता कंपनी धुनसेरी टी एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को घरेलू मांग बढ़ने से चाय उद्योग का परिदृश्य सकारात्मक रहने की उम्मीद है. कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा, बढ़ती विनिर्माण लागत ने मुनाफे पर दबाव डाला है और असंगठित क्षेत्र से अनुचित प्रतिस्पर्धा के कारण उद्योग को कठिन दौर का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में उद्योग को अधिकारियों से प्रभावी प्रोत्साहन की उम्मीद है. कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में 60.73 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था. प्रबंधन ने कहा कि चाय उद्योग को मौसम संबंधी अनिश्चितताओं, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा असंगठित क्षेत्र से अनुचित प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.



सरकार से मांगी सहायता

## टाटा सोलर, रिन्यू, अवाडा इलेक्ट्रो ने चीनी पेशेवरों के लिए मांगा वीजा

एजेंसी । नयी दिल्ली

टाटा पावर सोलर, रिन्यू फोटोवोल्टिक और अवाडा इलेक्ट्रो जैसी भारतीय सौर मॉड्यूल विनिर्माता कंपनियों ने चीनी इंजीनियर और तकनीशियन के लिए वीजा आवेदन को मंजूरी देने के लिए सरकार से संपर्क किया है. मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि जनवरी से अभी तक तीन कंपनियों ने अपने सौर मॉड्यूल विनिर्माण में सहायता के लिए चीन के 36 पेशेवरों के लिए 'बिजनेस वीजा' दिलाने के लिए सरकार से सहायता मांगी है. उन्होंने बताया कि टाटा पावर सोलर लिमिटेड ने 2024 में चीनी इंजीनियर द्वारा दायर 20 वीजा आवेदनों के लिए मंजूरी मांगी, रिन्यू पावर ने नौ चीनी इंजीनियर के लिए वीजा का अनुरोध किया और अवाडा इलेक्ट्रो ने देश भर में जारी अपनी परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण सात पेशेवर के लिए वीजा आवेदन दिए हैं. इस संबंध में टाटा पावर सोलर, रिन्यू और अवाडा को भेजे गए ई-मेल का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है. भारत ने 2030 तक सूर्य की रोशनी और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है. वह उच्च-स्तरीय उपकरणों तथा प्रौद्योगिकी के लिए चीन से आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, जो सौर पैनल का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक तथा निर्यातक है. हालांकि, कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद से और सीमा पर जारी तनाव के बीच भारत में चीनी कर्मियों के प्रवेश पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों से परियोजनाओं के तय समय सीमा पर पूरा होने में संदेह है.

### बजट के बाद खुदरा निवेशकों में खुशी की लहर

# सोने की कीमतों में 5,000 रु. प्रति 10 ग्राम की गिरावट

एजेंसी । नयी दिल्ली

सरकार के सोने पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में सात प्रतिशत या 5,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तीव्र गिरावट आई है. विशेषज्ञों का कहना है कि कम लागत से अधिक लोग जिंस और वित्तीय परिसंपत्ति दोनों के रूप में सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे. विश्लेषकों ने कहा कि सीमा शुल्क में कटौती से सोने का आयात सस्ता हो गया है. इस कदम से सोने की तस्करी पर लगाम लगेगी और संगठित आभूषण क्षेत्र में वृद्धि होगी.

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सोने की कीमतों पर मूल सीमा शुल्क में कटौती से यह पीली धातु सस्ती हुई है. हालांकि, अचानक हुए



बदलाव से बाजार की धारणा कमजोर हो सकती है, लेकिन खुदरा निवेशकों को सोने की नई और अधिक आकर्षक कीमतों से लाभ होगा. यूनिमोनी फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक एवं सीईओ कृष्णन आर. ने कहा कि कम लागत से अधिक लोग सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे..एक वस्तु के रूप में और एक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में, जिसे अक्सर मुद्रास्फीति तथा मुद्रा अवमूल्यन से निपटने के लिए बचाव के रूप में देखा जाता है.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में सोने तथा चांदी पर मूल सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा के बाद मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 3,350 रुपये की गिरावट के साथ 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई थी. अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोने की कीमतों में बुधवार को गिरावट जारी रही और यह 650 रुपये और सस्ता हो गया. गुरुवार को सोने की कीमतों में फिर से भारी गिरावट आई और यह 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया. शुल्क कटौती के बाद पिछले तीन सत्रों में सोने की कीमत में 5,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या 7.1 प्रतिशत की गिरावट आई है. 23 जुलाई को इसकी कीमत 3,350 रुपये घटकर 72,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई थी.

पीसी ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक बलराम गर्ग ने पीटीआई-भाषा से कहा, मूल सीमा शुल्क में कटौती से घरेलू बाजारों में आभूषणों की मांग में तेजी आई है.

## शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1300 अंक उछला

**मुंबई ।** कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली. ग्लोबल संकेत मिले-जुले होने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार का तेज ओपनिंग के बाद शानदार क्लोजिंग रहा. सेंसेक्स में 1300 से ज्यादा अंकों की तेजी दर्ज की गई. जबकि निफ्टी में दमदार 440 अंकों का उछाल आया. शुक्रवार को सेंसेक्स 80,158.50 अंक पर खुला था और कारोबार के अंत में 1,347.36 अंक चढ़कर 81,387.16 पर बंद हुआ. जबकि निफ्टी 24,423.35 अंक पर खुला और आखिर में 443 अंक चढ़कर 24,849.60 अंक पर बंद हुआ. अगर तेजी की बात करें तो टेलिकॉम कंपनियों के शेयरों में अच्छी खासी-तेजी देखी गई.


एमओयू करते दोनों अधिकारी.

### सराहनीय कदम | टीआईई सिलिकॉन वैली की अध्यक्ष अनीता मनवानी ने कहा

# स्टार्टअप परिवेश को बढ़ावा देने के लिए एंजल कर हटाना सही

एजेंसी । वाशिंगटन

भारतीय सरकार के केंद्रीय बजट 2024-25 में एंजल कर हटाने के प्रस्ताव का सिलिकॉन वैली के शीर्ष उद्यमियों तथा उद्यम समूहों ने स्वागत किया है. टीआईई सिलिकॉन वैली की अध्यक्ष अनीता मनवानी ने कहा, मुझे लगता है कि (एंजेल कर हटाना) निश्चित रूप से एक बेहतरीन कदम है.

वित्त मंत्री (निर्मला) सीतारमण से कभी कम की उम्मीद नहीं की जा सकती...वह हमेशा इस बात पर गौर करती हैं कि देश के लिए क्या महत्वपूर्ण है, वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए क्या जरूरी है. एंजल कर (30 प्रतिशत से अधिक की दर से




आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई गई धनराशि पर लगाती है, यदि उनका मूल्यांकन कंपनी के उचित बाजार मूल्य से अधिक है. एंजल कर समाप्त करने का कई अन्य व्यापार और व्यवसाय वकालत समूहों द्वारा भी स्वागत किया गया है.

यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम ने कहा कि सभी निवेशक वर्गों के लिए एंजल कर हटाना एक ऐतिहासिक सुधार है जो भारत के स्टार्टअप परिवेश को लाभ पहुंचाएगा. यह महत्वपूर्ण सुधार घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय दोनों स्रोतों से स्टार्टअप कोष को बढ़ावा देगा. यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल ने कहा, एंजल कर को समाप्त करने से द्विपक्षीय प्रौद्योगिकी सहयोग और नवाचार के समक्ष आने वाली बाधा दूर होगी.

यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष करुण ऋषि ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, एंजल कर हटाना भारत में स्टार्टअप परिवश के लिए एक ऐतिहासिक फैसला है. यह एक बेहद जरूरी सुधार है. यह साहसिक कदम भारत में एक अधिक जीवंत स्टार्टअप परिवेश को बढ़ावा देगा, जिससे नवाचार, रोजगार सृजन तथा प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी.

### समुद्री क्षेत्र के लिए बजट प्रस्तावों से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा : एमपीईडीए

**नयी दिल्ली ।** सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाने तथा वित्तपोषण सुविधाओं जैसी समुद्री क्षेत्र के लिए बजट घोषणाओं से देश के जलीय कृषि व समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी. एमपीईडीए ने बात कही. समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अनुसार, बजट में समुद्री उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के मकसद से कई रणनीतिक उपाय शामिल हैं, जिनमें झींगा उत्पादन तथा निर्यात पर विशेष ध्यान दिया गया है.

## अनामुडी ने शोभा में अपने 47.37 लाख शेयर बेच डाले

एजेंसी । नयी दिल्ली

गोदरेज परिवार की कंपनी अनामुडी रियल एस्टेट्स ने बेंगलुरू स्थित शोभा लिमिटेड में अपने 47.37 लाख शेयर बेच दिए हैं. सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने निवेश को मौद्रीकृत करने की अपनी रणनीति के तहत शेयर बाजार में 'ब्लॉक' समझौते के जरिये करीब 860 करोड़ रुपये जुटाए हैं. अनामुडी रियल एस्टेट्स की समझौते से पहले शोभा लिमिटेड में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी थी जिसमें से उसने करीब पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी. सूत्रों के अनुसार, शेयर बाजार पर वैश्विक तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों को करीब 1,810 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 47,37,548 शेयर बेचे गए, जो करीब 860 करोड़ रुपये के बैठते हैं.

### पीरामल फार्मा का शुद्ध घाटा कम हुआ

**नयी दिल्ली ।** पीरामल फार्मा लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 88.64 करोड़ रुपये रह गया. कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही एकीकृत शुद्ध घाटा 98.58 करोड़ रुपये था. पीरामल फार्मा लिमिटेड के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन से समेकित राजस्व 1,951.14 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 1,748.85 करोड़ रुपये था.

**मौसम :** मॉनसून की सक्रियता से राष्ट्रीय राजधानी सहित देश के विभिन्न राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी, रूद्रप्रयाग जिले में पुल बहने से 30 पर्यटक फंसे

# अतिवृष्टि से नदियां उफनाईं, कई इलाके हुए जलमग्न

कर्तव्य पथ भी डूबा



**2000** अधिक लोगों को जलमग्न क्षेत्रों से स्थानांतरित किया गया कोल्हापुर जिले में. पंचगंगा नदी के खतरे के निशान से ऊपर बहने से बिगड़े हालात.

**शुभम संदेश न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

मॉनसून की सक्रियता से राष्ट्रीय राजधानी सहित देश के विभिन्न राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है. इसके कारण कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं आऔर कई इलाके जलमग्न हो गए हैं.

दिल्ली में शुक्रवार सुबह से ही झमाझम बारिश होने से कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया. राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक जाने वाले 'कर्तव्य पथ' पर भी जलजमाव हो गया. वहीं बीते चौबीस घंटे में राजस्थान के बांसवाड़ा, बूंदी, भरतपुर जिले में कहीं-कहीं मूसलाधार बारिश हुई. मौसम केंद्र के अनुसार आगामी एक सप्ताह मानसून सक्रिय रहने तथा अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है. मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटों में करौली, टोंक, सवाईमाधोपुर, जयपुर, झालावाड़, कोटा, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, भरतपुर व नागौर जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा तथा बांसवाड़ा, बूंदी, भरतपुर जिले में कहीं कहीं अति भारी वर्षा दर्ज की गयी है. इस दौरान सबसे अधिक बारिश बांसवाड़ा के केसरपुरा में 157 मिलीमीटर दर्ज की गई है. वहीं दक्षिण गुजरात में भारी वर्षा के कारण कई गांवों में पानी भर जाने के बाद 2,500 से अधिक लोगों को उनके घरों से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया. 24 घंटे के दौरान भारी बारिश होने के बाद नवसारी में कई गांवों और निचले इलाकों से कम से कम 2,200 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया, जबकि पड़ोसी तापी जिले से 500 लोगों को अन्यत्र पहुंचाया गया. नवसारी जिले से गुजरने वाली पूर्णा नदी 28 फुट के स्तर पर बह रही है, जो खतरे के निशान 23 फुट से काफी ऊपर है. ऐसा जिले और इसके ऊपरी बेसिन में 24 घंटे में हुई भारी बारिश के कारण हुआ है.' इसी तरह पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में पंचगंगा नदी के खतरे के निशान से ऊपर बहने के कारण 2,000 से अधिक लोगों को जलमग्न क्षेत्रों से स्थानांतरित किया गया है. शुक्रवार दोपहर राजाराम वियर में पंचगंगा नदी का जलस्तर 45.2 फुट था, जो खतरे के निशान 43 फुट से काफी ऊपर है.

वहीं उत्तराखंड में रूदप्रयाग जिले में मदमहेश्वर पैदल रास्ते पर गोंडार में एक पुल बह गया जिससे वहां 25 से 30 पर्यटक फंस गए. राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुल बहने की सूचना मिलने के बाद गोंडार के पास फंसे लोगों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर की भी मदद ली जा रही है.

सूरत



**2500** से अधिक लोगों को उनके घरों से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया दक्षिण गुजरात में. भारी बरसात के कारण क्षेत्र के कई गांवों व शहरों में पानी भर जाने की खबर है.

### गोवा-कर्नाटक सीमा पर भूस्खलन, पेड़ गिरने से ट्रेन परिचालन प्रभावित

**पणजी।** गोवा-कर्नाटक सीमा पर दूधसागर और सोनौलिम खंड के बीच बृहस्पतिवार देर रात भूस्खलन के कारण दक्षिण पश्चिम रेलवे मार्ग पर पांच ट्रेन का परिचालन प्रभावित हुआ. अधिकारी के मुताबिक, लोंडा और तिनैघाट (कर्नाटक सीमा के किनारे) के बीच एक पेड़ गिरने के बाद ओवरहेड बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के कारण भी मार्ग पर ट्रेन परिचालन रोकना पड़ा. दक्षिण-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मंजूनाथ कनमदी ने बताया कि दोनों घटनाएं बृहस्पतिवार देर रात 12 बजकर 55 मिनट पर दर्ज की गईं और भूस्खलन का मलबा तथा गिरे हुए पेड़ को हटाने के बाद शुक्रवार सुबह छह बजे के आसपास मार्ग पर ट्रेन परिचालन फिर से शुरू हो गया.

## ब्रीफ खबरें

### पापुआ न्यू गिनी में 26 ग्रामीणों की हत्या

**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी के उत्तरी हिस्से में दूर दराज के तीन गांवों में एक गिरोह के हाथों कम से कम 26 लोगों के मारे जाने की खबर है. दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के ईस्ट सेपिक प्रांत के कार्यवाहक प्रांतीय पुलिस कमांडर जेम्स बाउगेन ने शुक्रवार को बताया 'घटना बहुत भयावह थी, जब मैं घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि वहां बच्चे, पुरुष व महिलाओं की लाशें पड़ी थीं. उन्हें 30 युवकों के समूह ने मार डाला.'

### पीटीआई का देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जेल में बंद अपने सभी नेताओं की रिहाई के लिए देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है. प्रशासन ने इस घोषणा के बाद पीटीआई समर्थकों के साथ संभावित टकराव से निपटने को लेकर तैयारी की है. जमात-ए-इस्लामी ने भी बिजली और अन्य वस्तुओं की ऊंची कीमतों के खिलाफ इस्लामाबाद में प्रदर्शन की घोषणा की है.

### श्रीलंका में राष्ट्रपति पद का चुनाव 21 सितंबर को

**कोलंबो।** श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव आगामी 21 सितंबर को होंगे. निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह घोषणा की. इसी के साथ देश में महीनों से जारी इन अटकलों पर विराम लग गया कि निर्वतमान राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे का कार्यकाल बढ़ाने के लिए चुनाव की तारीख आगे खिसका दी जाएगी. चुनाव की घोषणा से पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल समाप्त हो जाएगा.

### भाजपा नेता प्रभात झा का गुरुग्राम में निधन


**भोपाल।** राज्यसभा के पूर्व सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का शुक्रवार सुबह गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमार थे. भाजपा सूत्रों ने बताया कि झा (67) के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं. मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक पत्रकार के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले झा बाद में भाजपा में शामिल हो गए और 2010 में पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बने.

**चिंतनीय :** तोड़फोड़-आगजनी की घटनाओं से ट्रेन परिचालन प्रभावित

# ओलंपिक शुरू होने से पहले फ्रांस में रेल नेटवर्क पर बड़ा हमला

**एजेंसी। पेरिस**





ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को निशाना बनाकर की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से देश तथा यूरोप के विभिन्न हिस्सों से राजधानी पेरिस तक संचालित की जाने वाली ट्रेन सेवा शुक्रवार को प्रभावित हुई. फ्रांसीसी अधिकारियों ने इन हमलों को 'आपराधिक कृत्य' करार दिया. उन्होंने कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं इन हमलों का संबंध ओलंपिक खेलों से तो नहीं. अधिकारियों के मुताबिक, ओलंपिक खेलों के मद्देनजर पूरी दुनिया की नजरें पेरिस पर थीं, ऐसे में इन हमलों से अकेले शुक्रवार को ढाई लाख यात्रियों के प्रभावित होने की आशंका है.

**अधिकारियों ने इन हमलों को 'आपराधिक कृत्य' करार दिया.**

उन्होंने कहा कि रेल लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ट्रेन परिचालन सप्ताहांत और इससे अधिक समय तक प्रभावित रहने की आशंका है. फ्रांस के परिवहन मंत्री पैट्रिस वर्गीते ने बताया कि जिन जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुईं, वहां से लोगों को भागते देखा गया और इन स्थानों पर आग लगाने के लिए इस्तेमाल चीजें भी बरामद की गईं. वर्गीते ने कहा, 'हर चीज इंगित करती है कि ये आपराधिक घटनाएं हैं.' उन्होंने बताया कि इन घटनाओं के कारण पेरिस को फ्रांस के अन्य हिस्सों और पड़ोसी देशों से जोड़ने वाली हाई-स्पीड ट्रेन का परिचालन ठप पड़ गया. इस बीच, फ्रांसीसी मीडिया ने व्यस्त पश्चिमी मार्ग के एक स्टेशन पर भीषण आगजनी की खबर दी है.

### हाई-स्पीड लाइनों पर पटरियों के पास गोलीबारी

फ्रांस के परिवहन मंत्री ने कहा कि ओलंपिक उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पेरिस की यात्रा की योजना बना रहे थे. इसके अलावा छुट्टियां मनाने निकले कई पर्यटकों की भी पेरिस और अन्य जगहों की यात्रा करने की योजना थी. पेरिस में अधिकारी कड़ी सुरक्षा के बीच सीन नदी और इसके किनारे एक शानदार परेड निकालने की तैयारियों में जुटे थे कि तभी अटलांटिक, नॉर्ड और एस्ट में हाई-स्पीड लाइनों पर पटरियों के पास गोलीबारी की सूचना मिली. इन घटनाओं से पेरिस के प्रमुख मॉन्टपर्नासे स्टेशन पर ट्रेन परिचालन खासतौर पर प्रभावित हुआ. पेरिस के पुलिस के प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने बताया कि टीजीवी हाई-स्पीड नेटवर्क पर ट्रेन परिचालन ठप करने के लिए 'बड़े पैमाने पर किए गए हमलों' के बाद पेरिस पुलिस ने 'कर्मियों को पेरिस के रेलवे स्टेशनों की ओर भेज दिया.'

### रेल यात्री ने कहा- यह ओलंपिक की मेजबानी की बहुत घटिया शुरुआत

यूरोप के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक 'गारे डु नॉर्ड' पर कई यात्री शुक्रवार सुबह से ही डिस्प्ले बोर्ड पर नजर टिकाए हुए थे, क्योंकि उत्तरी फ्रांस, बेल्जियम और ब्रिटेन को जाने वाली अधिकतर ट्रेन देरी से चल रही थीं. लंदन की ट्रेन का इंतजार कर रही सारा मोसले नाम की यात्री ने कहा, 'यह ओलंपिक की मेजबानी की बहुत घटिया शुरुआत है.' कोरी ग्रेंगर नाम के एक यात्री ने कहा, 'उनके पास यात्रियों के लिए और अधिक जानकारी होनी चाहिए, खासकर तब, जब यह एक दुर्भावनापूर्ण हमला है.' फ्रांस की राष्ट्रीय रेल कंपनी एसएनसीएफ ने इन घटनाओं को सुनियोजित हमला करार दिया. इसने कहा कि हमलों के कारण इंग्लिश चैनल के रास्ते लंदन, बेल्जियम और पश्चिमी, उत्तरी व पूर्वी फ्रांस तक संचालित की जाने वाली कई ट्रेन का परिचालन ठप पड़ गया. सरकारी अधिकारियों ने पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले हुई इन घटनाओं की निंदा की.

### हुआ व्यापक नुकसान, ट्रेन परिचालन बहाल होने में लगेगा वक्त

खेल मंत्री एमेली औडिया-कास्टेरा ने कहा कि अधिकारी 'यात्रियों और एथलीट पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन कर रहे हैं तथा ओलंपिक खेलों के प्रतिस्पर्धा स्थलों तक सभी प्रतिनिधिमंडलों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने' के लिए प्रतिबद्ध हैं. बीएफएम टेलीविजन से बातचीत में एमेली ने कहा कि खेल भावना के विपरीत खेलना फ्रांस के खिलाफ, अपने ही खेमे के खिलाफ, अपने देश के खिलाफ खेलने जैसा है. उन्होंने यह नहीं बताया कि हमलों के पीछे किसका हाथ होने का अंदेशा है. एसएनसीएफ ने कहा कि उसे नहीं पता कि ट्रेन परिचालन कब बहाल होगा और उसे डर है कि व्यवधान 'कम से कम पूरे सप्ताहांत' जारी रह सकता है. कंपनी ने बताया कि एसएनसीएफ की टीम 'समस्या का पता लगाने और मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए प्रभावित रेल लाइन पर पहुंच गई हैं, लेकिन ट्रेन परिचालन बहाल होने में कम से कम सप्ताहांत तक का समय लग सकता है.' एसएनसीएफ ने यात्रियों को अपनी यात्रा टालने और स्टेशन न जाने की सलाह दी. इसने कहा कि हमलों के कारण जो यात्राएं नहीं की जा सकी हैं, उनके टिकट का पूरा पैसा लौटाया जाएगा.

कांग्रेस नेता के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई 12 अगस्त तक टली

# राहुल गांधी सुल्तानपुर की अदालत में पेश

**कहा-सस्ती लोकप्रियता हासिल करने दायर किया गया मेरे खिलाफ वाद**

**एजेंसी। सुल्तानपुर**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मानहानि के एक मामले में शुक्रवार को सुल्तानपुर की सांसद-विधायक (एमपी/एमएलए) अदालत में पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया. राहुल शुक्रवार सुबह सुल्तानपुर पहुंचे और यहां की सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए. बयान के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने आज तक किसी के खिलाफ कभी भी ऐसा बयान नहीं दिया जिससे मानहानि का कोई मामला बने. अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 12 अगस्त तय की है.

राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि उनके मुवक्किल ने अदालत में विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा के समक्ष कहा कि 'मेरे खिलाफ जो वाद अदालत में दायर किया गया है, वह सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए किया गया है.' शुक्ला ने कहा कि अब आगे की कार्रवाई के लिए अदालत ने 12 अगस्त की तिथि नियत की है. अब वादी के अधिवक्ता की तरफ से साक्ष्य पेश किया जाएगा. राहुल गांधी के शुक्रवार को सुल्तानपुर आने पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उनका स्वागत करने के लिए दीवानी अदालत परिसर में मौजूद रहे. राहुल गांधी ठीक पूर्वाह्न 11 बजे दीवानी अदालत परिसर पहुंचकर अदालत कक्ष संख्या- 15 में विशेष न्यायाधीश के सामने पेश हुए. इस दौरान दीवानी अदालत परिसर में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे. अदालत में बयान दर्ज कराकर राहुल गांधी लौट गए. विशेष न्यायाधीश ने मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए राहुल को 26 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था. भाजपा के स्थानीय नेता विजय मिश्र ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बेंगलुरु में 2018 में भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए चार अगस्त 2018 को मानहानि का मामला दर्ज कराया था. मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी ने न्यायाधीश के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया और साक्ष्य 12 अगस्त को पेश किए जाएंगे.

### मोची से मिले राहुल गांधी, जूते की सिलाई कर जाना काम



अदालत में उपस्थित होने के बाद लखनऊ लौटते समय राहुल गांधी सुल्तानपुर के विधायक नगर में एक मोची की दुकान पर रुके. दुकान में वह मोची के पास बैठे और उससे जूता बनाने और उसकी समस्याओं पर बात की. राहुल गांधी ने राम चेत की दुकान पर करीब 30 मिनट बिताए. इस दौरान उन्होंने उससे काम का तरीका जाना और कमाई पूछी. राहुल ने राम चेत से लेकर एक जूते और चप्पल की सिलाई भी की. रामचेत ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि वह 40 साल से मोची का काम कर रहे हैं. उन्होंने राहुल से कहा कि वह पूंजी से कमजोर हैं, गरीब हैं और उनकी थोड़ी मदद की जाए. उन्होंने बताया कि राहुल ने उनकी दुकान पर जूते सिलने की ट्रेनिंग ली और एक चप्पल और जूते को सिला. उन्होंने बताया कि राहुल ने अपने लिए कुछ नहीं बनवाया. राहुल के जाने के बाद राम चेत की दुकान पर भीड़ उमड़ पड़ी. बता दें किराहुल गांधी लोकसभा चुनाव से पहले से असंगठित मजदूरों से लगातार मिल रहे हैं. उन्होंने राम चेत से पहले ट्रक चालकों, कुली, भोजन घर पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉय, बढ़ई और राजगीरों से भी मुलाकात की थी. उनका कहना है कि इनके लिए योजनाएं होनी चाहिए.

## लोको पायलट व स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बचे 40 स्कूली बच्चे

- चालक ने लाल बत्ती की अनदेखी की, रेलवे फाटक पर फंसी बस

**एजेंसी। नागपुर**

महाराष्ट्र के नागपुर में रेलवे फाटक पर फंसी एक स्कूल बस में सवार 40 बच्चों को लोको पायलट और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से समय रहते बचा लिया गया. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि यह घटना खापरखेड़ा में बृहस्पतिवार को दोपहर करीब चार बजे हुई. उन्होंने बताया कि रेलवे फाटक पार करते समय बस के चालक ने लालबत्ती को अनदेखा किया. उन्होंने कहा कि जब बस रेल पटरी पर पहुंची तो रेल के गुजरने के लिए रेलवे फाटक दोनों ओर से बंद हो चुका था जिससे वाहन वहां फंस गया. इसके बाद वहां अफरातफरी मच गई. स्थानीय लोग जल्द ही पटरी पर एकत्र हो गए और उन्होंने रेल चालक से रेलगाड़ी को रोकने का संकेत दिया. अधिकारी ने बताया कि पटरी पर बहुत सारे लोगों को एकत्र होता देखा लोको पायलट को लगा कि कुछ गड़बड़ है, इसलिए उसने ब्रेक लगाए और रेलगाड़ी को रेलवे फाटक से पहले ही रोक दिया. दस मिनट के भीतर स्थिति को संभाल लिया गया और बस सुरक्षित रूप से दूसरी ओर पहुंच गई.

### भाजपा कांशीराम को सरकार से तुरंत 'भारत रत्न' दिलवाए : मायावती

**लखनऊ।** बसपा की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को भाजपा पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि कांशीराम जी को 'भारत रत्न' की उपाधि देने की मांग करने की बजाय भाजपा केंद्र की अपनी सरकार से उन्हें तुरंत यह सम्मान दिलवाए. मायावती ने केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश जैसी विशाल आबादी वाले गरीब व पिछड़े राज्य पर बजट में समुचित ध्यान नहीं देने को लेकर भी सवाल उठाया. बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर अपने एक संदेश में कहा, 'उप्र भाजपा के एक दलित सांसद, कांशीराम जी को भारत रत्न की उपाधि देने की मांग करने की बजाय अपनी केंद्र सरकार से उन्हें तुरंत यह सम्मान दिलवाये.

**संबोधन** संगठन के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाना हमारी प्राथमिकता : जयशंकर

# आसियान भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति व हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का आधार

**एजेंसी। वियनतियान (लाओस)**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को भारत की प्राथमिकता बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह 10 सदस्यीय प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है.

जयशंकर आसियान की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं. उन्होंने आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत आसियान और ईएएस (पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन) मंचों को जो प्राथमिकता देता है, वह पिछले साल नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जकार्ता की यात्रा किए जाने से स्पष्ट है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 12 सूत्री योजना की घोषणा की थी, जिस पर बड़े पैमाने पर अमल किया गया है. जयशंकर ने कहा, 'भारत के लिए आसियान उसकी 'एक्ट इंडिया' नीति और उसके हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है.' उन्होंने कहा, 'आसियान के साथ वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग और लोगों के बीच संपर्क सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम विस्तार देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं.' जयशंकर ने कहा कि यह देखना उत्साहवर्धक है कि भारत-आसियान साझेदारी हर बीतते दिन के साथ और नए आयाम प्राप्त कर रही है. उन्होंने बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए अपने सिंगापुरी समकक्ष विवियन बालाकृष्णन को धन्यवाद दिया. उन्होंने बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में तिमोर-लेस्ते के मंत्री बेंडिटो फ्रीटास का भी स्वागत किया. जयशंकर ने कहा, 'पिछले वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की थी कि हम दिल्ली में दूतावास खोलेंगे. हम शीघ्र ही ऐसा करने जा रहे हैं और वास्तव में, वहां उच्चस्तरीय यात्राएं भी करेंगे.'

### विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ब्रुनेई और न्यूजीलैंड के अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं और शिक्षा और कृषि प्रौद्योगिकी सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. जयशंकर दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की राजधानी में हैं. उन्होंने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष और देश के उप प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स के साथ द्विपक्षीय बैठक की. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स से मिलकर मुझे हमेशा खुशी होती है. शिक्षा, कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशांत द्वीप समूह और क्रिकेट पर चर्चा हुई." जयशंकर ने ब्रुनेई के अपने समकक्ष दातो हाजी एरीवान के साथ भी बैठक की. दोनों नेताओं ने भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'लोगो' लॉन्च किया. उन्होंने लाओस के गृह मंत्री विलायवो एनजी बौड्डखम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मलाइथोंग कोमासिथ, विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष सन्या प्रसुथ और विशेष दूत अलौकियो किट्टीखौन से भी मुलाकात की.

## द. अफ्रीका में पहली बार कोई महिला प्रधान न्यायाधीश बनीं

- राष्ट्रपति ने कहा- मंडिसा माया की नियुक्ति 'देश के लिए मील का पत्थर साबित होगी

**एजेंसी। केपटाउन**



दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है. दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वर्तमान उप प्रधान न्यायाधीश मंडिसा माया को बृहस्पतिवार को देश की प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया. दक्षिण अफ्रीका की प्रधान न्यायाधीश के पद पर माया का कार्यकाल एक सितंबर से प्रारंभ होगा. वह मौजूदा प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो के सेवानिवृत्त होने के बाद उनका स्थान लेंगी. देश के शीर्ष 'संवैधानिक न्यायालय' में पदोन्नति से पहले 60 वर्षीय माया दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी अदालत 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ अपील' में 'जज प्रेसिडेंट' के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं. वह 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ अपील' की न्यायाधीश नियुक्त होने वाली पहली अश्वेत महिला थीं तथा उस अदालत की उप-अध्यक्ष और फिर अध्यक्ष नियुक्त होने वाली पहली महिला थीं. रामाफोसा ने एक बयान में कहा कि आयोग ने उनके नाम की सिफारिश की है और कहा है कि उनकी नियुक्ति 'देश के लिए मील का पत्थर साबित होगी.'

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)